जबलपुर, गुरुवार 23 जनवरी 2025 ■ माघ मास कृष्ण पक्ष -09 ■ वर्ष : 19, अंक : 259 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 * मौसम अधि. 30 न्यून.12 haribhoomi.com




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


*मुख्यमंत्री आज भोपाल के सबसे बड़े नव निर्मित जीजी फ्लाईओवर का करेंगे उद्घाटन*

## 154 करोड़ रुपए की लागत से बना है करीब 3 किमी लंबा पुल

*यह मैदा मिल मार्ग को विद्या नगर, शक्ति नगर, कस्तूरबा नगर, साकेत नगर, दानिश नगर, आशिमा मॉल और एम्स जैसे प्रमुख रिहायशी और वाणिज्यिक क्षेत्रों से जोड़ेगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 23 जनवरी को गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर (जीजी) के बीच 154 करोड़ रु. की लागत से नव-निर्मित भोपाल के सबसे बड़े फ्लाईओवर का उद्घाटन करेंगे। यह फ्लाईओवर शहर के यातायात प्रबंधन में महती सुधार लाने में सहायक होगा। साथ ही यात्रियों को राहत प्रदान करेगा।

### ब्रिज में डायल गेज यान भार मापने की घड़ी लगाई

गायत्री मंदिर तक 2900 मीटर लंबे इस फ्लाईओवर को शुरू करने से पहले इसकी भार वहन क्षमता जांची गई। ब्रिज की टेस्टिंग में रेत की बोरियों के तौर पर 200 टन भार डालकर जांच की गई।

## मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला



*सरकारी कर्मचारियों के बाद किसानों के लिए खुशखबरी*

# जूट का नया एमएसपी 5650 रु. प्रति क्विंटल यह पिछले वर्ष के मुकाबले 315 रुपए अधिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा की है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि 2025-26 सत्र के लिए जूट का नया एमएसपी 5650 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह वृद्धि पिछले वर्ष के मुकाबले 315 रुपए अधिक है।

**कच्चे जूट के एमएसपी में वृद्धि से न केवल किसानों को लाभ होगा बल्कि यह निर्णय जूट उद्योग को भी प्रोत्साहन देगा**



**जूट की खेती लगभग 40 लाख किसानों की आजीविका का स्रोत है और इसमें करीब 4 लाख लोग जूट मिलों और अन्य संबंधित कार्यों में काम करते हैं**

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को भी 2025-26 तक बढ़ाने की घोषणा

मोदी सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को भी 2025-26 तक बढ़ाने की घोषणा की है। इस मिशन के तहत 1.72 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्रों की स्थापना और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत 4.5 लाख से अधिक लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान की गई हैं। केंद्र सरकार यह कदम स्वास्थ्य सेवा को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मिशन ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। गोयल ने बताया कि 2021 और 2022 के बीच लगभग 12 लाख स्वास्थ्य कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में शामिल हुए और भारत ने इस मिशन के तहत कोविड-19 महामारी से लड़ाई लड़ी।









*पुणे में सीधा संवाद : उद्योगपतियों के साथ विभिन्न सत्रों में सीएम डॉ. यादव का ऐलान*

# बड़ा निवेश करने वाले उद्योगपतियों को सरकार पॉलिसी से हटकर रियायत देगी

**भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का न्यौता दिया**



*मुख्यमंत्री अपने एक दिनी दौरे में पुणे पहुंचे थे। इस मौके पर वे उद्योगपतियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि आने वाले पांच साल में मप्र के बजट को बढ़ाकर 7 लाख करोड़ रुपए करेंगे।*

रीजनल इन्वेस्टर कॉन्क्लेव स्थानीय स्तर पर उद्योग लगाने व रोजगार सृजन में एक बड़ा कदम

मप्र सरकार की प्राथमिकता अधिक से अधिक रोजगार देने व निरंतर उसे बढ़ाने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कोई उद्योगपति यदि कोई बड़ा निवेश करता है, तो सरकार उसके लिए नई उद्योग पॉलिसी से अलग हटकर रियायत देगी। राज्य सरकार की प्राथमिकता अधिक से अधिक रोजगार देने व निरंतर उसे बढ़ाने की है। उन्होंने कहा कि 24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) भोपाल में होने जा रही है। इसके लिए वे देश-विदेश के उद्योगपतियों को आमंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले वे इंग्लैंड, जर्मनी के साथ ही कोलकाता, मुंबई, कोयंबटूर जैसे शहरों में जाकर जीआईएस के लिए उद्योगपतियों को आमंत्रित कर आए हैं।

### उद्योग फ्रेंडली नीतियां, उपलब्ध सुविधाओं से हुआ औद्योगिक विकास

पुणे में इन्वेस्ट मप्र इंटरेक्टिव सत्र में नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विषय पर राघवेंद्र कुमार सिंह ने मप्र में निवेश की अपार संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार निवेशकों के लिए आकर्षक नीतियां और सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिससेयह क्षेत्र आर्थिक और औद्योगिक विकास के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि मप्र देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है।




### यहां विश्वसनीय माहौल और कुशल मानव संसाधन

मप्र की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए उद्योगपतियों ने कहा कि यह राज्य बीमारू श्रेणी से निकलकर एक विकसित राज्य के रूप में उभरा है। मध्यप्रदेश की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एवं ईज ऑफ लिविंग' नीतियां निवेशकों को आकर्षित करती हैं। मप्र में कानून-व्यवस्था बेहतरीन है। आप कभी भी, कहीं भी यात्रा कर सकते हैं। यहां निवेशकों के लिए विश्वसनीय माहौल और कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हैं। राज्य में आपकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्रशासन पूरी तरह तत्पर रहता है।

### रीजनल कॉन्क्लेव से लगभग 4 लाख करोड़ रुपए के आए निवेश प्रस्ताव

राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अब तक 7 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और अन्य संवादों के माध्यम से लगभग 4 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त 970 एकड़ औद्योगिक भूमि आवंटित की गई है। 259 औद्योगिक इकाइयों का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है।

उद्योगपतियों ने रखी अपनी बात

### मप्र निवेश के लिए एक आदर्श स्थान

पिनेकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड पीथमपुर के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सुधीर मेहता ने पुणे में इन्वेस्ट एमपी इंटरेक्टिव सेशन में कहा कि मप्र निवेश के लिए एक आदर्श स्थान है। मैं पिछले 28 साल से मप्र में व्यवसाय कर रहा हूं। पुणे में रहता हूं और इंदौर में भी मेरा घर है।



ट्रेन से टकराकर कुछ यात्री ट्रैक के किनारे गिर गए

*आग की अफवाह से पुष्पक एक्सप्रेस से यात्रियों ने दूसरे ट्रैक पर लगाई छलांग*

# 12 यात्रियों के ऊपर से धड़धड़ाते हुए गुजर गई कर्नाटक एक्सप्रेस

महाराष्ट्र के जलगांव के परांडा रेलवे स्टेशन की घटना | जहां घटना हुई उस जगह पर शार्प टर्न था

एजेंसी ▶▶ जलगांव

महाराष्ट्र के जलगांव के परांडा रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादसा हो गया है। पुष्पक एक्सप्रेस के यात्रियों को कर्नाटक एक्सप्रेस ने कुचल दिया। दरअसल, पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई थी, इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया और उन्होंने आनन-फानन में ट्रेन से छलांग लगा दी। उसी समय कर्नाटक एक्सप्रेस विपरीत दिशा से आ रही थी। लिहाजा, पुष्पक एक्सप्रेस के कई यात्री कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस भीषण हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई है।

### ट्रेन के पहियों से धुआं निकलने पर फैली अफवाह

पुष्पक एक्सप्रेस को उस समय रोका गया था, जब बी4 बोगी के पहियों से धुआं निकलने लगा। इसी बीच ये अफवाह फैल गई कि ट्रेन में आग लग गई है, इसीलिए ट्रेन को रोका गया है। आननफानन में लोग ट्रेन से कूदकर ट्रैक पर आ गए। उसी वक्त मनमाड से चलकर भुसावल की ओर जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस दूसरे ट्रैक से गुजरी और ये हादसा हो गया।

## खबर संक्षेप

### सोना 82 हजार के पार अब तक रिकॉर्ड स्तर पर



**नई दिल्ली।** सोने की कीमतें बुधवार को 630 रुपए बढ़कर 82,730 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। यह सोने का अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। इस तेजी का कारण ग्लोबल मार्केट्स में मजबूती और निवेशकों द्वारा की गई खरीदारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में सोने की कीमतें और बढ़ सकती हैं। 99.5% शुद्धता वाला सोना 82,330 रुपए, वहीं, 99.9% शुद्धता वाला सोना 82,730 रुपए का स्तर छू लिया।

### कोटाः तनाव से दो छात्रों ने कर लिया सुसाइड



**कोटा।** राजस्थान की शिक्षा नगरी कोटा में एक ही दिन में दो स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र में अहमदाबाद निवासी कोचिंग छात्रा ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। छात्रा ने पीजी के कमरे में पंखे से फंदा लगा लिया। पंखे में हैंगिंग डिवाइस नहीं लगा हुआ था। अफ्शा शेख (23) करीब 6 महीने पहले कोटा आई थी। वहीं असम के नागोन शहर का रहने वाले छात्र पराग ने सुसाइड कर लिया। छात्र 2 साल से कोटा में रह रहा था।

*बडोदिया नोनागिर में दलित हत्याकांड मामला*

# मप्र सरकार और सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- निष्पक्ष जांच के लिए केस सीबीआई को सौंपने की मांग

सागर जिले के बडोदिया नोनागिर गांव में दलित परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और मप्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अंजना अहिरवार और उसके भाई व जीजा की हत्या के मामले में सुनवाई हुई।



### परिवार का आरोप- पूर्व मंत्री ने समझौते के लिए दबाव बनाया

याचिकाकर्ता ने मध्य प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री भूपेंद्र सिंह और उनके करीबियों पर हत्या कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके राजनीतिक प्रभाव के कारण निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

*अब महाकुंभ रील्स पर भड़के पं. मिश्रा*

# यहां बस सुंदरी, माला वाली और इंजीनियर ही दिख रहे



**कथा प्रवचन किसी ने नहीं देखा, न दिखाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम प्रमुख प्रसिद्ध शिवमहापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने महाकुंभ की वायरल हो रही रील्स को लेकर नाराजगी जताई है। पंडित मिश्रा ने कहा है कि महाकुंभ में आए संतों का समागम किसी को नहीं दिख रहा है और न ही कोई उसे दिखा रहा है। बस एक सुंदरी, एक माला बेचने वाली और एक इंजीनियर की रील्स दिख रहीं हैं। पंडित मिश्रा ने कहा कि महाकुंभ में संत समागम की रील्स किसी ने नहीं देखी, कितने संत आए ये महाकुंभ की रील्स में कोई नहीं देख रहा।

# अब तक 9.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालु लगा चुके डुबकी

**प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया, पूजा-अर्चना भी की**



## संगम तट पर सीएम योगी ने कैबिनेट के साथ लगाई पवित्र डुबकी

**प्रयागराज।** उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ और पूरी कैबिनेट ने बुधवार को प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई और पूजा-अर्चना की। इस दौरान यूपी कैबिनेट की प्रयागराज में बैठक भी हुई है और कई फैसले लिए गए। साथ ही अपने मंत्रियों के साथ प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। इस मौके पर योगी के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे।

*जेडीयू का 2022 से भाजपा के साथ गठबंधन था*

# मणिपुर में टूटा जेडीयू और भाजपा का नाता, सरकार से वापस लिया समर्थन



**जेडीयू के पीछे हटने से बीरेन सिंह सरकार को कोई खतरा नहीं**

एजेंसी ▶▶ इंफाल

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जेडीयू की राज्य इकाई ने भाजपा नेतृत्व वाली सीएम एन बीरेन सिंह की मणिपुर सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। जेडीयू की राज्य इकाई ने बताया कि उसने अपने फैसले की जानकारी राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को दे दी है। यहां अब जेडीयू के एकमात्र विधायक मोहम्मद अब्दुल नासिर विपक्ष में बैठेंगे।

जेडीयू के यह कदम मणिपुर के राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव के रूप में सामने आया है। जेडीयू का सन 2022 से राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन था। अब जेडीयू ने सत्तारूढ़ सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। मणिपुर में जेडीयू के समर्थन वापसी की घटना कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली एनपीपी द्वारा पिछले साल नवंबर में समर्थन वापस लेने के कुछ ही महीनों के भीतर हुई है। जेडीयू ने इसका कोई कारण नहीं बताया है। उल्लेखनीय है कि साल 2022 में जेडीयू के छह में से पांच विधायकों ने भाजपा के प्रति निष्ठा बदल ली थी, जिससे राज्य में भाजपा की स्थिति और मजबूत हो गई थी।

*विवाह समारोह में अपने में मगन रहने वाले अभिभावकों के लिए यह हादसा बड़ा अलर्ट*

**निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित संस्कार मैरिज गार्डन में हादसा**

# गर्म तेल की कड़ाही में खेलते समय गिरा दो साल का मासूम बच्चा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित संस्कार मैरिज गार्डन में गर्म तेल की कड़ाही में गिरने से दो साल का बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया। घटना सोमवार रात करीब 11 बजे के आसपास की है। गंभीर रूप से झुलसे मासूम को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान अगले ही दिन मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार शिव नगर छोला निवासी राजेश साहू इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी हैं। उनके दो बेटे थे। बड़ा बेटा आरू 7 साल का है, जबकि छोटा बेटा 2 साल का अक्षांश था। सोमवार को संस्कार मैरिज गार्डन में उनके रिश्तेदार की सगाई थी। वे परिवार के साथ सगाई में शामिल होने गए थे। रात करीब 11 बजे परिवार के सभी लोग खाना खा रहे थे। इस बीच अक्षांश खेलते हुए मैरिज गार्डन में किचन में रखी गर्म तेल की कड़ाही तक पहुंच गया और गर्म तेल में गिर गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे कढ़ाई से बाहर निकाला। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। अक्षांश को पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां मंगलवार सुबह इलाज के दौरान अक्षांश की मौत हो गई।

**सगाई कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा था परिवार**

**पचास फीसदी जलने के कारण अस्पताल में मौत**



### गर्दन के नीचे पचास फीसदी जल गया था मासूम

कड़ाही में गिरने के बाद तत्काल उसे बाहर निकाल लिया गया था, लेकिन तब तक अक्षांश का गले से नीचे का हिस्सा पचास फीसदी तक झुलस गया था। निजी अस्पताल में अक्षांश को मृत घोषित करने के बाद भी परिजन को विश्वास नहीं हो रहा था। वह उसे लेकर चूनाभट्टी स्थित दूसरे अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने बताया कि अक्षांश की मौत हो चुकी है।








# महाकुंभ में योगी कैबिनेट ने लगाई डुबकी, इसके पहले बैठक में किए 5 बड़े ऐलान

# राज्य सरकार करेगी चित्रकूट और प्रयागराज का विस्तार, 7 जिलों को मिलाकर बनेगा धार्मिक क्षेत्र

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ प्रयागराज में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों संग संगम में स्नान किया। सीएम ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए आस्था और भारतीय संस्कृति की महिमा का उल्लेख किया। सीएम योगी ने एक्स में लिखा, महाकुंभ के महासमागम में त्रिवेणी संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी का कल्याण करें। समुख्यमंत्री और मंत्रियों ने पूजा-अर्चना की और प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा हमारे 3 अहम नगर निगम हैं। यहां के लिए बांड जारी करने जा रहे हैं। सरकार चित्रकूट और प्रयागराज को लेकर डेवलप करेगी। गंगा एक्सप्रेसवे को एक्सटेंशन देंगे। इससे पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी। इसके अलावा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 20 के अंतर्गत अभियोजन निदेशालय की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। प्रयागराज, विंध्य और काशी एक्सप्रेसवे के रूप में जाना जाएगा।




### बनेगा फोरलेन ब्रिज

सीएम योगी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड से जोड़ेंगे। इससे प्रयागराज और चित्रकूट क्षेत्र में विकास को रफ्तार मिलेगी। इसके आलावा प्रयागराज से मिर्जापुर, वाराणसी और जौनपुर को जोड़ने के लिए सरकार झूंसी की तरफ एक फोरलेन ब्रिज बनाएगी।

### यमुना में भी बनेगा ब्रिज

योगी ने कहा कि सिग्नेचर ब्रिज के समानानंतर एक और ब्रिज बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि इन सभी इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ सभी को मिलेगा। साथ ही इससे प्रयागराज क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी।

### प्रशिक्षण केंद्र स्थापित होगा

सीएम योगी ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, अविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।



### नए प्रोत्साहनों की घोषणा

## एयरोस्पेस, रक्षा तथा रोजगार नीति को नवीनीकृत करेंगे

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा तथा रोजगार नीति को पांच साल पूरे हो गए हैं। इसे नवीनीकृत किया जाएगा। अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में प्रयागराज नगर निगम, वाराणसी नगर निगम और आगरा नगर निगम हेतु म्युनिसिपल बांड निर्गत करने तथा अवस्थापना विकास निधि से क्रेडिट रेटिंग के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने पर अनुमोदन प्राप्त किए जाने के संबंध में मंजूरी मिली है।

**मेडिकल कॉलेज संचालन को हरी झंडी:** हाथरस, बागपत और कासगंज में भारत सरकार की वायबिलिटी गैप फंडिंग के अंतर्गत पीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज संचालित किए जाने हेतु सफल निविदादाता का चयन किए जाने के संबंध में प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है। महाविद्यालय, बलरामपुर की स्थापना हेतु 166 बेडेड राजकीय संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरण किए जाने व जनपद बलरामपुर में स्थापित किए जा रहे केजीएमयू के सेटेलाइट सेंटर को स्वशासी राज्य चिकित्सा कालेज, बलरामपुर में परिवर्तित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

**62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन और इनोवेशन होगा:** टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश के 62 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उन्नयन, पांच सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्वेंशन, इन्क्यूबेशन एंड ट्रेनिंग की स्थापना किए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास हुआ है।

**निशुल्क स्मार्टफोन वितरण को स्वीकृति:** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना अंतर्गत निशुल्क स्मार्टफोन वितरण हेतु योजनांतर्गत अंतिम बिड अभिलेख के संबंध में प्रस्ताव स्वीकृत है।

**औद्योगिक इकाइयों के लिए प्रस्ताव मंजूर:** उप्र औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के अंतर्गत प्रदेश में मेगा श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों हेतु विशेष सुविधाएं एवं रियायतें अनुमन्य कराए जाने विषयक शासनादेश, मुख्य सचिव द्वारा अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति बैठक में की गई संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रस्ताव को मंजूरी मिली है।

**कंपनियों को सब्सिडी को भी मिली मंजूरी** फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश हेतु प्रोत्साहन नीति में अनुमन्य फ्रंट एंड लैंड सब्सिडी के अंतर्गत मेसर्स अशोक लीलैंड लिमिटेड को आवंटित भूमि के लिए सब्सिडी के भुगतान की स्वीकृति दी।

### सेवादार बनीं सुधा, भक्तों को बांटा महाप्रसाद



महाकुंभ में सुधा मूर्ति ने बुधवार को इस्कॉन शिविर में महाप्रसाद का वितरण किया। उन्हें सेवादार की भूमिका में देखा गया। वह हरे रंग की साड़ी और कंधे पर काला बैग धारण किए हुए दिखाई दीं। वे भोजन काउंटर पर खड़ी होकर भक्तों को महाप्रसाद के रूप में रोटियां बांटीं।

### सपा की पूर्व विधायक ने की योगी की तारीफ



महाकुंभ के आयोजन को लेकर समाजवादी पार्टी की पूर्व विधायक पूजा पाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि महाराज जी (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) के विचार बहुत सुंदर हैं। उनकी अगुवाई में आज हमारा उत्तर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।


### एमटेक बाबा लाखों का पैकेज छोड़ बने वैरागी



महाकुंभ के दौरान देश-विदेश से कई अनोखे साधु-संत नजर आ रहे हैं। एमटेक बाबा पहले एक नामी कंपनी में 40 लाख रुपए सालाना के पैकेज पर काम करते थे। वे नागा संन्यासी बन गए हैं। उनका असली नाम दिगंबर कृष्ण गिरि है।

### पहली बार एनिमेटेड फिल्म की हुई स्क्रीनिंग

**'रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' का प्रदर्शन**



महाकुंभ मेले के इतिहास में पहली बार किसी एनिमेटेड फिल्म का प्रदर्शन किया गया। महाकुंभ मेले में एक ऐतिहासिक पहल के तहत इंडो-जापानी एनिमेटेड फिल्म 'रामायण : द लीजेंड आफ प्रिंस राम' का प्रदर्शन हुआ।

## खबर संक्षेप

### कार से एक करोड़ के गहने कर दिया पार



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत नगर इलाके में दुकान से घर जा रहे ज्वेलर की कार से बदमाशों ने बैग चुरा लिया। बैग में करीब एक करोड़ के गहने थे। बदमाशों ने लालबत्ती पर वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ज्वेलर की शिकायत पर भारत नगर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।

### ताहिर को नहीं मिली अंतरिम जमानत




**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ एकमत नहीं है। दो जजों की पीठ में से एक जस्टिस पंकज मित्तल ने ताहिर हुसैन की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने याचिका को मंजूर कर लिया। अब बड़ी पीठ सि पर फैसला करेगी।

### पत्नी को पीटा, अजन्मे भ्रूण की भी हो गई मौत



**हैदराबाद।** एक शख्स जिसने अपनी पत्नी से सारी उम्र उसका साथ देने का वादा किया था, वो इतना बड़ा हैवान हो गया कि उसकी हत्या के लिए निर्ममता की सारी सीमाएं लांघ डाली। वह गर्भवती पत्नी के पेट में ही बैठ गया और गला दबाकर उसकी जान ले ली। इसके चलते महिला की कोख से भ्रूण ही बाहर आ गया।

### राहुल के खिलाफ टली सुनवाई, 30 को होगी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को सुनवाई टल गई। वकीलों के कार्य बहिष्कार से परिवादी भाजपा नेता से जिरह नहीं हो पाई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने 30 जनवरी की तिथि दी है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी का 'आप' पर बड़ा हमला

# अब केजरीवाल के झूठ और फरेब से ऊब चुकी जनता जवाब दे रही, ये फिर आएंगे, फिर खाएंगे



पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत कई बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि ये 'आप' वाले आजकल नारे बुलवाते हैं कि 'फिर आएंगे, फिर आएंगे'। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आपदा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आपदा वाले रोजाना नई घोषणा कर रहे हैं।

### पीएम मोदी ने कहा दिल्ली वाले 'आप' वालों की आप दा देख लिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पीएम मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय की बात कही। उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि ये 'आप' वाले आजकल नारे बुलवाते हैं कि 'फिर आएंगे, फिर आएंगे'। लेकिन, जनता इन्हें जवाब दे रही है कि 'ये फिर खाएंगे, फिर खाएंगे।' पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली वाले 'आप' वालों की आपदा और उनके झूठ एवं फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आपदा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आपदा वाले अब हर दिन एक नई घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि उनको रोज पराजय की नई-नई खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुए हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नई घोषणा करनी पड़ रही है। लेकिन, अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गई है।

**'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में बोले**

आप पराजय देख रोजाना कर रही घोषणाएं



### झूठ के सहारे 'आप' की गाड़ी नहीं चलेगी

पीएम मोदी ने कहा कि अब दिल्ली में जो 'आप' वाले 'आपदा' लाकर बैठे हैं, उन्हें अपने हिस्से का जो पैसा दिल्ली की गलियों, सीवर सिस्टम बनाने, पार्क बनाने और स्वच्छता के लिए लगाना चाहिए था। लेकिन, इन आपदा वालों ने अपना एक भी दायित्व दिल्ली में निभाया नहीं। झूठ के सहारे इनकी गाड़ी चल जाएगी, ये इसी भरोसे चलते रहे।



### सर्दी कितनी हो सुबह से ही मतदान करें

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की जीत पक्की करने के लिए दिल्ली की जनता पक्के निर्णय के साथ निकल पड़ी है। साथियो, आपको 5 फरवरी को दिल्ली के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पोलिंग बूथ तक पहुंचाना है। ठंड कितनी ही क्यों न हो, हमें सुबह से ही मतदान की तीव्रता को बढ़ाना है।

### जीत के लिए कार्यकर्ताओं को लक्ष्य तय करने को कहा

पीएम मोदी ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के लिए कार्यकर्ताओं को टारगेट भी दिए। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं है। हर बूथ दो लक्ष्य तय कर सकता है। पहला, मतदान के सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे। पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा। दूसरा, मामूली विजय नहीं। हर बूथ पर भाजपा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट कैसे मिले, इसके लिए बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है, उनकी दुआएं लेनी है।

### 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' भाजपा की जड़ों की ताकत

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा बूथ, सबसे मजबूत' केवल एक कार्यक्रम नहीं है। ये भाजपा की जीवंतता, भाजपा की जड़ों की ताकत और जिन जड़ों से भाजपा का विस्तार हुआ है, उसके मूल में आप सब कार्यकर्ताओं ने जिसे अपना जीवन मंत्र बनाया है, वो है 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत'। दिल्ली के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं की क्या ताकत है, ये किसी से छुपा नहीं है। इस बार आपने दिल्ली के हजारों बूथ जीते, तब जाकर सातों सीटों पर भाजपा विजयी हुई है। मुझे पक्का विश्वास है कि दिल्ली में ये जो संगठन की ताकत है, हर बूथ पर तीन-तीन, चार-चार पीढ़ी के कार्यकर्ता हैं, यही शक्ति इस बार विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड विजय दिलाएगी। मुझे विश्वास है कि अपने-अपने बूथ पर आप जो मेहनत कर रहे हैं, उसके चलते आप भारी विजय प्राप्त करने ही वाले हैं।

### नीतीश ने मोदी को लिखा पत्र

# बुनियादी ढांचे व परियोजनाओं के लिए सहायता की मांग की



◆ चुनावी साल में कहीं कोई खेला तो नहीं!

एजेंसी ▶▶ पटनी

बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और राज्य सरकार ने केंद्र से विकास संबंधी आवश्यकताओं के लिए एक 32 पन्नों का निवेदन पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के लिए सहायता मांगी है, जो राज्य को आर्थिक रूप से समृद्ध बना सकती हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बताया कि बिहार के 26 जिलों में जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलों और पुलियों की आवश्यकता है, विशेष रूप से जहां वार्षिक बाढ़ एक बड़ी समस्या है। इसके समाधान के लिए ऊंचे बांध बनाने की योजना है। यह गंडक, कोसी और कमला नदियों से आने वाली बाढ़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से किया जाएगा।

### वित्तीय सहायता की जरूरत बताई

बिहार ने केंद्र से 90फीसदी केंद्रीय सहायता वाली योजनाओं को मंजूरी देने का अनुरोध किया है, जिसमें गंडक, कोसी और कमला नदियों से बाढ़ नियंत्रण के लिए 13,000 करोड़ की आवश्यकता होगी। डिप्टी सीएम ने केंद्र से अतिरिक्त उधार सीमा की अनुमति देने का भी अनुरोध किया है, जिसमें बिहार के लिए 1 फीसदी जीएसडीपी छूट का सुझाव दिया गया है।

**दरभंगा हवाई अड्डा और सौर ऊर्जा परियोजनाएं:** बिहार सरकार ने दरभंगा हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड करने, राजगीर और भागलपुर में नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के प्रावधान की भी मांग की है। सौर ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार के लिए 50-100एमडब्ल्यू क्षमता वाले सौर पार्क स्थापित करने और समय सीमा को 2028 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है। दरभंगा और सुपौल में फ्लोटिंग सौर संयंत्र स्थापित करने की योजना भी चल रही है।

### पर्यटन और स्थानीय विकास को बढ़ावा

दरभंगा हवाई अड्डे के अपग्रेड और नए हवाई अड्डों के निर्माण से स्थानीय लोगों को लाभ होगा और राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यह पहल राज्य की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगी।

**इसी साल होंगे बिहार विधानसभा चुनाव :** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले केंद्र से विशेष विकास पैकेज की उम्मीद है। राज्य सरकार की इन योजनाओं से बिहार के बुनियादी ढांचे, जल निकासी व्यवस्था और ऊर्जा क्षेत्र में सुधार की संभावना है, जो राज्य की प्रगति में अहम है।

### चित्तौड़गढ़ के स्कूल का मामला

# इश्क लड़ाने वाले प्राचार्य की गई नौकरी, कुटाई भी हुई

एजेंसी ▶▶ चित्तौड़गढ़



राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के गांव सालेरा में एक सरकारी स्कूल के संस्था प्रधान और एक शिक्षका का आपत्तिजनक वीडियो सामने आने के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद शिक्षकों के बीच नैतिक मानकों को बनाए रखने के लिए अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की। शिक्षामंत्री मदन लाल दिलावार ने बताया कि सालेरा के सरकारी स्कूल में प्रेम प्रसंग चल रहा था, उसमें लिप्त पाए दोनों शिक्षक-शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया है। दोनों का वीडियो वायरल होने के बाद निलंबित किया गया था और फिर न्यायिक प्रक्रिया अपनाकर उन्हें नौकरी से हटाया गया है। इसमें अरविंद नाथ व्यास, जो लेवल टू के टीचर थे। कांता पड़िया को भी बर्खास्त किया गया है। इसके पहले लोगों ने इनकी जमकर पिटाई की थी।

### अभिनेता सैफ मंगलवार को अस्पताल से डिस्चार्ज, बयानबाजी शुरू

# 6 घंटे चला ऑपरेशन और 4 दिन में ही इतने फिट हो गए?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले के बाद मंगलवार को अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए। इसके बाद वे पहली बार मीडिया और प्रशंसकों के सामने आए। इस दौरान अभिनेता ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन किया। जिसके बाद से सैफ को लेकर कई तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं। इस पर शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) नेता संजय निरुपम ने कहा कि सिर्फ 5 दिन में अस्पताल से निकलते ही इतने फिट कैसे? शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि यह मेडिकल चमत्कार है।

### शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) नेता निरुपम ने उठाए सवाल



### अपने घर में नाचते-कूदते आ रहे?

निरुपम में कहा कि नागरिकों और मेरे मन में कुछ सवाल थे, जो मैंने उठाए हैं। क्या मेडिकल सेक्टर इतना आगे बढ़ गया है कि सैफ घर पर कूदते-नाचते आते हैं यह खुलासा होना चाहिए कि हमला कितना घातक था और उन्हें कितनी गंभीर चोटें आईं। मुंबई में ऐसा माहौल बना दिया गया कि कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई। मैं डॉक्टरों से पूछना चाहता हूं कि क्या 6 घंटे तक चलने वाला ऑपरेशन करने वाला व्यक्ति 4 दिन में इतनी अच्छी हालत में बाहर आ सकता है?'

### राउत बोले-लीलावती डॉक्टरों ने एक चमत्कार किया



संजय राउत ने कहा कि मेडिकल चमत्कार है। मैं उनके स्वास्थ्य को लेकर शुभकामनाएं दूंगा। हमारे देश के अच्छे कलाकार है। मंसूर अली खान पटौदी के बेटे हैं। करीना कपूर के हसबैंड हैं। तैमूर के पिता जी हैं। हम चाहते हैं वे स्वस्थ रहें। चाकू कितना भी अंदर घुसा हो, वो आदमी जिंदा है और अपने पैरों पर चलकर घर जा रहा है।

### बयान दर्ज करने सैफ अली खान के घर पहुंची पुलिस



अब बुधवार को मुंबई पुलिस इस मामले में उनका बयान दर्ज करने के लिए अभिनेता के घर पहुंची। इस दौरान एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिस को सैफ की बिल्डिंग के अंदर जाते हुए देखा गया। हालांकि, इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी। जल्द ही अब पुलिस सैफ का भी बयान दर्ज करेगी, जिससे घटना के बारे में विस्तार से जानकारी मिलने की उम्मीद है।



फिजी में राज्यसभा सांसद और इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन (आईएमएफ) के कन्वीनर सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में पीएम राबुका ने की सराहना

*बॉस का सबका साथ सबका विकास वाला मंत्र पूरी दुनिया को अपनाना चाहिए*

# फिजी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को बताया दुनिया का 'बॉस' कहा- वे दुनिया में शांति और हिंदुओं के 'प्रतीक'

**1** प्रगति और विकास में एकता के विचार विश्व के आदर्श हैं

**2** सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है

**3** भारत के लोग उन पर विश्वास करते हैं और उन्हे मानते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिजी गणराज्य के प्रधानमंत्री सितिवेनी लिगामामाडा राबुका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का 'बॉस' करार दिया। फिजी में राज्यसभा सांसद और इंडियन माइनॉरिटी फेडरेशन (आईएमएफ) के कन्वीनर सतनाम सिंह संधू और आईएमएफ के संस्थापक प्रोफेसर हिमानी सूद के साथ बैठक में राबुका ने कहा कि पीएम मोदी दुनिया के 'बॉस' हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पूरी दुनिया में शांति और हिंदुओं के प्रतीक बन गए हैं।

### दुनिया के नेताओं ने मोदी के नेतृत्व की प्रंशसा की

यह पहली बार नहीं है कि किसी विश्व नेता ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने उन्हें (मोदी) बॉस कहकर संबोधित किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को शानदार और विश्व स्तर पर शक्तिशाली नेता बताया था और उनका ऑटोग्राफ लेने की इच्छा जताई थी। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी को दुनियाभर में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला व्यक्ति बताया था। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा था कि पीएम मोदी दुनिया के लिए प्रेरणा हैं और गुयाना के राष्ट्रपति ने कहा था कि वे उनके आभारी हैं।

### हम अभी भी शांति की अपनी यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं: फिजी

फिजी के प्रधानमंत्री ने सभी का विकास और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरा मानना है कि सबका साथ सबका विकास एक बेहतरीन शासन मॉडल है जिसका प्रधानमंत्री मोदी पालन कर रहे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि सभी एक साथ आगे बढ़ें और समृद्ध हों। मेरी राय में, दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने के लिए इसे वैश्विक स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। फिजी के प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, मेरे मित्र (पीएम मोदी) 2023 में हमारी मुलाकात के बाद फिर से (पीएम के रूप में) चुने गए हैं, इसलिए मैं यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि उन्हें यह संदेश मिले कि फिजी उनके साथ है। हम अभी भी शांति की अपनी यात्रा के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर वे लंबे समय से चल रहे हैं। हमारी प्रगति और विकास में एकता के विचार सभी विश्व नेताओं के लिए महान आदर्श हैं।

### ग्लोबल नेता हैं पीएम मोदी

फिजी के प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी पूरी दुनिया में शांति और हिंदुओं के प्रतीक बन गए हैं। भारत के लोग उन पर विश्वास करते हैं। भारत में लोगों का विश्वास साथ होना एक बड़ी बात है। मैं इसके लिए उन्हें बधाई देता हूं। समय के साथ, दुनिया भर में हिंदुओं की एकता आखिरकार सभी लोगों की एकता में तब्दील होगी।

### मोदी को मिल चुका है सर्वोच्च सम्मान

पीएम मोदी को वैश्विक नेतृत्व के लिए फिजी के सर्वोच्च सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान वैसे तो फिजी के लोगों को ही दिया जाता है, लेकिन मई, 2023 में पीएम मोदी को भी ये सम्मान दिया गया था।


## खबर संक्षेप

### हिजबुल्लाह के टॉप कंमाडर हमादी की हत्या



**बेरूत।** हिजबुल्लाह के टॉप लीडर शेख मुहम्मद अली हमादी की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार को पूर्वी लेबनान के बेका घाटी इलाके में अज्ञात बंदूकधारियों ने हमादी पर हमला किया। हिजबुल्लाह के स्थानीय कमांडर को पश्चिमी बेका जिले के मचघरा में 6 बार गोली मारी गई। हमादी को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां कुछ देर पर उनकी मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, लेबनानी अधिकारियों को संदेह है कि हमादी का सालों पुराना पारिवारिक झगड़ा था।

### बकरा गैंग के मुखिया की दिनदहाड़े हत्या



**जम्मू।** कड़ी सुरक्षा के बीच दिनदहाड़े अति व्यस्त चौक और नबाबाद थाने के ठीक सामने ऐसी वारदात पुलिस तंत्र पर सवालिया निशान खड़ा करती है। ठीक ऐसी ही वारदात वर्ष 2006 में हुई थी। तब संजय गुप्ता उर्फ बकरा की दिनदहाड़े त्रिकुटा नगर में एक क्लीनिक में गोली मारकर हत्या कर दी गई। संजय बकरा गैंग का मुखिया था। इस हत्या को बिल्लू गैंग के राजेश डोगरा उर्फ मोहन चीर अंजाम दिया था।18 वर्ष बाद फिर ऐसी ही वारदात जम्मू में होने से गैंगवार सक्रिय होने लगा है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने नागरिकता पर दिया बड़ा बयान

# यूएसए ने भारतीयों को दी बड़ी राहत कहा- नहीं रोक सकते एच-1बी वीजा

*ट्रंप ने कहा कि उन्हें 'एच-1बी' विदेशी अप्रवासी कामगारों के वीजा पर इसका समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में आने वाले 'बेहद कुशल लोग' पसंद हैं।*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता संभालने के तुरंत बाद जन्मसिद्ध नागरिकता के अधिकार वाले कानून को रद्द करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने अप्रवासियों को वापस भेजने के कार्यकारी आदेश भी दिए हैं।



इससे भारतीय-अमेरिकी समुदाय में जहां चिंता है, वहीं उन्होंने एच-1बी वीजा पर पेशेवर भारतीयों और अन्य देशों के ऐसे नागरिकों को बड़ी राहत दी है। ट्रंप ने कहा है कि वह एच-1बी वीजा नहीं रोक सकते हैं क्योंकि उन्हें पेशेवर कामगारों की सख्त जरूरत है।

बता दें कि इस वीजा के आधार पर बड़ी संख्या में भारतीय तकनीकी पेशेवर अमेरिका में काम कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें 'एच-1बी' विदेशी अप्रवासी कामगारों के वीजा पर इसका समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले दोनों पक्षों की दलीलें अच्छी लगीं। उन्होंने कहा कि उन्हें देश में आने वाले 'बेहद कुशल लोग' पसंद हैं, जो इस वीजा कार्यक्रम का उपयोग कर ही अमेरिका पहुंचे हैं।

**सर्वाधिक भारतीय तकनीकी पेशेवर अमेरिका में काम कर रहे हैं**

**अकुशल को प्रशिक्षण भी देने को तैयार हैं राष्ट्रपति**

### ट्रंप राज में बिना 'कागज' फंस गए 20 हजार भारतीय

*अपनी चुनावी घोषणा के अनुरूप ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सख्त प्रवासन नीतियों पर अमल शुरू कर दिया है। इस सख्ती के दायरे में वैसे 20 हजार भारतीय हैं जिसके बारे में अमेरिका कहता है कि इनके पास अमेरिका में रहने के वैध कागज नहीं हैं और इन्हें वापस भेजा जाएगा। अमेरिका ने ऐसे 20 हजार भारतीयों को डिपोर्टेशन लिस्ट में डाल दिया है।राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आते ही अवैध प्रवासियों पर एक्शन शुरू कर दिया है। इससे अमेरिका में रह रहे वैसे प्रवासी डर में हैं जिनके कागज यानी कि वीजा दस्तावेज पूरे नहीं हैं। इन लोगों ने कानूनी विकल्पों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इसे लेकर भारत में भी चिंता है। अमेरिकी प्रशासन की ओर से तैयार दस्तावेजों के अनुसार अमेरिका में लगभग 18 हजार ऐसे भारतीय हैं जिनके पास अमेरिका में रहने के लिए पर्याप्त वैध दस्तावेज नहीं हैं। ट्रंप प्रशासन ऐसे भारतीयों को नई दिल्ली वापस भेज सकता है। यही नई दिल्ली की चिंता की वजह है।*

### हर स्तर के लोगों की स्किल बढ़ाई जाएगी

इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे दोनों पक्षों ('एच1बी' वीजा का समर्थन करने वाले और इसका विरोध करने वाले पक्ष) की दलीलें पसंद हैं, लेकिन मैं यह भी चाहता हूं कि हमारे देश में बेहद कुशल और सक्षम लोग आएं, फिर चाहे उन्हें ऐसे कार्यों के लिए पर्याप्त योग्यता नहीं रखने वाले लोगों को प्रशिक्षण देना पड़े और उनकी मदद करनी पड़े। लेकिन मैं रुकना नहीं चाहता और मैं सिर्फ इंजीनियरों की बात नहीं कर रहा हूं, मैं हर स्तर के लोगों की बात कर रहा हूं।

***इन दिग्गजों ने बताई अमेरिका के भविष्य की योजना***

*ट्रंप ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) में 'ओरेकल' के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) लैरी एलिसन, 'सॉफ्टबैंक' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मासायोशी सोन और 'ओपन एआई' के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित भी किया।*

### एनआईए का बड़ा एक्शन

# तीन राज्यों में 16 जगहों पर छापे, पाक से मिला लिंक




एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

साल 2024 में 11 सितंबर को चंडीगढ़ में हुए बम ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित 16 स्थानों पर छापेमारी की। इस मामले में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के हरविंदर सिंह और अमेरिका में मौजूद हरप्रीत सिंह शामिल हैं। छापेमारी में पंजाब में 14 स्थानों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में एक-एक स्थान शामिल हैं। इस अभियान का उद्देश्य महत्वपूर्ण सबूतों को उजागर करना और घटना से जुड़े व्यक्तियों का पता लगाना है। पिछले साल सितंबर में चंडीगढ़ में हुए ग्रेनेड विस्फोट ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ा दी थीं जिसके बाद एनआईए ने गहन जांच शुरू कर दी थी। बता दें कि 11 सितंबर 24 को चंडीगढ़ के सेक्टर 10 में एक घर पर हैंड ग्रेनेड फेंका गया था।

### मामले में एक शख्स गिरफ्तार

पिछले साल इस मामले में पंजाब पुलिस ने कहा था कि उन्होंने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके चंडीगढ़ ग्रेनेड विस्फोट मामले का खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया ने इस ऑपरेशन की साजिश रची। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने तब जानकारी दी थी कि राज्य पुलिस ने अमृतसर के पासिया गांव निवासी रोहन मसीह नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

### दो ने फेंका था ग्रेनेड

बाद में चंडीगढ़ पुलिस ने घटना की जांच की और पाया कि दो व्यक्ति ऑटो-रिक्शा पर आए और उनमें से एक ने घर पर हैंड ग्रेनेड फेंका। यह घर हिमाचल प्रदेश के एक संस्थान के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल केके मल्होत्रा का है।

### ट्रक खाई में गिरा, नौ की मौत, दस घायल




**हुबली।** तमिलनाडु और कर्नाटक को जोड़ने वाले सावनूर-हुबली मार्ग पर कर्नाटक घाटी के एल्लापुरा में आज बुधवार सुबह एक ट्रक के गहरी खाई में गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई। अन्य दस लोग घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी पीड़ित फल विक्रेता थे जो सावनूर से फल बेचने के लिए जा रहे थे। घटना सुबह करीब 5:30 बजे हुई जब ट्रक चालक ने दूसरे वाहन को साइड देने की कोशिश की।

### बारूदी सुरंगों को नष्ट करने का अभियान

## नक्सलियों का खतरनाक प्लान हो गया फेल, आठ आईईडी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों की तरफ से लगाए गए आठ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए हैं। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो) की एक संयुक्त टीम ने गंगालूर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के तहत मुतवेंडी और पिडिया रोड पर अलग-अलग स्थानों से पांच किलोग्राम वजन वाले विस्फोटकों का पता लगाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि




बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) और बम डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस) इलाके में बारूदी सुरंगों को नष्ट करने के अभियान पर निकले थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने स्टील के बक्सों में पैक आईईडी को मिट्टी के रास्ते के नीचे रखा हुआ देखा, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### सिंधु जल संधि विवाद मामला

## विश्व बैंक ने भारत का किया समर्थन पाकिस्तान को फिर लगा बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ विवादों को सुलझाने के लिए विश्व बैंक ने नियुक्त एक एक्सपर्ट के रूपरेखा पर भारत के रुख का समर्थन किया है। भारत जहां इन मुद्दों का समाधान तटस्थ विशेषज्ञ द्वारा किए जाने पर दबाव डाल रहा है, वहीं पाकिस्तान इनके समाधान के लिए हेग में स्थायी मध्यस्थता न्यायालय पर जोर दे रहा है, जैसा कि दोनों देशों के बीच सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत समझौता हुआ है। भारत और पाकिस्तान ने नौ सालों की वार्ता के बाद 19 सितंबर, 1960 को आईडब्ल्यूटी पर सिग्नेचर किए थे, जिसका एकमात्र मकसद सीमापार नदियों से संबंधित मुद्दों का मैनेज करना था।



### पाकिस्तान ने की थी ये मांग

साल 2015 में पाकिस्तान ने दोनों परियोजनाओं पर अपनी आपत्तियों से निपटने के लिए एक तटस्थ विशेषज्ञ की नियुक्ति की मांग की थी। हालांकि, एक साल बाद इस्लामाबाद ने मांग की कि आपत्तियों को मध्यस्थता न्यायालय द्वारा निस्तारित किया जाए। भारत तटस्थ विशेषज्ञ के साथ सहयोग कर रहा है, लेकिन हेग में स्थायी मध्यस्थता कोर्ट की कार्यवाही से दूर रहा है।

### रामलला के स्थापना की पहली वर्षगांठ

## रामलला महोत्सवः जयपुरी रजाई ओढ़ाई, 56 भोग लगा महोत्सव 41 दिन चलेगा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला अयोध्या के मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को विराजे थे। आज ठीक 1 साल पूरा हो गया है। तिथि के अनुसार, राम मंदिर ट्रस्ट भव्य आयोजन 11 जनवरी को कर चुकी है।

अब 22 जनवरी यानी बुधवार से 41 दिन के लिए रामलला महोत्सव शुरू हो गया है। इसकी शुरुआत रामलला को 56 भोग लगने से हुई। उन्हें जयपुरी रजाई ओढ़ाई गई। 108 किलो की

### मणिराम छावनी धर्मध्वजा का पूजन हुआ

*मणिराम छावनी में इस अवसर पर राम सत्संग भवन में धर्मध्वजा पूजन और रामरक्षा स्तोत्र का पाठ शुरू हुआ। धर्म ध्वजा पूजन से पहले भव्य शोभायात्रा धूमधाम निकाली गई। इसमें एक पालकी पर रामलला और बजरंगबली थे। साथ ही, रामरक्षा यंत्र को प्रतिष्ठित किया गया था।*

### पालकी के आगे भक्त नाच रहे थे

एक अन्य पालकी पर मुख्य आचार्य के रूप में रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्यगोपालदास के उत्तराधिकारी महंत कमलनयनदास विराजमान थे। यात्रा में शामिल भक्त भजनों की धुन के साथ नृत्य करते हुए आगे बढ़े। यात्रा छावनी के मुख्य आगार से रामायण सत्संग भवन पहुंची।

### रोबोट सेना का परीक्षण करने जा रहा है ईरान

# ईरान बना रहा रोबो सेना: अब इंसान नहीं, रोबोट लड़ेंगे युद्ध

*बख्तरबंद तोपखाने, ड्रोन ऑपरेटर मशीनें भी रोबोटिक होंगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में ट्रंप सरकार की शुरुआत और इजराइल से तनातनी के बीच ईरान की सेना ने युद्ध के मोर्चे पर रोबो सैनिकों को उतारने का फैसला किया है। ईरानी सेना के एक उच्च पदस्थ अधिकारी के अनुसार, सेना लड़ाकू रोबोट का परीक्षण कर रही है और उसके कई नए मॉडल विकसित कर रही है। ईरानी अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरानी सेना ने दो महीने पहले ही रोबोट योद्धाओं को अपने युद्ध अभ्यास में शामिल करना शुरू कर दिया है। हालांकि, उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारी ने रोबो परीक्षण या विकसित किए जा रहे रोबोट लड़ाकों के प्रकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन इतना कहा कि ईरानी सेना ने पूर्वोत्तर ईरान में हो रहे युद्ध अभ्यास में उसकी तैनाती कर रखी है, जहां वह अपना दम-खम दिखा रहा है। इस युद्धाभ्यास में इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स, सेना, बसीज और तटरक्षक बल समेत विभिन्न प्रकार की सेनाएं शामिल हैं।



**युद्ध अभ्यास में रोबोट किए गए हैं तैनात**

### क्या हैं लड़ाकू रोबोट या रोबो सैनिक

कॉम्बैट रोबोट या लड़ाकू रोबोट एक प्रकार के ऐसे युद्ध वाहन हैं, जिनमें इंसान की तैनाती नहीं होती। यह धरती पर या आसमान में दोनों जगह अपना काम कर सकता है। आसमान में पहले से ही मानवरहित ड्रोन अपना करतब दिखाते रहे हैं और हाल के युद्धों में उसका व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल हुआ है। ईरान ने मानव रहित हवाई वाहनों की ही तरह मानव रहित जमीनी वाहन का विकास किया है, जो युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर जाकर हमलों को अंजाम देगा।

### रोबोट लड़ाके दुश्मनों को पहचानकर हमला करेंगे

इस तरह के बेड़े में बख्तरबंद तोपखाने, ड्रोन ऑपरेटर मशीन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध इकाइयां भी शामिल हैं। इंसानी लड़कों की ही तरह, रोबोट लड़ाके युद्ध के मैदान में दुश्मनों को चिन्हित करने और उसके ठिकानों को ध्वस्त करने में सक्षम होते हैं। यह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है। कई इलाकों में ये रोबो सैनिक इंसानी सैनिकों से कई गुना ज्यादा शक्ति लगा सकते हैं क्योंकि इनका रक्षा कवच अधिक मजबूत होता है।

बड़ी बात यह है कि ईरानी सेना ने रोबो सैनिकों का परीक्षण ऐसे समय में शुरू किया है, जब अमेरिका में डोनाल्ड ट्रं की अगुवाई में नई सरकार ने सत्ता संभाली है। ईरान को डर है कि ट्रंप अपने पूर्व कार्यकाल की तरह इस कार्यकाल में भी ईरान पर भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव बना सकते हैं और कड़े प्रतिबंध लगा सकते हैं। दूसरी तरफ इजरायल भी उसके खिलाफ नए मोर्चे पर पंगा ले सकता है।



## चिंतन

# 21वीं सदी में भी जानलेवा क्यों बन रही हैं अफवाहें

अफवाह शब्द सुनते ही सबसे पहले जहन में यही आता है कि इसमें कोई सच्चाई नहीं। इस शब्द का अर्थ भी यही है कि सच पर खरा न उतरना। सामाजिक विज्ञान में ऐसे कथनों को अफवाह कहते हैं जिसकी सत्यपरकता शीघ्र या कभी भी न जांची जा सके। कुछ विद्वान अफवाह को अधिप्रचार (प्रोपेगेंडा) का ही एक रूप मानते हैं, लेकिन अनेक ऐसे मौके आते हैं जब ये अफवाह जनलेवा साबित हो जाती है। ऐसा ही बुधवार को भी हुआ। एक अफवाह के कारण महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया है। यहां परधाड़े रेलवे स्टेशन पर पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैल गई। इसके बाद किसी ने चेन पुलिंग कर दी और कई पैसेंजर्स चलती ट्रेन से पटरी पर कूद गए। ये पैसेंजर्स अभी पटरी पर ही थे। इस दौरान दूसरे ट्रैक से आ रही कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया, जिसमें 8 से 10 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि 12629 कर्नाटक संपर्क क्रांति यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस लखनऊ से मुंबई जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्रेक लगाने पर पुष्पक एक्सप्रेस के पहियों से धुआं निकला था। इसी के चलते यात्रियों के बीच ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैली। इसके बाद कई यात्रियों ने कोच के बाहर छलांग लगाई थी। यह कोई पहला और आखिरी अवसर नहीं है जब अफवाह जानलेवा साबित हुई हो। देश में यदाकदा ऐसे खबरें देखने और सुनने को मिलती रहती हैं। यह विडंबना ही है कि जागरूक समाज बनाने के दावे के तहत जिस डिजिटल इंडिया के नारे को जोर-शोर से बढ़ावा दिया गया, आज वह बहुत सारे लोगों को ऐसी भीड़ में तब्दील कर रहा है जो किसी खबर पर सोचने और उसके सही या गलत होने का अंदाजा लगा पाने में सक्षम नहीं है। असल में कोई अफवाह तभी खतरनाक होती है जब उसे खारिज न किया जाए या फिर उसे नकारने के लिए पुष्ट सूत्र न हों। हम लगातार देखते आ रहे हैं कि हमारे धार्मिक आयोजनों में ऐसी अफवाह ज्यादा दुःखद रूप लेती है। भारी भीड़ के कारण भगदड़ मचने के और भी कई उदाहरण होते हैं। इसके लिए कहीं न कहीं इंतजामों की कमी भी जिम्मेदार होती है। वास्तव में लोग अपने-अपने ढंग से बात पर भरोसा करते हैं। ऐसे में जरा सी भी ऊंच-नीच हादसे का कारण बन जाती है। भारी भीड़ के बीच छोटी सी अफवाह भी बड़ा रूप ले लेती है। साल 2011 में केरल के इडुक्की जिले में एक जीप सबरीमाला मंदिर में दर्शन कर रहे श्रद्धालुओं से टकरा गई थी। इसके बाद ऐसी अफवाह फैली, जिससे भगदड़ मच गई और इसमें 104 श्रद्धालुओं की जान चली गई। इसी तरह हाथरस में सत्संग स्थल पर सवा लाख लोग मौजूद थे। वहां भी ऐसी ही अफवाह फैली कि बड़ा हादसा हो गया। क्योंकि मौके पर अफवाह को नकारने वाला कोई मौजूद नहीं था। अगर कोई ट्रेन में आग लगने का खंडन करने वाला होता तो आज इस हादसे से बचा जा सकता था। वैसे कहने को तो हमारी रेलवे बहुत सुरक्षित हो रही है। कितना दुःखद है कि ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैली और उसे नकारने के लिए कोई मौजूद ही नहीं था। ट्रेन के हर डिब्बे में टीटी होता है। रेलवे पुलिस के जवान भी तैनात रहते हैं। जांच का विषय है कि अफवाह फैलने के दौरान वे सब कहां थे। जब इतनी ज्यादा संख्या में यात्री ट्रेन से कूद रहे थे तब किसी ने उस तरफ ध्यान क्यों नहीं दिया। इसकी जांच करवाकर दोषी को सजा दी जानी चाहिए। जब हम सख्ती दिखाएंगे तभी ऐसे हादसों पर लगाम लगाई जा सकती है।

# मोहन भागवत के वक्तव्य के मायने




विमर्श

अवधेश कुमार

> कोई 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता दिवस न माने तो उसका विरोध स्वाभाविक होगा। उसके बाद राहुल गांधी का बयान सबसे ज्यादा चर्चा और बहस में है कि मोहन भागवत ने जो कहा वह संघ का विचार है और हम उसी के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अपने केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर यहां तक कह दिया कि यह मत मानिए कि हमारा संघर्ष संघ और भाजपा जैसे किसी राजनीतिक संगठन से है, हमें पूरे इंडियन स्टेट यानी भारतीय राज्य से संघर्ष करना है। संपूर्ण भारतीय राज्य के विरुद्ध संघर्ष भी लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा, जिसने संविधान के तहत शपथ ली हो, सामान्य तौर पर न स्वीकार हो सकता है न गले उतर सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत द्वारा इंदौर के एक कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस और अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर दिए गए वक्तव्य से देश में राजनीति, गैर राजनीतिक एक्टिविज्म चारों ओर बवंडर मचा हुआ है। विरोधी आरोप लगा रहे हैं कि संघ 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता दिवस मानता ही नहीं और भागवत ने 22 जनवरी, 2024 यानी पौष शुक्ल द्वादशी से स्वतंत्रता दिवस मानने और मनाने की अपील की है। कोई 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता दिवस न माने तो उसका विरोध स्वाभाविक होगा। उसके बाद राहुल गांधी का बयान सबसे ज्यादा चर्चा और बहस में है कि मोहन भागवत ने जो कहा वह संघ का विचार है और हम उसी के विरुद्ध संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने अपने केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर यहां तक कह दिया कि यह मत मानिए कि हमारा संघर्ष संघ और भाजपा जैसे किसी राजनीतिक संगठन से है, हमें पूरे इंडियन स्टेट यानी भारतीय राज्य से संघर्ष करना है। संपूर्ण भारतीय राज्य के विरुद्ध संघर्ष भी लोकसभा में विपक्ष के नेता द्वारा, जिसने संविधान के तहत शपथ ली हो, सामान्य तौर पर न स्वीकार हो सकता है न गले उतर सकता है।

राहुल गांधी के वक्तव्य पर आगे विचार करेंगे, पहले यह देखें कि डॉ. भागवत और संघ, भाजपा सहित पूरे विचार परिवार के विरुद्ध चल रहे अभियान का सच क्या है? भागवत के इंदौर के भाषण के वीडियो उपलब्ध हैं और कोई भी सुन सकता है। वे बोल रहे हैं- 'भारत स्वतंत्र हुआ 15 अगस्त को। राजनीतिक स्वतंत्रता आपको मिल गई। हमारा भाग्य निर्धारण करना हमारे हाथ में है। हमने एक संविधान भी बनाया, एक विशिष्ट दृष्टि, जो भारत के अपने स्व से निकलती है, उसमें से वह संविधान दिग्दर्शित हुआ, लेकिन उसके जो भाव हैं, उसके अनुसार चला नहीं और इसलिए, हो गए हैं स्वप्न सब साकार कैसे मान लें, टल गया सर से व्यथा का भार कैसे मान लें।' साफ है जो भाषण सुनेगा और निष्पक्षता से विचार करेगा, वह वर्तमान विरोधों, विवादों से सहमत नहीं हो सकता। हमारे देश की बौद्धिक, एक्टिजिज्म और राजनीति की दुनिया ने लंबे समय से दुष्प्रचार कर रखा है कि संघ स्वतंत्रता दिवस को मानता ही नहीं। तिरंगा झंडा को स्वीकार नहीं करता और संविधान को खारिज करता है। इसलिए किसी भी वक्तव्य को उसके सच और संदर्भ से काटकर दो-चार शब्दों के आधार पर आलोचना और हमला स्वभाव बन गया है। जरा बताइए, इन पंक्तियों में कहां है कि हमें 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता मिली ही नहीं? दूसरे, इसमें भारतीय संविधान को खारिज करने का एक शब्द है क्या? वो कह रहे हैं कि भारतीय संविधान एक विशिष्ट दृष्टि स्व से निकला। क्या यह सच नहीं है कि हमने स्वयं संविधान की भावनाओं के अनुरूप न देश के लोगों के अंदर भारत के संस्कार को लेकर जागृति पैदा की, न उसके अनुसार व्यवस्थाओं की रचना की? महात्मा गांधी ने 15 अगस्त, 1947 को कोई वक्तव्य जारी नहीं किया। उन्होंने अपने साथियों से कहा कि क्या ऐसे ही स्वराज के लिए हमने संघर्ष किया था? उन्होंने स्पष्ट लिखा कि हमें अंग्रेजों से राजनीतिक स्वतंत्रता मिल गई किंतु सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक स्वतंत्रता के लिए पहले से ज्यादा लंबे संघर्ष और परिश्रम की आवश्यकता है। हम आप गांधी जी को स्वतंत्रता दिवस विरोधी घोषित कर देंगे? उन्होंने न जाने कितनी बार बोला और लिखा कि हम अंग्रेजों से केवल राजनीतिक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष नहीं कर रहे हैं। भारत ही एकमात्र देश है जो दुनिया को दिशा दे सकता है। भारत



का ध्येय अन्य देशों से भिन्न है। धर्म वह क्षेत्र है जिसमें भारत दुनिया में सबसे बड़ा हो सकता है। यह सच है कि भारत को समझने वाले ज्यादातर मनीषियों ने ऐसे भारत की कल्पना की जो अपने धर्म, अध्यात्म, संस्कृति और सभ्यता के आधार पर ऐसा महान और आदर्श देश बनेगा जिससे विश्व सीखेगा कि सद्भाव, संयम, त्याग और साहचर्य के आधार पर कैसे कोई राष्ट्र महान बन सकता है। विश्व गुरु कहने के पीछे भाव भी यही है। किंतु जब आप हम क्या हैं और क्या होना है यही नहीं समझेंगे तो राष्ट्र का निश्चित लक्ष्य ओझल हो जाता है।


इस संदर्भ में मोहन भागवत की अगली पंक्ति भी देखनी चाहिए।' हमारा स्व क्या है? राम, कृष्ण, शिव, यह क्या केवल देवी - देवता हैं, या केवल विशिष्ट उनकी पूजा करने वालों के हैं? ऐसा नहीं है। राम उत्तर से दक्षिण भारत को जोड़ते हैं।' उन्होंने कहीं नहीं कहा कि पौष शुक्ल द्वादशी को स्वतंत्रता दिवस मनाना है। इसे प्रतिष्ठा द्वादशी के नाम से संपूर्ण देश से मनाने की अपील की। जिन्हें भारतीय पंचांग व तिथियों की गणना, कैलेंडर तथा एकादशी के महत्व का ज्ञान नहीं उनके लिए समझना कठिन होगा। भागवत ने कहा कि हमें स्वतंत्रता थी लेकिन वह प्रतिष्ठित नहीं हुई थी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ वह प्रतिष्ठित हुई इसलिए उसे प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाना चाहिए। थोड़ा दुष्प्रचारों से अलग होकर सोचिए कि आखिर आक्रमणकारियों ने हमारे धर्म स्थलों को ध्वस्त क्यों किया? इसीलिए कि हमारा स्व मर जाए, उन स्थलों, प्रतिस्थापित प्रतिमाओं या निराकार स्वरूपों को लेकर हमारे अंदर का आस्था विश्वास नष्ट हो, उनके प्रति हम अपमानित महसूस करें? स्वतंत्रता के लिए लंबा संघर्ष हुआ जिनका मूल लक्ष्य स्व की प्रतिस्थापना थी। इस संदर्भ में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर मुक्ति का आंदोलन किसी के विरोध के लिए नहीं, स्व जागृत करने और पाने के लिए था। राजनीतिक नेतृत्व इस रूप में से लेता तो आंदोलन इतना लंबा चलता ही नहीं। ध्यान रखिए, भागवत उस कार्यक्रम में बोल रहे थे जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय को राष्ट्रीय देवी अहिल्या पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि यह दिन अयोध्या में राम मंदिर के पुनर्निर्माण और भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना का प्रतीक बन गया है। जिनके लिए अयोध्या आंदोलन ही गलत हो वे इस भाव को नहीं समझ सकते। तब भी मान लीजिए कि किसी का डॉ. भागवत या संघ की सोच से मतभेद होगा। किंतु जो उन्होंने कहा बहस उस पर होगी या जो कहा नहीं, उस पर? क्या इस तरह का झूठ फैलाना और लोगों के अंदर हिंसा का भाव पैदा करना संविधान की प्रतिष्ठा है? राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और उन्हें पद और गरिमा का भान होना चाहिए। चूंकि लोकसभा चुनाव से मुस्लिम मतों का रुझान कांग्रेस की ओर दिखा है और इसे बनाए रखने पर पूरा फोकस है। लगता है जितना संघ का विरोध करेंगे, आक्रामक होंगे हमारे पक्ष में वोटो का ध्रुवीकरण होगा। वास्तव में डा. भागवत ने तो एक संतुलित विचार दिया जबकि राहुल गांधी की बात हिंसा और उत्तेजना पैदा करने वाली है। कांग्रेस के परंपरागत नेताओं को भी विचार करना चाहिए कि क्या इस सोच से उनका जन समर्थन बढ़ेगा? क्या यह उन मूल्यों के के विरुद्ध आघात नहीं होगा जिनके लिए स्वतंत्रता संघर्ष हुआ? क्या यह अंततः भारतीय मानस के हित में होगा?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह




# जय-पराजय को जीवन संघर्ष का अभिन्न अंग मानते थे बोस

वह चार जुलाई,1944 का दिन था, जब आजाद हिन्द फौज के सुप्रीम कमांडर के तौर पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने बर्मा (अब म्यांमार) में 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के नारे के साथ भारतीयों से आजादी की कीमत चुकाने का आह्वान किया। उस वक्त उनके शब्द थे, '...अपनी कमर कस लें। यहां किसी को भी आजादी का आनंद लेने के लिए जीने की इच्छा नहीं होनी चाहिए। एक लंबी लड़ाई हमारे सामने है। आज हमारे अंदर बस एक ही इच्छा होनी चाहिए- मरने की इच्छा...ताकि भारत जी सके...ताकि आजादी के रास्ते शहीदों के खून से प्रशस्त हो सकें।' अनंतर, उन्होंने एक इससे भी बड़ी बात कही थी। यह कि आज़ादी दी नहीं जाती, ली जाती है और जो लोग अपने लिए आजादी चाहते हैं, उनका कर्तव्य है कि उसकी कीमत अपने खून से चुकाएं। इससे पहले उनके नेतृत्व में न सिर्फ निर्वासित आजाद हिन्द सरकार का गठन किया जा चुका था, बल्कि इस सरकार की इसी नाम की फौज ने अपने सैन्य अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था और अपने ऐतिहासिक 'दिल्ली चलो' अभियान की कामयाबी के विश्वास से भरी हुई थी। लेकिन विडम्बना कि इसके कुछ ही दिनों बाद भारत की एक-एक इंच भूमि को फिरंगियों के कब्जे से आजाद कराने की उनकी उम्मीदों पर घोर तुषारापात का दौर आरम्भ हो गया और कोहिमा में 4 अप्रैल, 1944 से 22 जून 1944 के बीच तीन चरणों में लड़े गये विकट युद्ध में हाथ आई पराजय ने उसकी धुन व सपनों दोनों का अंत कर दिया। ऐसा नहीं हुआ होता तो निस्संदेह, आज हमारे देश का इतिहास कुछ और होता। वह तब भी कुछ और ही होता, अगर हमने असमय नेता जी को खो नहीं दिया होता। क्योंकि वे इस एक पराजय से विचलित होकर फिरंगियों का प्रतिरोध त्याग देने वाले नहीं थे और जय और पराजय को जीवन संघर्ष का अभिन्न अंग मानते थे। वे कहते थे कि अगर जीवन में संघर्ष न रहे और किसी भय का सामना न करना पड़े, तो जीवन का आधा स्वाद ही समाप्त हो जाता है।' गैरबराबरी को लेकर तो उनका चिंतन इस मोड़ तक पहुंच गया था कि कई बार वे स्वयं से ही पूछते थे : यदि हमारे समाज में एक भी व्यक्ति ऐसा है जो अपनी आवश्यकताएं पूरी नहीं कर सकता तो मुझे सुखी जीवन जीने का क्या अधिकार है? अपने छुटपन में वे अपने घर के सामने भीख मांगकर गुजारा करने वाली एक वृद्धा के कष्ट देखकर बहुत विचलित हो जाते और सोचने लगते थे कि देश में यह कैसी व्यवस्था है जिसमें उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती और वह जाड़े, बरसात, धूप और आंधी-तूफान से बचने के लिए सिर छुपाने की जगह की भी मोहताज है? उन्हें उसकी समस्या का तत्काल कोई निदान नहीं सूझा तो उन्होंने बस के बजाय पैदल कॉलेज जाना शुरू कर दिया और इससे बचने वाले पैसों से उसकी मदद करने लगे थे। आगे चलकर संभवतः इसी तरह के सवालों के जवाब ढूंढते-ढूंढते उन्होंने उन दिनों की सबसे प्रतिष्ठित इंडियन सिविल सर्विस (आईसीएस) में अपने चुनाव के बावजूद उसके फलस्वरूप मिलने वाला सुख-समृद्धि व सुविधाओं वाला जीवन त्याग दिया और स्वतंत्रता संघर्ष का कांटों से भरा हुआ रास्ता चुन लिया। प्रसंगवश, आईसीएस के इंटरव्यू के दौरान भी उन्हें गुलामी का एक बेहद तल्ख अहसास हुआ था। दरअसल, इंटरव्यू में अंग्रेज अफसर भारतीय अभ्यर्थियों से जान-बूझकर उलटे-सीधे प्रश्न पूछकर उन्हें अपमानित कर रहे थे। उनकी बारी पर उन्होंने उनसे भी मजाक उड़ाने के लिए पूछा कि छत पर जो पंखा घूम रहा है, उसमें कितनी पंखुड़ियां हैं? उन्होंने तेज गति से चल रहे पंखे पर नजर डाली तो अफसर उन पर हंसने लगे। लेकिन उन्होंने संतुलन खोये बगैर कहा 'हम भारतीय अपनी बुद्धि से जटिल से जटिल प्रश्न का हल खोज लेते हैं, यह प्रश्न तो उसके आगे कुछ भी नहीं है।' फिर वे उठे और पंखे का स्विच ऑफ कर दिया। फिर उसके रुकते ही उसकी पंखुड़ियां गिनीं और उनकी संख्या बता दी। उनकी सहृदयता की एक मिसाल यह थी कि छात्र जीवन में उनके एक मित्र को चेचक हो गई। सुभाष ने उस मित्र के पास पहुंचकर उसकी सेवा-सुश्रूषा शुरू कर दी। यह जानकर उनके पिता ने उनसे कहा कि इससे तुम्हें भी चेचक हो सकती है। इस पर सुभाष का दो टूक उत्तर था : अब तो जो भी हो, मैं अपने मित्र को अकेला नहीं छोड़ सकता। जवाब सुनकर पिता भाव-विभोर हो उठे थे। उनकी आंखें भर आई थीं और उन्होंने कहा था, 'मुझे गर्व है कि तुम मेरे बेटे हो।' बाबा नागार्जुन भी अपनी 'उनको प्रणाम' कविता में नेता जी जैसे नायकों के लिए यह पंक्ति लिखते हुए उतने ही भाव-विभोर रहे होंगे : 'थी उग्र साधना पर जिनका जीवन नाटक दुःखांत हुआ।'

((लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कृष्ण योग के सूत्र




संकलित

दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## सटाका




## आज की पाती

### नव वर्ष का संकल्प कैसा हो

नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2025 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नई उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। वक्त का पहिया चलता रहता है। कितने युग इस पहिए के आगे आए, कितने पीछे छूट गए, ऐसे ही साल आते हैं और बीत जाते हैं। संकल्प लें कि हम खुद की खुशियों के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी में भी खुशियों को लाने की कोशिश करेंगे।

*-जगजीवन राम साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

### चीन के करीब आ रहे पूर्व अमेरिकी सहयोगी देश

अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदासीन होने के साथ ही, जो बाइडन के समय में अमेरिका के सहयोगी रहे जापान और भारत जैसे देशों के साथ चीन के संबंध बेहतर होने शुरू हो गए हैं। वाशिंगटन में सोमवार को हुआ नेतृत्व परिवर्तन चीन के लिए एक अवसर हो सकता है, जिसने लंबे समय से अपने बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की "समान विचारधारा वाले देशों" के साथ साझेदारी बनाने की रणनीति के खिलाफ आवाज उठाई थी। बाइडन ने 'क्वाड' नामक समूह को फिर से मजबूत किया जिसमें अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया हैं। अमेरिका के इन तीनों साझेदारों के साथ चीन के संबंध बेहतर हो रहे हैं, जैसे कि ब्रिटेन के साथ उसके संबंध हैं। बाइडन की इस विरासत के स्थायित्व पर सवाल पैदा हो गया है। अपने पहले कार्यकाल के दौरान, ट्रंप ने पारंपरिक अमेरिकी भागीदारों को चुनौती देने में संकोच नहीं किया था। शंघाई में फुडन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संस्थान के डीन वू शिनबो ने कहा, "यह संभव है कि ट्रंप अमेरिकी सहयोगियों से अलग हो जाएं, जिससे वे चीन की भूमिका पर अधिक ध्यान देंगे और वास्तव में इसने चीन की कूटनीति को एक मौका दिया है।



## ऑफ बीट


### भारत, सिंगापुर राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे



सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग सिंगापुर फिल्म सोसाइटी के सहयोग से भारतीय फिल्म महोत्सव 2025 (आईएफएफ 2025) का आयोजन करेगा और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 60 साल पूरे होने के मौके पर सिंगापुर की जनता के लिए 18 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने कहा कि इस महोत्सव को वार्षिक आयोजन बनाने के प्रयास किए जाएंगे, जो इस साल 24 जनवरी से शुरू होकर 2 मार्च तक चलेगा। अंबुले ने बुधवार को कहा, ''दशकों पहले बनीं क्लासिक फिल्मों से लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की हिट फिल्मों तक की मिश्रित श्रृंखला का चयन किया गया है। इसे सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से गैर-व्यावसायिक आधार पर आयोजित किया जा रहा है।'' महोत्सव में हर सप्ताहांत तीन फिल्में सनटेक सिटी के गोल्डन विलेज सिनेमा में दिखाई जाएंगी, जो सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में एक विशाल शॉपिंग और मनोरंजन परिसर है। कुल मिलाकर, महोत्सव में भारत की सात अलग-अलग भाषाओं में विभिन्न शैलियों की 18 फिल्में दिखाई जाएंगी। फिल्मों को अंग्रेजी सबटाइटल के साथ दिखाया जाएगा ताकि सभी सिंगापुरवासी उनका आनंद ले सकें।

## X ट्रेंड f

### दिल्ली में भी होगा विकास



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत को अधोसंरचना के क्षेत्र में शिखर पर पहुंचा दिया है। अब दिल्ली को भी विकास और प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ना होगा।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### ग़लत बटन मत दबा देना



बहुत मेहनत से दिल्ली के स्कूलों को ठीक किया है। ये लोग आ गए तो दिल्ली के सरकारी स्कूल बंद कर देंगे और स्कूलों की ज़मीनें अपने दोस्त को दे देंगे। ग़लत बटन मत दबा देना। नहीं तो आपके बच्चों का भविष्य ख़राब हो जाएगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### सबको साथ लेकर चलें



दान या परोपकार करना अच्छी बात है। परन्तु दाता के मन में अहंकार और बदले में प्रशंसा पाने की इच्छा रहती है, तो समाज में मानवीय गरिमा स्थापित नहीं हो सकती। जो किसी भी कारण से पीछे छूट गए हैं, उन्हें साथ लेकर चलना ही धर्म है।

-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता

### देश में पर्याप्त संसाधन



यदि उचित रूप से दोहन किया जाए, तो भारत के पास ईवी को बिजली देने, बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और हरित प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और तैनात करने के लिए संसाधन हैं जो हमारे भविष्य के लिए आवश्यक हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

ईओडब्ल्यू जबलपुर ने दर्ज की एफआईआर

# 37 करोड़ के फर्जी बिल लगाकर 5 ठेकेदारों ने ले लिया भुगतान

**जबलपुर। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल में प्राप्त शिकायत जिसमें आवेदक द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि महाकौशल क्षेत्र के विभिन्न जिलों में अनेक सड़क ठेकेदारों ने सड़क निर्माण कार्य के दौरान डामर के फर्जी बिल लगाकर करोड़ों रूपयों का अवैध रूप से भुगतान प्राप्त कर विभाग एवं शासन को हानि पहुंचाई है।**

उक्त शिकायत की जांच ईओडब्ल्यू जबलपुर में पदस्थ उप पुलिस अधीक्षक ए.व्ही. सिंह द्वारा की गई। शिकायत में जांच के दौरान संबंधित जिलों के महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत ठेकेदारों द्वारा लगाये गये सड़क निर्माण में डामरों के सत्यापित बिल जिनका भुगतान प्राप्त किया जा चुका है, उनकी प्रति प्राप्त की गई है, जो कि आईओसीएल (इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड), एचपीसीएल (हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड), बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड) एस्सार एवं नायरा आदि कंपनियों के है।




जिसकी जांच उपरोक्त कंपनियों से कराये जाने पर अनावेदक ठेकेदारों द्वारा लगाये गये बिल बिटुमिन (डामर) की प्रदायकर्ता कंपनी द्वारा जारी करना नहीं पाया गया है, लगाये गये बिल कूटरचित एवं फर्जी पाये गये। ठेकेदार (1) मेसर्स ए.डी. कंस्ट्रक्शन प्रोपराईटर श्री अनिल दुबे एफएफ-2, डीडी काम्पलेक्स, दीनदयाल चैक, विजय नगर थाने के बाजू में, जबलपुर द्वारा दो पैकेज में कुल 36,31,302/-रूपये (छत्तीस लाख, इकतीस हजार, तीन सौ दो रूपये) के बिटुमिन के 07 फर्जी इनवाईस लगाकर विभाग से भुगतान प्राप्त किया। मेसर्स विश्वकुसुम इन्फ्राटेक प्रोपराईटर अखिलेश मेहता 292-ए, एकता विहार, मदन महल, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा कुल 8 पैकेजों में कुल 12,07,13,583/- रूपये (बारह करोड़, सात लाख, तेरह हजार, पांच सौ तेरासी रूपये) के बिटुमिन के कुल 45 फर्जी इनवाईस लगाकर विभाग से भुगतान प्राप्त किया गया। (3) मेसर्स वैष्णव एसोसियेट प्रोपराईटर श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह 1017, संजीवनी नगर, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा कुल 12 पैकेज में कुल 23,57,39,632/-रूपये (तेईस करोड़, सनतावन लाख, उनतालिस हजार छः सौ बत्तीस रूपये) के बिटुमिन के कुल 42 फर्जी इनवाईस लगाकर मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण जबलपुर से भुगतान प्राप्त किया गया। मेसर्स लाल बहादुर यादव प्रोपराईटर श लाल बहादुर यादव, रेलवे स्टेशन रोड, दादा धनीराम वार्ड, महाराजपुर, मण्डला द्वारा कुल 2 पैकेज में कुल 79,94,821/- रूपये (उनयासी लाख, चैरानवे हजार, आठ सौ इक्कीस रूपये) के बिटुमिन के 6 फर्जी इनवाईस लगाकर बिटुमिन कार्य का भुगतान मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण, मण्डला से प्राप्त किया गया है। मेसर्स अब्दुल अजीज प्रोपराईटर श्री अब्दुल अजीज, जबलपुर रोड, संत निरंकारी भवन के बाजू में, बिंझिया मण्डला (म.प्र.) द्वारा 2 पैकेज में कुल 21,99,332/- रूपये (इक्कीस लाख, निन्यानवें हजार, तीस सौ बत्तीस रूपये) के बिटुमिन के 3 फर्जी इनवाईस लगाकर मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण, मण्डला से भुगतान प्राप्त किया गया। इस प्रकार पांच सड़क निर्माण ठेकेदारों ने कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से कुल 37 करोड़ के फर्जी बिटुमिन बिल लगाकर मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण से भुगतान प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई। सम्पूर्ण जांच उपरांत शिकायत पत्र में लगाये गये आरोप प्रमाणित पाये जाने से अनावेदक ठेकेदार मेसर्स ए.डी. कंस्ट्रक्शन प्रोपराईटर श्री अनिल दुबे एफएफ-, डीडी काम्पलेक्स, दीनदयाल चैक, विजय नगर थाने के बाजू में, जबलपुर (म.प्र) ( मेसर्स विश्वकुसुम इन्फ्राटेक प्रोपराईटर श अखिलेश मेहता 292-ए, एकता विहार, मदन महल, जबलपुर (म.प्र.) (3) मेसर्स वैष्णव एसोसियेट प्रोपराईटर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह 1017, संजीवनी नगर, जबलपुर (म.प्र.) (4) मेसर्स लाल बहादुर यादव प्रोपराईटर लाल बहादुर यादव, रेलवे स्टेशन रोड, दादा धनीराम वार्ड, महाराजपुर, मण्डला (म.प्र.), मेसर्स अब्दुल अजीज प्रोपराईटर अब्दुल अजीज, जबलपुर रोड, संत निरंकारी भवन के बाजू में, बिंझिया, जिला मण्डला (म.प्र.). के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471 भा.दं.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# हाई कोर्ट ने आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश पर लगाई रोक

## कनिष्ठ प्रोफेसर को प्रभारी प्राचार्य बनाने का मामला

जबलपुर।



हाई कोर्ट ने आयुक्त उच्च शिक्षा के उस आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी जिसके अंतर्गत कनिष्ठ प्रोफेसर को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया। न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने आयुक्त उच्च शिक्षा और विभाग के रीजनल एडीशनल डायरेक्टर से जवाब मांगा है।याचिकाकर्ता खंडवा निवासी डा .प्रताप राव कदम की ओर से दलील दी गई कि दो दिसंबर, 2024 को याचिकाकर्ता को शासकीय माखनलाल चतुर्वेदी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा का प्रभारी प्राचार्य बनाया गया। मात्र दो दिन बाद बिना कोई कारण बताए चार दिसंबर को एक अन्य आदेश जारी कर दो दिसंबर के आदेश पर रोक लगा दी गई। इसके बाद आयुक्त उच्च शिक्षा ने दो जनवरी, 2025 को याचिकाकर्ता से जूनियर प्रोफेसर डॉ विनय जैन को कॉलेज का प्रभारी प्राचार्य बना दिया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि दो दिसंबर के आदेश पर केवल रोक लगी थी। ऐसे में उस आदेश को रिकाल किए बिना या निरस्त किए बिना नया आदेश जारी नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि अभी भी दो दिसंबर का आदेश यथावत है, लेकिन उस पर स्थगन है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दो दिसंबर के आदेश पर रोक लगाने और डा. विनय को प्रभारी बनाने के आदेशों पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी।

# हाई कोर्ट ने पद पर बहाल कर एरियर्स भुगतान के दिए निर्देश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता ड्रायवर को पद पर बहाल करने और एरियर्स का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए तीन माह की मोहलत दी है।याचिकाकर्ता शहडोल निवासी रामदयाल यादव की ओर दलील दी गई कि 1997 में याचिकाकर्ता को अस्थाई रूप से ड्रायवर के पद पर नियुक्त किया गया था। बाद में दो जनवरी, 1998 को सेवाएं नियमित कर दी गईं। वर्ष 2020 में अचानक याचिकाकर्ता को इस आधार पर नोटिस दिया गया कि नियुक्ति के समय उसके पास पद के अनुरूप शैक्षणिक योग्यता नहीं थी। जांच के बाद 25 जनवरी 2021 को याचिकाकर्ता की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता के पास पर्याप्त अनुभव है। केवल शैक्षणिक योग्यता की कमी के आधार पर बर्खास्त करना अनुचित है।



# बिना स्वीकृति के बन रही कॉलोनी में नगर निगम ने की कार्रवाई

जबलपुर।

निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर बिना सक्षम स्वीकृति प्राप्त किए अवैध कॉलोनी निर्माण करने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा कार्यवाही की जा रही है। आज नगर निगम की टीम ने अवैध संरचना को हटाने की कार्रवाई की गई। कॉलोनी सेल प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि बिना स्वीकृति के कॉलोनी अथवा भवनों का निर्माण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है इसके लिए अलग से टीमों का गठन कर अवैधानिक कार्य करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही के निगमायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं।कॉलोनी सेल प्रभारी सुनील दुबे ने बताया कि दिए गए निर्देशों के परिपालन में आज नगर निगम की टीम ने ग्राम उमरिया में जे.के. कंसल्टेंट द्वारा खसरा नं. 12/1 पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी, कॉलोनाइजर के पास किसी भी तरह का वैध दस्तावेज न होने पर शासन के कॉलोनी विकास नियम 2021 की धारा 22(4) के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण को हटाया गया। आज की कार्यवाही में कॉलोनी सेल तथा अतिक्रमण टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव का डुमना में अल्प प्रवास आज



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज गुरुवार 23 जनवरी की दोपहर 2.20 बजे ट्रांजिट विजिट पर भोपाल से वायुयान द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। मुख्यमंत्री दोपहर 2.25 बजे हेलीकॉप्टर से नरसिंहपुर प्रस्थान करेंगे। नरसिंहपुर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 3.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा वापस डुमना एयरपोर्ट आयेंगे तथा यहाँ से दोपहर 3.50 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# अभिलेख दुरूस्ती तथा नक्शा बटांकन में प्रगति लायें : कमिश्नर

## संभाग स्तरीय वर्चुअल बैठक

जबलपुर।




कमिश्नर अभय वर्मा की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण विषयों को लेकर संभाग स्तरीय वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। जिसमें संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, सीईओ जिला पंचायत सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा कर कहा कि आधार से आरओआर की लिंकिंग में तेजी लायें, अभिलेख दुरूस्ती तथा नक्शा बटांकन में प्रगति लाये। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाईन में जिले की रैंकिंग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कलेक्टर्स सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करायें और अपने जिले की रैंकिंग सुधारें। बैठक में स्वामित्व योजना की प्रगति के साथ धान उपार्जन की समीक्षा भी की गई। उन्होंने कटनी और सिवनी के कलेक्टर से कहा कि राइस मिलर्स की बैठक करें और उपार्जित धान के परिवहन में गति लायें। पीएम जनमन की तरह धरती आबा में सेच्युरेशन करने के निर्देश दिये, जिसमें विशेष रूप से कहा गया कि 70 से अधिक उम्र के सभी लोगों के आयुष्मान कार्ड शत-प्रतिशत बन जायें। मनरेगा की समीक्षा के दौरान कहा कि लक्ष्य अनुसार कार्य हो, इस दिशा में लापरवाही न हो। बैठक में पीएम आवास, एसटी-एससी छात्रवृत्ति भुगतान, लोकायुक्त आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में लंबित प्रकरण, राज्य सेवा के अधिकारियों की शासन स्तर पर लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की गई। बैठक में विशेष रूप से कहा गया कि लाडली बहना योजना अंतर्गत जिन महिलाओं की मृत्यु हो चुकी है, उन महिलाओं के नाम सूची से हटायें। इसके साथ ही अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर कहा कि शासन की प्राथमिकता के विषयों पर तत्परता से कार्य करें।

### सतर्कता सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

कमिश्नर अभय वर्मा ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत संभाग स्तरीय सतर्कता सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की वर्चुअल बैठक की। जिसमें जबलपुर, छिंदवाड़ा और बालाघाट के डीआईजी, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी तथा अभियोजन अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर उन्होंने अधिनियम अंतर्गत सभी लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर कहा कि प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करें। यदि बजट की समस्या है तो प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग को मांग पत्र भेजें। जहां कहीं जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है तो जाति प्रमाण पत्र बनाने की कार्यवाही करें ताकि प्रकरण के निराकरण शीघ्रता से हो सके। इसी प्रकार हत्या के प्रकरणों में आश्रितों व स्वरोजगार की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये। कमिश्नर वर्मा ने कहा कि ज्यादातर प्रकरणों में आरोपित बरी हो जाते हैं, सज़ा का प्रतिशत बहुत कम है, इसे देखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि राजीनामा होने के बाद प्रकरण का निराकरण हो जाता है तो पीड़ित को दी गई राशि वापस करने का प्रावधान भी होना चाहिए।

## 27 को महू में संविधान न्याय यात्रा को संबोधित करेंगे राहुल गांधी

# संविधान से छेड़छाड़ की कोशिश कर रही भाजपा सरकार : पटवारी

जबलपुर।

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने यहां कहा कि भाजपा और आरएसएस बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए मजबूत संविधान से छेड़छाड़ और लगातार बदलने के प्रयास कर रही है। कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व लगातार संविधान की रक्षा करने संघर्ष कर रहा है। इसी कड़ी में बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मभूमि महू में 27 जनवरी को लोकसभा के नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे और श्रीमति प्रियंका गांधी सहित देश प्रदेश के तमाम वरिष्ठ नेता संविधान न्याय यात्रा को संबोधित करेंगे। जबलपुर प्रवास पर पहुंचे पटवारी यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे, इस दौरान उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने बताया कि संविधान न्याय यात्रा में प्रदेशभर से कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेताओं के शामिल होने की संभावना है, जो पूरे साल मध्यप्रदेश में चलने वाली संविधान रक्षा यात्रा की शुरुआत के रूप में आयोजित की जाएगी।



### बिना कर्ज लिए मुख्यमंत्री को नींद नहीं आती

श्री पटवारी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें कर्ज लेने वाला मुख्यमंत्री करार दिया। पटवारी ने कहा, अगर मुख्यमंत्री मोहन यादव पांच हजार करोड़ से कम का कर्ज लेते हैं, तो उन्हें नींद नहीं आती है। ये कर्ज एक सप्ताह में ही लिया जाता है, और अगर दूसरे हफ्ते तक कर्ज नहीं लिया जाए, तो मुख्यमंत्री को सर्दी-खांसी हो जाती है। पटवारी ने प्रदेश के कर्ज पर सवाल उठाते हुए इसे भाजपा सरकार की नाकामियों का उदाहरण बताया। पत्रकार वार्ता के दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, विधायक लखन घनघोरिया, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### सौरभ शर्मा की डायरी में भाजपा नेताओं का काला चिट्ठा

पटवारी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सौरभ शर्मा की "लाल डायरी" से जुड़े सवालों का अभी तक कोई जवाब नहीं मिल पाया। पटवारी ने कहा, "सौरभ शर्मा एक माह से गायब है और उसकी लाल डायरी का पता नहीं चल पाया। तीन केंद्रीय एजेंसियाँ इसे खोजने में लगी हैं, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसमें भाजपा के 40 नेताओं के नाम बताए जा रहे हैं। इन नेताओं ने पिछले छह महीनों में 2 हजार करोड़ रुपए की रिश्वत ली है। यह मामला गंभीर है और सरकार को इसका जवाब देना चाहिए।"

### भ्रष्टाचार बेरोजगारी का कैंसर फैला

पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "भाजपा ने प्रदेश में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का कैंसर फैला दिया है। उनके शासन में हर कार्यालय में बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। भाजपा नेताओं की राजनीति में बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ भी की जा रही है, और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी बाबा साहब का अपमान किया है।

### गूगल करें भाजपा नेताओं के नाम

पटवारी ने आगे कहा कि गूगल पर सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाला" शब्द सर्च करें तो मुख्यमंत्री मोहन यादव का नाम सामने आता है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि वे कानून तोड़ते हैं और जनता पर अत्याचार करते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश के विधानसभा उपचुनाव में भी भाजपा के चुनावी रणनीतियों को निशाना बनाया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने एसएएफ के जवानों को चुनाव में गड़बड़ी करने के लिए इस्तेमाल किया था।

### अलग इतिहास बनाना चाहती है भाजपा : सिंघार

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा ने कहा था अगर 4 सौ सीटें आईं तो संविधान बदल देंगे। भाजपा के नेता हर जगह आरएसएस की विचारधारा के लोगों को बैठाना चाहते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री पंगु हैं, वे कुछ नहीं कर सकते। वहीं मोहन भागवत कहते हैं राम मंदिर बना तो देश आजाद हुआ, भाजपा अपना इतिहास बनाना चाहती है। आज अभिव्यक्ति को लेकर नियम कानून बदले जा रहे हैं।

### 27 जनवरी की रैली और भविष्य की रणनीति

पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने 27 जनवरी को महू में आयोजित होने वाली "संविधान रैली" के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह रैली पूरे साल मध्यप्रदेश में चलने वाली यात्रा की शुरुआत होगी, जो संविधान की रक्षा और भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ एक आंदोलन का रूप लेगी। उन्होंने कहा, "हर विधानसभा क्षेत्र में एक सीनियर नेता को जिम्मेदारी सौंपी गई है, और बूथ और ग्राम पंचायत स्तर तक कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। यह कार्यक्रम 2025 तक चलेगा।

## आज 42 ग्राम पंचायतों में होंगे शिविर

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आज गुरूवार जिले की 42 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के तहत गुरूवार को जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत रिमझा, डुगरिया, घटेरा, रमपुरा, कोनी कला एवं बूढी कोनी में शिविर लगाये जायेंगे। जनपद पंचायत शहपुरा में सूखा, चरगवां पुरानी, देवरी पुरानी, सुनवारा, अहमदपुर, नयानगर एवं दामन खमरिया में शिविर आयोजित किये जायेंगे। जनपद पंचायत कुंडम में ग्राम पंचायत कल्याणपुर, खुक्खम, डोली, देवरीकला एवं मडई में शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जनपद पंचायत मंझौली में ग्राम उमरिया (धीरहा), तलाड़, सिहोदा, मुरैठ, उमरिया जुझारी, उमरधा एवं पहरुआ में शिविर लगाये जायेंगे। जनपद पंचायत सिहोरा के ग्राम पंचायत सिलुवा, झासी, टिकरिया (नवीन), बधुआ एवं अलगोड़ा में शिवरि आयोजित किये जायेंगे। जनपद पंचायत पनागर में ग्राम पंचायत गुडगवाँ, रैपुरा, खिरिया, महगवाँ, निभौरा एवं धरहर में शिविर लगाये जायेंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत जबलपुर में ग्राम पंचायत रिछाई, रीवा, नान्हाखेडा, सिहोरा, जोगीढाणा एवं बम्हनी में शिविर आयोजित किये जायेंगे। ग्राम पंचायत स्तर पर लगाये जा रहे इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की 34 हितग्राही मूलक योजनाओं एवं 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## राम जन्मोत्सव की प्रथम वर्षगांठ पुष्प वर्षा कर मनाया



**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ अखाड़ा समिति हनुमान समिति संयुक्त रूप से प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से भगवान राम की धुन 1 वर्ष पूर्ण हुआ एवं भगवान राम जन्म उत्सव वर्षगांठ पूर्ण हो गया। इस परिपेक्ष में पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरण का लोगों का स्वागत किया गया। राम भक्तों की टोली पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते हुए भगवान राम जगह-जगह पूजा अर्चना की गई। आकांक्षा के साथ राम भगवान विग्रह श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए। पुजारी एवं राम भक्त है अवसर पर सनातन संस्कृति अमर रहे का उद्घोष किया गया धनंजय बाजपेई विजय गुप्ता उत्कर्ष गुप्ता सुरेंद्र असाटी अखिलेश मेहता सुरेंद्र कोहली विवेक कोहली विजय साहू अन्य भक्त मौजूद रहे।उसके चचेरे भाई प्रकाश उर्फ बाबू चौधरी और मोहल्लें के राज चौधरी और हिमांश चौधरी बीच बचाव करने पहुंचे तो तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। घायल राकेश को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां से उसे मेडीकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## बिजली कम्पनी की दो महिला अधिकारी सम्मानित



**जबलपुर।** म प्र पावर जनरेटिंग कम्पनी जबलपुर में मानव संसाधन व प्रशासन की दो महिला अधिकारियों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया। खुशबू शर्मा , उपमहाप्रबंधक को नीति आयोग भारत सरकार के अंतर्गत फेयर विजन फाउंडेशन द्वारा उनके कम्पनी सामाजिक उत्तरदायित्व (सी एस आर) कार्यो में श्रेष्ठ कार्य करने हेतु राष्ट्र सेवा सम्मान प्रदान किया गया। वर्तिका गुरबानी, कार्मिक अधिकारी को द प्रिंट व ए एन आई मीडिया द्वारा मानव संसाधन विकास में श्रेष्ठ कार्य करने पर भारतीय रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

## जगह-जगह भंडारे, प्रसाद वितरण महाआरती के आयोजन

# प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा पर शहर में रहा अयोध्या सा नजारा

**जबलपुर।** अयोध्या में भगवान श्री राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बुधवार को पूरा शहर राम नाम की गूंज से उठा। हर तरफ हर्षोल्लास का वातावरण रहा। पूरा शहर भगवा रंग में रंगा रहा। जगह-जगह सुंदरकांड पाठ, रामायण पाठ किए गए। हवन पूजन के बाद कहीं मिष्ठान्न और कहीं भंडारे का आयोजन किया गया। इन आयोजनों से दिन में जहां ऐसा लग रहा था कि दशहरे का पर्व मनाया जा रहा था तो वहीं रात में दीपों की जगमगाहट और रंग बिरंगी आतिशबाजी से दीपोत्सव का नजारा दिख रहा था। सुबह से ही लोग राम रंग में रंगे नजर आने लगे थे। महिलाएं पीले वस्त्र और पुरुष केसरिया वस्त्र में नजर आ रहे थे।



### मां कालीधाम में दिनभर चला भंडारा

अयोध्या में 500 वर्ष बाद श्रीराम लला मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रह की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने पर श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति गढाफाटक द्वारा दो दिवसीय भव्य आयोजन किया गया। मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया, वही बुधवार को सुबह मातारानी की पूजन अर्चना कर दोपहर 1 बजे से भोजन भंडारे का आयोजन किया गया, जो देर शाम तक चलता रहा। भंडारे में हजारो श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। पूरे दिन मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। शाम को मंदिर में आरती कर दीप प्रज्वलित किए गए। पूरे दिन जय श्री राम और जय काली के नारे गुंजायमान रहे। समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने पूरे मनोयोग के साथ आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया और आयोजन में सहयोग करने वालों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### गोविंदगंज रामलीला में भंडारा

गोविंदगंज रामलीला समिति द्वारा श्री कटरा वाले मंदिर में महाआरती के बाद भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इसके पूर्व मानस पाठ और सुंदरकांड के साथ भजन कीर्तन किया गया।

### कृषि उपज मंडी के सामने चला भंडारा

कृषि उपज मंडी के सामने साहू मार्बल प्रतिष्ठान के सामने दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

### गढा सिद्ध मंच पर विविध आयोजन

श्रीरामलीला समिति गढ़ा जाबालिपुरम श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम बर्ष गांठ के अवसर पर दिनांक 22 जनवरी को सिध्दमंच में प्रातः 9 बजे संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ,भजन कीर्तन, हवन शांति तदोपरांत भोजन प्रसादी ,दोपहर 3 बजे से 5:30 तक संगीतमय भजन कीर्तन,

शाम 5:30 बजे से रामलीला नाट्य मंचन की प्रस्तुति कमलेश यादव और मदन गोपाल पटेल के निर्देशन में की गई। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी शामिल हुए। इस अवसर पर संयोजक पंडित अशोक मनोध्या अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे,शरद दुबे कुररिया, हरीश मनोध्याय, राजेन्द्र प्यासी, भोलाराम खत्री, भूपेंद्र उपाध्याय, अशोक बघेल दादा भाई, आलोक पाठक, मथुरा जैन उत्साही, आदि उपस्थित रहे।



## राम जन्मोत्सव की प्रथम वर्षगांठ पुष्प वर्षा कर मनाया

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ अखाड़ा समिति हनुमान समिति संयुक्त रूप से प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से भगवान राम की धुन 1 वर्ष पूर्ण हुआ एवं भगवान राम जन्म उत्सव वर्षगांठ पूर्ण हो गया इस परिपेक्ष में पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरण का लोगों का स्वागत किया गया राम भक्तों की टोली पूरे क्षेत्र में भ्रमण करते हुए भगवान राम जगह-जगह पूजा अर्चना की गई आकांक्षा के साथ राम भगवान विग्रह श्रद्धालुओं को दर्शन कराए गए पुजारी एवं राम भक्त है अवसर पर सनातन संस्कृति अमर रहे का उद्घोष किया गया धनंजय बाजपेई विजय गुप्ता उत्कर्ष गुप्ता सुरेंद्र असाटी अखिलेश मेहता सुरेंद्र कोहली विवेक कोहली विजय साहू अन्य भक्त मौजूद रहे।

**गोलबाजार में की जा रही आयोजन की भव्य तैयारियां**

## पंचकल्याणक महोत्सव 2 फरवरी से



**जबलपुर।** आचार्य कुंदकुंद दिगंबर जैन वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन द्वारा आगामी 2 फरवरी से 7 फरवरी तक श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजन जबलपुर गोलबाजार में किया जा रहा है। जिनशासन सेवक अखिलेश जैन सीए, मंडल अध्यक्ष अशोक जैन दिगंबर, फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन ग्रीनबेली, ब्रह्मचारी श्रेणिक जैन, डॉक्टर मनोज जैन, मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन, नितिन जैन, अंकित जैन, हितेश जैन, आतम जैन, सतीश जैन, प्रशांत जैन, निशांत जैन सहित महोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

मंडल अध्यक्ष अशोक जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव का भव्य शुभारंभ 2 फरवरी गर्भकल्याणक की पूर्व क्रिया एवं ध्वजारोहण से होगा, 3 फरवरी को गर्भकल्याणक, 4 फरवरी को जन्मकल्याणक, 5 फरवरी को तपकल्याणक, 6 फरवरी को ज्ञानकल्याणक एवं 7 फरवरी को मोक्षकल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा।

महोत्सव समिति द्वारा भारत सहित सम्पूर्ण विश्व की जिनवाणी तत्वरसिक सकल जैन सहित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को मंगल आमंत्रण दिया जा रहा हैं बुधवार को महोत्सव समिति ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ सकल जैन समाज के सभी घटकों सहित युवा मंडलों एवं महिला मंडल की आमंत्रण दिया।

## एम.पी.ट्रांसको के 2 दिवसीय वार्षिक खेलकूद आज से

**जबलपुर।** एम.पी.ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतरविभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे चरण के मुकाबले आज से प्रारंभ हो रहे हैं। 23 एवं 24 जनवरी को ज्योति क्लब स्थित प्रांगण में रामपुर, जबलपुर में दो दिवसीय इस आयोजन में एम.पी.ट्रांसको के जबलपुर, सिवनी, सागर, सतना स्थित विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिक हिस्सा लेंगे। इसमें महिला-पुरूष की टेबिल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम एवं शतरंज मुकाबले एवं पुरूषों के कबड्डी व रस्साकशी के मुकाबले खेले जाएंगे। एम.पी.ट्रांसको में पहली बार कार्मिकों के पारिवारिक महिला सदस्यों के लिए खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बैडमिंटन, चम्मच दौड़, पिट्टू एवं रस्साकशी स्पर्धा आयोजित की जा रही हैं।



## रादुविवि के कर्मचारियों एवं छात्रों ने कुलपति से कहा अब तो बक्श दो विवि को

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, के कर्मचारियों द्वारा 24वे दिन भी अनशन जारी रखा गया। वि.वि. प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विवि में जोरदार नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन किया गया तथा विश्वविद्यालय से गायब रहने वाले कुलगुरू डॉ. राजेश वर्मा से विश्वविद्यालय हित में इस्तीफा मांगा गया। अब तो यह स्थिति हो गई कि लगभग हजारों फाइलों का कुलसचिव और कुलगुरू कार्यालय में अंबार लग गया है। छात्रों के टाइम टेबल के साथ-साथ हर मुद्दों पर भी अब समिति ही निर्णय लेगी। इससे स्पष्ट हो गया है कि कुलगुरू प्रशासनिक निर्णय लेने में अयोग्य हैं। धरना प्रदर्शन में बंशबहोर पटेल, पूर्व प्रांताध्याक्ष/अध्यक्ष, बैसाखू, पूर्व अध्यक्ष, श्रीष दुबे, पूर्व अध्यक्ष, संजय यादव, पूर्व महासचिव, मनीष पाण्डेय, पूर्व महासचिव, रामसजीवन सौंधिया, पूर्व उपाध्यक्ष, श्री अंकित श्रीवास इत्यादि ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया तथा कर्मचारियों की मांगो की पूर्ति होने तक आंदोलन को यथावत जारी रखने का निर्णय लिया है।

## चतुर सिंह बने संभागीय अध्यक्ष



**भेड़ाघाट।** संभागीय नगर परिषद नगर पालिका के अध्यक्षों की बैठक भेड़ाघाट नगर परिषद भेड़ाघाट में संपन्न हुई। जिसमे जबलपुर संभाग के सभी नगरीय निकाय के लगभग 35 अध्यक्ष बैठक में उपस्थित हुए। जिसमे सर्व सम्मती से नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह को जबलपुर संभाग का अध्यक्ष चुना गया। समस्त निकायों के अध्यक्ष द्वारा इस बैठक में 5 बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी ने एक साथ मिलकर चलने की शपथ ली एवं आगामी दिनों मे पूरे प्रदेश मे मीटिंग के आयोजन कि रुपरेखा भी तैयार कि गई।



## निषाद राज भवन में नल का भूमि पूजन

**पाटन।** निषाद राज भवन पाटन में नल के भूमि पूजन के लिए नगर अध्यक्ष आचार्य जागेंद्र सिंह एवं साथी पार्षद दीपक जैन के साथ मुनीम बर्मन गणपत बर्मन गोविंद बर्मन मथुरा प्रसाद रैकवार पवन बर्मन दीपक बर्मन दुर्गा प्रसाद बर्मन भोलू रैकवार गुनर बर्मन धर्मेंद्र बर्मन खुमान बर्मन एवं मांझी समाज के समस्त लोग उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जागरुकता रैली

सिहोरा। चंद्रा देवी नारायण प्रसाद विद्यालय मे आज 22 जनवरी 2025 को एक विशाल रैली का आयोजन गया जिसका बिंदु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जागरुकता रैली का आयोजन चंद्रादेवी नारायण प्रसाद विद्यालय द्वारा किया गया। जिसका शुभारंभ प्राचार्य एम के शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया।रैली में समस्त छात्र छात्राओं ने नारे का जयघोष किया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से शहर के प्रत्येक नागरिक को जागरूक किया।रैली विद्यालय से प्रारम्भ होकर पठानी मोहल्ला,कालभैरव चौक,आज़ाद चौक,गौरी तिराहा,कुरें मंडी,नया मोहल्ला से होते हुए वापस विद्यालय में समाप्त हुई।



आज विद्यालय में विज्ञान प्रश्नोत्तरी आयोजित की जायगी कार्यक्रम को सफल मे नौशाद अंसारी,डी पी शर्मा,सुमित पटेल, सुषमा महोबिया,ज्योति पाण्डेय,सुन्दरम सिंह , प्रशांत,हयात कौसर,रूचि गर्ग, दिव्या राठौर, चंद्रमणि पटेल,प्रीति मनोचा,हुमा खान,माहि खान, साहिबा रंगरेज,मुस्कान,शमीम,वंदना सेन,रिया चीमा का सहयोग रहा।

## शासन एवं समाज के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है जन अभियान परिषद : विधायक तिवारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जन आभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री समुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को कार्यरत परामर्शदाताओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के बायोफर्टिलाईजर सेमिनार हाल में प्रारंभ हुआ। कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर पनागर के विधायक श्री सुशील तिवारी इंदु, संचालक शिक्षण जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय डॉ अभिषेक शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार श्री रविंद्र बाजपेई एवं जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक रवि बर्मन की उपस्थिति में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री सुशील तिवारी इंदू ने कहा कि जन अभियान परिषद के मेंटर्स, कार्यकर्ता एवं संस्थाएँ शासन की केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुँचाने में भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जन अभियान परिषद सरकार तथा समाज और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी की भांति कार्य करता है। परिषद के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निश्चित ही प्रतिभागियों के कौशल एवं दक्षता को बढ़ाने का कार्य करेगा, जिसका लाभ शासन और समाज दोनों को होगा और कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक हिन्दी एक्सप्रेस के प्रधान संपादक श्री रविंद्र बाजपेई ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सामाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाले सामाचार की गुणवत्ता समाचार के वास्तविक तथ्यों पर आधारित होती है।

## विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने घेरा सरौली विद्युत मंडल कार्यालय



**सिहोरा।** विभिन्न समस्याओं को लेकर सयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान एंव जितेन्द्र कुमार कुर्मी के नेतृत्व में अनेक किसानों द्वारा विद्युत मंडल सरौली मझगवां का घेराव किया गया तथा मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि कृषि पंपों के बढ़ाकर भेजें गए हार्स पावर लोड व बिजली बिल को तुरंत सुधारा जाएं तथा जब तक बिलों में सुधार नही होता तब तक बिजली बिलों को जमा करने,1912 व 181 में किसानों के द्वारा की गई शिकायतों को वापस लेने का दबाव न बनाया जाएं,जब तक कृषि पंपों के बिलों का समाधान नहीं होता तब तक नोटिस आदि न भेजे जाएं,कृषि बिजली 10 घंटे दिन में ही रेग्युलर दी जाएं,ओवरलोड ट्रांसफार्मर को बदलकर लोड क्षमता के अनुसार लगाया जाएं। सहित अनेक मांगें शामिल थी।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्र.11 नगर निगम जबलपुर**
पत्रक्र./सं.क्र.11/19-20/.... दिनांक 20/01/2025
डोरटु डोर क्र. 1000171619, 467073357, 1000379157
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपक कुरील पि. श्री द्वारका प्रसाद कुरील श्रीमति लक्ष्मीवाई कुरील W/o श्री द्वारका प्रसाद कुरील पिता- ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी बीरांगना अबंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक दुर्गा नगर भटौली ग्वारीघाट सम्पति के पिन क्रमांक 1000379151 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा- वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 300sqf. कच्चा प्रथम तल-Nil द्वितीय तल-Nil वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अनु. विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/ बंटवारानामा, शपथपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमती गुडडु झारिया पिता श्री कल्लू झारिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक 11
नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY No. 15670595K, RANK- HAV, NAME SUSANTO KUMAR MAHANTY S/O SHYAMA GHANA MOHANTY OF UNIT MB AREA SIGNAL'S COMPANY,JABALPUR (M.P.),R/O BRAHMA NAGAR 2ND LINE BRAHMAPUR SADAR GANJAM ORISSA 760001. I state that in my **Wife, Aadhar card** my Wife Name **(ANITA KUMARI MOHANTY)** which is true and correct but in my Army service Record my Wife Name is recorded **(ANITA KUMARI MAHANTY)** Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Wife is **(ANITA KUMARI MOHANTY)** and same Name shall be corrected in my Army service Record.
**CORRECT NAME**
**(ANITA KUMARI MOHANTY)**
**INCORRECT NAME**
**(ANITA KUMARI MAHANTY)**

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY No. 15670595K, RANK- HAV, NAME SUSANTO KUMAR MAHANTY S/O SHYAMA GHANA MOHANTY OF UNIT MB AREA SIGNAL'S COMPANY,JABALPUR (M.P.), R/O BRAHMA NAGAR 2ND LINE BRAHMAPUR SADAR GANJAM ORISSA 760001. I state that in my **Father, Aadhar card** my Father Name **(SHYAMA GHANA MOHANTY)** which is true and correct but in my Army service Record my Father Name is recorded **(SYAMO GHANO MAHANTY)** Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Father is **(SHYAMA GHANA MOHANTY)** and same Name shall be corrected in my Army service Record.
**CORRECT NAME**
**(SHYAMA GHANA MOHANTY)**
**INCORRECT NAME**
**(SYAMO GHANO MAHANTY)**

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY No. 15689624H RANK- HAV NAME BIRENDRA SINGH S/O MOHAR SINGH OF UNIT MB AREA SIGNAL'S COMPANY, JABALPUR(M.P.), R/O CHAUKI, KANPUR DEHAT UTTAR PRADESH 209111. I state that in my Mother, Aadhar card my Mother Name **(NIRMALA)** which is true and correct but in my Army service Record my Mother Name is recorded **(NIRMALA DEVI)** Which is incorrect. I state that the true and correct Name of my Mother, is **(NIRMALA)** and same Name shall be corrected in my Army service Record.
**CORRECT NAME-(NIRMALA)**
**INCORRECT NAME- NIRMALA DEVI)**



**श्रीमती लीला वर्मा-** विजय नगर निवासी श्री चिरंजी लाल वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती लीला वर्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुभद्रा बाई-** गढ़ा रिलायंस पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री मान सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा बाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अभय अग्रवाल-** दीक्षितपुरा निवासी श्री अभय अग्रवाल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नीरज यादव-** बंबा देवी शीतलामाई निवासी श्री राम कुमार यादव के पुत्र श्री नीरज यादव (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री आदित्य कुमार पवार-** आकर्ष एनक्लेव तिलहरी निवासी श्री आदित्य कुमार पवार (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई राजपूत-** भरतीपुर बड़ी ओमती निवासी श्री गंगा सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई राजपूत (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती महाराजी मौर्या-** पिपरिया सोनपुर रोड निवासी श्री अनंत कुमार मौर्या की धर्मपत्नी श्रीमती महाराजी मौर्या (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रीना ठाकुर-** गढ़ा पुरवा धनवंतरी नगर रोड निवासी श्री पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती रीना ठाकुर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुकुंदी लाल-** सदर केंट निवासी श्री मुकुंदी लाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री एहम विश्वकर्मा-** मांडवा शिवाजी नगर रामपुर निवासी श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा के पुत्र श्री एहम विश्वकर्मा (07) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक कनौजिया-** हृदय नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री बाबू लाल कनौजिया के पुत्र श्री दीपक कनौजिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिवम विषाद-** गांधीगंज कटनी निवासी श्री भोला निषाद के पुत्र शिवम निषाद (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**जन्मदिन उत्सव**
**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह फरवरी का फार्मेट का प्रकाशन 20 जनवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 25 जनवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मै स्वाती लक्ष्मणराव भगत (SWATI LAXMANRAO BHAGAT ) पिता लक्ष्मणराव भगत (LAXMANRAO BHAGAT ) निवासी वॉर्ड नं. 03 कांबले ले आउट, लूंबिनी नगर पुलगाव, वर्धा महाराष्ट्र कथन करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट नं. L5124212 में मेरा नाम SWATI LAXMAN BHAGAT पिता LAXMAN VITTHALRAO BHAGAT लिखा है।
अत: मुझे SWATI LAXMANRAO BHAGAT पिता LAXMANRAO BHAGAT नाम से जाना व लिखा जाये ।
पूर्व नाम :- स्वाती लक्ष्मण भगत
SWATI LAXMAN BHAGAT
पिता :- LAXMAN VITTHALRAO BHAGAT
परिवर्तित नाम :- स्वाती लक्ष्मणराव भगत
(SWATI LAXMANRAO BHAGAT )
पिता :- लक्ष्मणराव भगत
(LAXMANRAO BHAGAT)

# संगठित क्षेत्र में रोजगार बढ़े, ईपीएफओ ने नवंबर में शुद्ध रूप से 14.63 लाख सदस्य जोड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने पिछले साल नवंबर में शुद्ध रूप से 14.63 लाख सदस्य जोड़े हैं। यह सालाना आधार पर 4.88 प्रतिशत अधिक है। निश्चित वेतनमान पर रखे जाने वालों के कर्मचारियों के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

■ ईपीएफओ ने नवंबर 2024 में लगभग 8.74 लाख नए सदस्यों का पंजीकरण किया

श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुद्ध रूप से सदस्यों की संख्या में वृद्धि रोजगार के अवसर बढ़ने और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है। इसे ईपीएफओ की प्रभावी पहुंच पहलों से बल मिला है। मंत्रालय ने कहा कि मासिक आधार पर, अक्टूबर 2024 की तुलना में शुद्ध रूप से सदस्यों की वृद्धि 9.07 प्रतिशत रही। अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि ईपीएफओ ने नवंबर 2024 में लगभग 8.74 लाख नए सदस्यों का पंजीकरण किया, जो एक साल पहले के इसी महीने की तुलना में 18.80 प्रतिशत और यह अक्टूबर, 2024 के मुकाबले 16.58 प्रतिशत अधिक है।

## संख्या में वृद्धि रोजगार के अवसर, कर्मचारी लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ी

### 34.75 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि

मंत्रालय ने कहा कि यह पहले की प्रवृत्ति के अनुरूप है, जो यह दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं। इनमें भी मुख्य रूप से वे हैं जो पहली बार नौकरी तलाश रहे हैं। नवंबर के पेरोल आंकड़ों के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से लगभग 14.39 लाख सदस्य निकल गए और बाद में दोबारा संगठन से जुड़ गए। यह आंकड़ा पिछले महीने यानी अक्टूबर, 2024 की तुलना में 11.47 प्रतिशत और सालाना आधार पर नवंबर, 2024 में 34.75 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि है।






### पांच प्रतिशत की वृद्धि

समीक्षाधीन माह के दौरान महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में व्यक्तिगत रूप से शुद्ध रूप से कुल सदस्यों में पांच प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई।नौकरी का यह आंकड़ा अस्थायी है क्योंकि आंकड़े तैयार करना और कर्मचारी रिकॉर्ड को अद्यतन करना एक सतत प्रक्रिया है।

### व्यापक बदलाव का संकेत


महिला सदस्यों की संख्या में वृद्धि अधिक समावेशी और विविध कार्यबल की ओर व्यापक बदलाव का संकेत है। आंकड़ों के राज्यवार विश्लेषण से पता चलता है कि शीर्ष पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में शुद्ध सदस्य वृद्धि लगभग 59.42 प्रतिशत है, जिससे माह के दौरान कुल मिलाकर लगभग 8.69 लाख शुद्ध सदस्य जुड़े।

### 18-25 आयु वर्ग का दबदबा

एक महत्वपूर्ण पहलू 18-25 आयु वर्ग का दबदबा होना है। इस आयु वर्ग में 4.81 लाख नए सदस्य जुड़े हैं, जो नवंबर 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों का 54.97 प्रतिशत है। नवंबर, 2024 में 18-25 वर्ष आयु वर्ग में शुद्ध रूप से 5.86 सदस्य जोड़े गये थे, जो अक्टूबर 2024 की तुलना में 7.96 प्रतिशत अधिक है।

## खबर संक्षेप

### एचसीएलटेक में 5,000 नौकरियों का सृजन




**हैदराबाद।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एचसीएलटेक यहां एक नए प्रौद्योगिकी केंद्र की शुरुआत के साथ अपने वैश्विक वितरण क्षेत्र का विस्तार कर रही है। इससे 5,000 अतिरिक्त नौकरियों का सृजन होगा। प्रबंध निदेशक सी. विजयकुमार के साथ मंगलवार को हुई बैठक के बाद यह घोषणा की गई।

### एचयूएल का शुद्ध लाभ 19 फीसदी बढ़ा

Hindustan Unilever Limited
brightFuture

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के सामान बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.18 प्रतिशत बढ़कर 2,989 करोड़ रुपए हो गया। एचयूएल ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 2,508 करोड़ रुपए था।

### सहयोग के लिए फियो क्रेडलिक्स में समझौता

FIEO

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यातकों का शीर्ष संगठन फियो ने भारतीय निर्यातकों की वृद्धि को गति देने और उनकी वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला वित्तीय समाधान प्रदान करने वाली प्रमुख वैश्विक कंपनी क्रेडलिक्स के साथ समझौता किया है। संसाधन उपलब्ध कराते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सुव्यवस्थित करने में मदद करेगा।

### कुछ इक्विटी शोध कंपनियां बंद कर रहीं अपना कारोबार



**नई दिल्ली।** शोध विश्लेषकों पर आए सेबी के नए दिशानिर्देशों के कारण अनुपालन एवं परिचालन जरूरतें बढ़ने से कई इक्विटी अनुसंधान कंपनियों को अपना कामकाज समेटने की सार्वजनिक रूप से घोषणा करनी पड़ रही है। अवैध तौर-तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए आठ जनवरी को अनुसंधान विश्लेषकों के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे।

### सीटीआरएलएस करेगा 'एआई डाटासेंटर क्लस्टर' की स्थापना



**हैदराबाद।** सीटीआरएलएस डाटासेंटर्स लिमिटेड ने 10,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ राज्य में अत्याधुनिक 'एआई डाटासेंटर क्लस्टर' स्थापित करने के लिए तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच से इतर इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया।

### एचडीएफसी बैंक का लाभ बढ़कर 16,736 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ दो प्रतिशत बढ़कर 16,736 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 16,373 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर कुल आय बढ़कर 87,460 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 81,720 करोड़ रुपए थी।

## बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 567 अंक चढ़ा

# बाजार में लौटी रौनक, सेंसेक्स उछला एनएसई में निवेशक 11 करोड़ के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में तेजी आने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई। सेंसेक्स करीब 567 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने एक बार फिर 23,150 के स्तर को हासिल कर लिया।*

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 566.63 अंक यानी 0.75 प्रतिशत बढ़कर 76,404.99 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 624.77 अंक चढ़कर 76,463.13 के स्तर तक पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 130.70 अंक यानी 0.57 प्रतिशत चढ़कर 23,155.35 पर बंद हुआ।

इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजारों ने पिछले कारोबारी सत्र की भारी गिरावट से पुरजोर वापसी की। मंगलवार को सेंसेक्स 1,235.08 अंक टूटकर सात महीनों के निचले स्तर 75,838.36 और निफ्टी 320.10 अंक गिरकर 23,024.65 पर बंद हुआ था। बुधवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस ने सर्वाधिक 3.16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की। उसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 2.97 प्रतिशत और टेक महिंद्रा में 2.28 प्रतिशत की तेजी रही।



### एनएसई ने पांच महीनों में जोड़े एक करोड़ निवेशक

नई दिल्ली। शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने बुधवार को कहा कि उसके पंजीकृत निवेशकों की संख्या 11 करोड़ को पार हो गई है। इसमें अंतिम एक करोड़ पंजीकरण सिर्फ पांच महीनों में हुए हैं। यह निवेशकों की प्रत्यक्ष माध्यमों से शेयर बाजार में बढ़ती भागीदारी को बताता है। एनएसई में निवेशक पंजीकरण में हाल के दिनों में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है और पिछले पांच वर्षों में इसमें 3.6 गुना उछाल आया है।

### 1142 शेयरों में रही तेजी

मानक सूचकांकों में बढ़ोतरी के बावजूद बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,802 नुकसान में रहीं जबकि 1,142 शेयरों में तेजी रही और 115 अन्य अपरिवर्तित रहे। क्षेत्रवार सूचकांकों में केंद्रित आईटी खंड में 2.19 प्रतिशत और आईटी खंड में 1.88 प्रतिशत की तेजी रही जबकि रियल्टी खंड में 4.53 प्रतिशत की तगड़ी गिरावट रही। इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण सेवा कंपनी साएंट डीएलएम के शेयरों में 13.55 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई।

### पिछने चार महीने में 10000 अंक गिरा सेंसेक्स

भारतीय शेयर बाजार में हाहाकार मचा है। महीने दर महीने गिरावट बढ़ती जा रही है। सेंसेक्स की बात करें तो अपने हाई से करीब 10000 अंक टूट चुका है। सेंसेक्स 27 सितंबर, 2024 को ऑल टाइम हाई 85,978 अंक पर था, जो कि 22 जनवरी 2025 को 12% यानी 10,000 अंक से ज्यादा टूटकर 75,816 पर आ गया। बुधवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 75,816 के लोअर स्तर को छुआ, वहीं कारोबार के अंत में सेंसेक्स 76,404.99 अंक पर बंद हुआ। अब जब इंडेक्स पिछले चार महीने में 12 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है तो फिर पोर्टफोलियो में 40 से 50 फीसदी तक की गिरावट आम बात है, और यही गिरावट अब निवेशकों को डरा रहा है। इस गिरावट के कई कारण हैं। ओवरवैल्यूड शेयर प्राइस, विदेशी निवेशकों की बिकवाली, तिमाही दर तिमाही कंपनियों के कमजोर नतीजे और अमेरिकी में ट्रंप सरकार की वापसी।

## कच्चे जूट का एमएसपी 6 प्रतिशत बढ़कर 5,650 रुपए प्रति क्विंटल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किया गया फैसला

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 5,650 रुपए प्रति क्विंटल करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। यह कच्चे जूट के पिछले एमएसपी से 315 रुपए प्रति क्विंटल यानी छह प्रतिशत अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी।

गोयल ने कहा कि नया एमएसपी अखिल भारतीय भारांश औसत उत्पादन लागत पर 66.8 प्रतिशत 'रिटर्न' को सुनिश्चित करता है जिससे जूट उत्पादकों को लाभ होगा। सरकार ने कच्चे जूट पर एमएसपी को 2014-15 के 2,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2025-26 विपणन सत्र के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जो 2.35 गुना वृद्धि है। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट का स्वीकृत एमएसपी, बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरुप है।

### 40 लाख किसान जूट उद्योग पर निर्भर

गौरलतब है कि 40 लाख कृषक परिवारों की आजीविका प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जूट उद्योग पर निर्भर है। जूट मिलों और जूट के व्यापार से करीब चार लाख श्रमिकों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है। गत वर्ष 1.7 लाख किसानों से जूट की खरीद की गई थी। जूट उत्पादन में 82 प्रतिशत किसान पश्चिम बंगाल से हैं, जबकि असम तथा बिहार की जूट उत्पादन में 9-9 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। भारतीय जूट निगम मूल्य समर्थन परिचालन के लिए केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में काम करना जारी रखेगी। ऐसे परिचालनों में होने वाले नुकसान (यदि कोई हो) की पूरी भरपाई केन्द्र सरकार करेगी।

■ भारत अपनी पवन ऊर्जा क्षमता में 3.4 गीगावाट की वृद्धि की

## भारत में हरित ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता 217.62 गीगावाट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की कुल हरित ईंधन आधारित क्षमता 20 जनवरी तक 217.62 गीगावाट पहुंच गई।एक आधिकारिक बयान में बुधवार को कहा गया है कि 2024 में भारत ने अपनी सौर ऊर्जा क्षमता में 24.5 गीगावाट और पवन ऊर्जा क्षमता में 3.4 गीगावाट की वृद्धि की। इससे 2023 की तुलना में सौर ऊर्जा में दो गुना से अधिक वृद्धि और पवन ऊर्जा में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा, भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के रूप में उभर रहा है। 20 जनवरी, 2025 तक भारत की कुल गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता (हरित ऊर्जा क्षमता) 217.62 गीगावाट तक पहुंच गई है।



***2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ ईंधन हासिल करना***

*आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 तक भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 462 गीगावाट थी, जिसमें से 209.44 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा थी। इसमें जलविद्युत भी शामिल है। देश का लक्ष्य 2030 तक 500 गीगावाट स्वच्छ ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता हासिल करना है।*

## टॉरेंट ग्रीन एनर्जी ने किया टीयू28 का गठन...




**नई दिल्ली।** टॉरेंट पावर की इकाई टॉरेंट ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी टॉरेंट ऊर्जा 28 का गठन किया है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि टीजीईपीएल को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने टीयू28 के लिए कंपनी गठन प्रमाणपत्र जारी किया है। टीयू28, टीजीईपीएल की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। जीईपीएल मूल कंपनी टॉरेंट पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। अधिग्रहण की लागत या जिस मूल्य पर शेयर खरीदे गए हैं वह 5,00,000 रुपए (10 रुपये मूल्य के 50,000 शेयर) है।

## यूरोपीय संघ के साथ समझौते से 100 अरब डॉलर आएगा निवेश

एजेंसी ▶▶| दावोस



■ देश के युवाओं के प्रति अपनाए जा रहे दृष्टिकोण में एक बड़ा बदलाव

केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बुधवार को कहा कि चार यूरोपीय देशों के समूह के साथ नए व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौते से भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश आएगा और 10 लाख नौकरियों का सृजन होगा। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे मंत्री ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि भारतीय प्रतिभा ने वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमता साबित की है और वैश्विक कंपनियों द्वारा की गई प्रतिबद्धताएं भारतीय युवाओं के कौशल में उनके विश्वास को दर्शाती हैं।

कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने कहा कि ये किसी भी उद्योग के साथ-साथ लोगों तथा निवेशकों के लिए बुनियादी चीजें हैं। उन्होंने कहा, 'यह भी स्पष्ट है कि भारत सरकार अपने युवाओं पर बहुत भरोसा करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं युवाओं से बातचीत करते हैं और हर अवसर पर उन्हें प्रेरित करते हैं। मंत्री ने हाल ही में आयोजित 'युवा नेता संवाद' का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं के साथ छह घंटे बिताए और यह केवल समूचे भारत से आए देश के युवाओं की बात सुनने के लिए किया गया। मंत्री ने कहा कि यह सरकार द्वारा हमारे देश के युवाओं के प्रति अपनाए जा रहे दृष्टिकोण में एक बड़ा बदलाव है।

## पिछले साल नौ फीसदी घटी आवास बिक्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ 2024 में नए घरों की आपूर्ति 15 प्रतिशत 4,11,022 इकाई रह गई

देश के नौ प्रमुख शहरों में बीते साल आवास की बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 4.71 लाख इकाई रही। मुख्य रूप से मांग कम होने के साथ-साथ नयी आपूर्ति में कमी के कारण बिक्री में कमी आई है। आंकड़ा विश्लेषक कंपनी प्रॉपइक्विटी ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह कहा। पीई एनालिटिक्स की इकाई प्रॉपइक्विटी ने देश के नौ प्रमुख शहरों- बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, नवी मुंबई, पुणे और ठाणे के आवास मांग और बिक्री से जुड़े आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट जारी की है। पिछले साल आवासीय संपत्तियों की बिक्री नौ प्रतिशत घटकर 4,70,899 इकाई रही, जो वर्ष 2023 में 5,14,820 इकाई थी। आम चुनाव और मानसून के बीच दो तिमाहियों की कम गतिविधि के कारण 2024 में नए घरों की आपूर्ति 15 प्रतिशत घटकर 4,11,022 इकाई रह गई।

### रियल एस्टेट क्षेत्र मजबूत बना हुआ

प्रॉपइक्विटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और संस्थापक समीर जसूजा ने कहा, "पिछले साल आवास आपूर्ति और बिक्री में गिरावट उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव के कारण है। 2023 में आंकड़ा रिकॉर्ड ऊंचाई पर था। आंकड़ों के विश्लेषण से साफ है कि गिरावट के बावूजद 2024 में आपूर्ति-बिक्री अनुपात 2023 के समान रहा है। यह इस बात का संकेत है कि रियल एस्टेट क्षेत्र मजबूत बना हुआ है।'

### सोना 630 रुपए चढ़ा, चांदी 1,000 रुपए उछली

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की लगातार लिवाली के बाद राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमत 630 रुपये बढ़कर 82,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। लगातार छठे सत्र में तेजी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 630 रुपये बढ़कर 82,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमतों ने नए सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ।

## ट्रंप ने की 500 अरब डॉलर की एआई पहल की घोषणा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



■ 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के माध्यम से कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इसे ओरेकल, सॉफ्टबैंक और ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाया जा रहा है।

'स्टारगेट' नामक यह उद्यम, अमेरिकी डेटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश को दर्शाता है। ये तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरुआत टेक्सास में निर्माणाधीन 10 डेटा केंद्रों से होगी।

ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मासायोशी सोन और ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के साथ इसकी घोषणा की।

राष्ट्रपति ने कहा, 'उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी तथा तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन करेगी।'

## आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य नागेश का सुझाव

# दो तरह की खुदरा मुद्रास्फीति का दिया सुझाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ 2011-12 में तय किया गया था और इस पर फिर से विचार करने की जरूरत

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति के सदस्य नागेश कुमार ने सुझाव दिया है कि खाद्य कीमतों के साथ और उसके बगैर वाली दो मुद्रास्फीति दरें होनी चाहिए ताकि नीति-निर्माण के लिए प्रासंगिक दरों को ध्यान में रखा जा सके। आर्थिक समीक्षा 2023-24 में मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने दर निर्धारण की व्यवस्था से खाद्य मुद्रास्फीति को बाहर रखने की वकालत करते हुए कहा था कि मौद्रिक नीति का खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ता है क्योंकि वे आपूर्ति पक्ष के दबावों से निर्धारित होती हैं। समग्र उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में खाद्य का भारांश 46 प्रतिशत है। इसे 2011-12 में तय किया गया था और इस पर फिर से विचार करने की जरूरत है।

मौद्रिक नीति समिति के सदस्य कुमार ने खाद्य मुद्रास्फीति को दर निर्धारण से बाहर रखने के सुझावों पर पूछे गए एक सवाल पर कहा, /"मुझे लगता है कि हमारे पास दो मुद्रास्फीति दरें होनी चाहिए, एक खाद्य मुद्रास्फीति के साथ और दूसरी खाद्य मुद्रास्फीति के बगैर।

### मजबूत वृद्धि की उम्मीद

भारत की वर्तमान व्यापक आर्थिक स्थिति पर उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि का सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ जाना एक अस्थायी, क्षणिक सुस्ती थी। कुमार ने कहा कि यह सुस्ती चुनाव आचार संहिता के कारण पहली तिमाही में सरकारी पूंजीगत व्यय में बहुत अधिक कमी के विलंबित प्रभाव को दर्शाती है, लेकिन दूसरी तिमाही से पूंजीगत व्यय में तेजी आने लगी। उन्होंने कहा, /"हमें वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। कुल मिलाकर मुझे लगता है कि हम 6.5 प्रतिशत या 6.6 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि हासिल कर लेंगे।




### मुद्रास्फीति 4 महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आई

भारत ने 2016 में मुद्रास्फीति का लक्ष्य-निर्धारण ढांचा पेश किया था जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर सीमित रखने का आदेश दिया गया है। खुदरा मुद्रास्फीति में उतार-चढ़ाव के आधार पर आरबीआई द्विमासिक आधार पर मानक ब्याज दरें तय करता है। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों पर कुमार ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आ गई।

## खबर संक्षेप

### मुरूम के अवैध परिवहन पर ट्रेक्टर ट्राली जब्त

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने मुरूम से भरे एक बिना नंबर के ट्रैक्टर को जब्त कर आरोपी चालक को हिरासत में लिया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन और मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधवनगर अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रैक्टर अवैध रूप से मुरूम बक्साइड का उत्खनन और परिवहन कर रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एसीसी डेहरू लाइन क्षेत्र में एक बिना नंबर के ट्रैक्टर को पकड़ा। ट्रैक्टर की ट्राली में अवैध रूप से मुरूम भरी हुई थी । मौके पर ट्रैक्टर चालक से पूछताछ में उसने अपना नाम गणेश यादव पिता रामिलन यादव उम्र 35 वर्ष, निवासी बरगवां कटाएघाट, थाना रंगनाथनगर बताया। चालक से मुरूम परिवहन के वैध दस्तावेज मांगे गए, जो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। ट्रैक्टर के इंजन और चेसिस नंबर दर्ज किए गए। पुलिस ने ट्रैक्टर को मुरूम सहित जब्त कर थाना में खड़ा किया। आरोपी के खिलाफ धारा 379 भारतीय दंड संहिता, धारा 21(1) खान एवं खनिज अधिनियम और धारा 3/181 मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बरगवां में डंपर ने कार को मारी टक्कर

**कटनी।** एक डंपर चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए कार में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई साथ ही कार चालक को चोटें आई हैं। हादसा माधव नगर थाना अंतर्गत बरगवां में हुआ। बताया जाता है कि बुधवार दोपहर करीब 3:00 बजे बरगवां रोड में घर से बाजार जा रहे माधव नगर निवासी कन्हैया लाल पोपटानी कार क्रमांक MP 21 CA 3668 से बाजार जा रहे थे इसी दौरान बरगवां में डम्फर क्रमांक MP 21 H 0693 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार चालक को चोटें आई।

### जैन समाज के घर-घर में उत्सव जैसा माहौल



**कटनी।** आगामी माह में जैन समाज द्वारा निर्मित चेतनोदय तीर्थ की श्री 1008 श्रीमज्जिनेंद पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव में होने वाली 152 जिन प्रतिमाओं को समाजन बड़े उल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ प्रतिदिन गाजे-बाजे के साथ बग्गी में अपने घर ले जाकर उत्सव मना रहे है। इस अवसर पर स्नेहीजन उन्हें बधाई देकर प्रतिमा जी की आरती उतार रहें है। उक्त आशय की जानकारी पंचायत महासभा के उपाध्यक्ष शरद सरागवी, कोषाध्यक्ष मनीष बड्डे ने दी इसी तारतम्य में पंचायत महासभा के अध्यक्ष संजय जैन, मंत्री पीयूष विनी जैन, पीयूष ने बतलाया कि समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुजनों के रूकने हेतु आहार निलय में बने 17 ब्लाकों में बने 102 कमरे एवं 08 हाल के साथ 20 अस्थायी प्लाईवोर्ड के कमरे बनाये गये है । अनुराग जैन पप्पू मामा ने बतलाया कि सुगम यातायात रेल्वे लाईन की तरफ से 30 फुट चौड़े दो सड़क 2000 हजार फुट लंबी सड़क का निर्माण किया गया है। प्रशासन के द्वारा भी तीव्र गति से सड़क पुलिया, ट्रान्सफार्मर आदि को दुरूस्त करने का कार्य भी तेज गति से हो रहा है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम नवरा में पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई आपको बता दें कि मृतक के भाई संतोष ने बुधवार सुबह 11:00 बजे जानकारी में बताया कि ग्राम कलहरा निवासी 18 वर्षीय रोहित को कुछ दिन पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से गम्भीर चोटें आई थी जिसका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा था इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

---

#### कटनी पहुंचे मंडल रेल प्रबंधक ने यात्री सुविधाओं एवं विकास कार्यों का लिया जायजा

# निर्माण की मंथर चाल एवं यात्रियों को हो रही परेशानी पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर जोन कमल कुमार तलरेजा बुधवार को कटनी पहुंचे। डीआरएम तलरेजा ने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं सहित निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मुड़वारा स्टेशन में चल रहे कामों की मंथर गति को लेकर निर्माण एजेंसी को जमकर फटकार लगाई। मुड़वारा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण करते हुए डीआरएम श्री तलरेजा ने पोर्च के निर्माण में देरी से यात्रियों को आने-जाने में हो रही परेशानी को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुड़वारा स्टेशन के सामने सर्कुलेटिंग एरिया में बन रहे पार्क और पार्किंग निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया और निर्माण एजेंसी से पूछा कि पार्क निर्माण के बाद इसकी देखरेख कौन करेगा।

डीआरएम ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मुड़वारा स्टेशन के फ्रंट एलीवेशन में वेंटीलेशन के लिए जगह नहीं छोड़े जाने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की और निर्माण एजेंसी को फ्रंट एलीवेशन में खिडक़ी के सामने लगे एसीपी वर्क को हटाने के भी निर्देश दिए। अपने पहले ही दौरे में डीआरएम विकास कार्यों की धीमी रफ्तार से नाखुश दिखे और इसमे तेज लाने के लिए कहा। तकरीबन एक घंटे के निरीक्षण के बाद डीआरएम श्री तलरेजा स्पेशल ट्रेन से विंडो निरीक्षण के लिए दमोह रवाना हो गए।

### पोर्च के निर्माण का निरीक्षण

मंडल रेल प्रबंधक सुबह 7 बजकर 55 मिनट पर स्पेशल ट्रेन से कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 पर पहुंचे। मुड़वारा स्टेशन पहुंचने के बाद वे फुट ओव्हर ब्रिज से प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर पहुंचे और टिकट काउंटर, बुकिंग और रिजर्वेशन ऑफिस का निरीक्षण किया। इसके उपरांत वे मुड़वारा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बन रहे पोर्च के निर्माण को देखा। पोर्च के निर्माण में लेटलतीफी को लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और निर्माण एजेंसी को इसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। डीआरएम कमल कुमार तलरेजा के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सीनियर डीसीएम मधुर वर्मा, सीनियर डीओएम प्रिंस विक्रम, एडीएन जगदीश पाठक, एरिया मैनेजर रोहित सिंह, एसएसई विनय मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति रही।

मुड़वारा स्टेशन के निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म क्रमांक 5 पर पड़े चैनलों को देखकर उन्होंने इसे यहां से तत्काल हटाने के निर्देश दिए। बताया जाता है कि प्लेटफार्म क्रमांक 5 पर चैनल 8-9 महीने से पड़े हुए हैं। जिसकी वजह से यात्रियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्लेटफार्म पर भीड़भाड़ के चलते दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा चैनलों की वजह से गंदगी भी बनी रहती है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर एसएम कमर्शियल के के दुबे, सीसीआई शैलेश कुमार, मुड़वारा स्टेशन प्रबंधक शिवमूरत, सीटीआई देवेंद्र दुबे, एसएसई टेली डी के ओझा, एसएसई इलेक्ट्रिकल जयदीप, आरपीएफ टीआई अनिल दीक्षित सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

---



## कुपोषण मुक्त जिला बनाने के लिए किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बुधवार को ब्लॉक रीठी के हथखूरी ग्राम पंचायत के ग्राम मगरधा में कुपोषण विषय पर समुदाय से संवाद किया गया जिसमें स्थानीय जनपद सदस्य रतीलाल रैदास विशिष्ट अतिथि के द्वारा कुपोषण अभियान पर प्रकाश डाला गया साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पोषण किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा ग्रामीण महिलाओं को समझाइए भी दी गई बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी ने कुपोषण एक अभिशाप है जो आने वाले युवा पीढ़ी को कमजोर बना सकती इसको खत्म करने के लिए कुपोषण मुक्त जिला बनाने के लिए लागतार पोषण किट का वितरण एवं स्वास्थ चेकअप करवाया जा रहा है।

बारडोली के सभी सदस्यों द्वारा पोषण किट वितरण किया गया महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से कार्यकर्ता उर्मिला ने सभी कुपोषित बच्चों को नियमिति वजन ओर देखरेख करते हुए कुपोषण खत्म करने का संकल्प दिलाया गोवर्धन रजक ने समुदाय में आस पास स्थानीय पोष्टिक व्यंजन एवं हरी सब्जियों का उपयोग करने की बात बताई कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि सरपंच राजकुमार सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में उपास्थित बारडोली सदस्य माया गुप्ता काशी विश्वकर्मा, रूपा बर्मन, रवि कांत राय, गोवर्धन रजक,राजेश चौधरी एवं स्थानीय सदस्यों की उपस्थिति रही।

---

*प्राध्यापकों द्वारा विद्यालयों में चलाया जा रहा कॉलेज चलो अभियान*

## विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के साथ योजनाओं की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




शासकीय महाविद्यालय बरही द्वारा सत्र 2025 - 2026 में प्रवेश प्रक्रिया के लिए जारी उच्च शिक्षा विभाग के "कॉलेज चलो अभियान" कैलेंडर अनुसार प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ नीलम चतुर्वेदी के निर्देशन में 06 जनवरी से अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत महाविद्यालय की ओर से डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा एवं रावेंद्र साकेत द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैरतलाई और डी.ए.वी. विद्यालय कुटेश्वर पहुंचकर "कॉलेज चलो अभियान" के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई। डॉ. अरविंद सिंह ने विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के साथ प्रवेश के दौरान होने वाली विभिन्न परेशानियों एवं उस समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए के संबंध में विस्तार से जानकारियां दी।

अभियान के अगले चरण में डॉ. अरविंद सिंह ने महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, सुविधाओं, शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी, मुख्यमंत्री मेधावी जैसी प्रोत्साहन एवं विभिन्न छात्रवृति योजनाओं जैसे संबल, आवास, एस. सी., एस. टी., ओ. बी. सी. वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक के साथ संचालित अन्य योजनाओं से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया । उसके बाद डॉ. सुनीता सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, क्रीड़ा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के संबंध में भी विद्यार्थियो को अवगत कराया। कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ नीलम चतुर्वेदी ने बताया कि इसी प्रकार से महाविद्यालय स्टाफ के अन्य सदस्यों को भी अलग- अलग विद्यालय आवंटित किए गए है जहां जाकर सभी विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया के साथ विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करेंगे । प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे द्वारा सभी को निर्धारित समय- सीमा में विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को अभियान से संबंधित कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया।

---

### श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर निकली शोभायात्रा



अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूर्ण होने पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मुख्य मार्ग स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए गाटरघाट स्थित राम मंदिर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से रामलला दरबार के साथ ढोल नगाड़े के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा में श्रीराम भक्त भजन कीर्तन की धुन में श्रद्धालु नाचते थिरकते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा सुभाष चौक, झंडा बाजार, सुखकन चौक, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए गाटरघाट स्थित राम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष शामिल रहे।

---

## कृषि आधारित कार्यों, रोजगार की उपलब्धता और अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जनपद पंचायत बड़वारा के सभा कक्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय गारंटी योजना में प्रगति लाने बैठक आयोजित हुई। जनपद पंचायत के बड़वारा सीईओ श्री के.के.पांडेय के निर्देश पर मनरेगा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह परिहार और सहायक यंत्री आर.बी.सिंह ने मनरेगा योजना के अंतर्गत कृषि आधारित कार्यों पर प्राथमिकता से व्यय करने, श्रमिकों को समयबद्ध भुगतान, लक्ष्य के अनुसार मानव दिवसों में वृद्धि कर रोजगार मूलक कार्यों के माध्यम से रोजगार की पर्याप्त उपलब्धता, मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 तक के अपूर्ण कार्यों को मार्च तक आवश्यक रूप से पूर्ण कराने, राज्य शासन से अनुमत्य कार्यों को ही स्वीकृत करवाए जाने एवं निर्धारित प्रावधानों का पालन करने के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। सहायक यंत्री आर.बी.सिंह ने अमृत सरोवर 2 के चयन करने के निर्देश उपयांत्रियों और ग्राम पंचायतों को दिए। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा ने सबसे कम मानव दिवस वाली ग्राम पंचायतों भदौरा, खिरहनी ,भुडसा, खितौली,करेला और बम्होरी को श्रमिक नियोजन में वृद्धि करने हेतु विशेष प्रयास किए जाने हेतु निर्देशित किया।

---

*वर्चुअली बैठक में संयुक्त कलेक्टर ने दिए दिशा निर्देश*

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों संबंधी बैठक में अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिले में पूरे हर्षोल्लास और गरिमामय स्वरूप में गणतंत्र दिवस धूमधाम से पुलिस लाइन झिंझरी में मनाया जायेगा। इसके लिए हर स्तर पर सभी जरूरी तैयारियां व इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। यह बात कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर बुधवार को गणतंत्र दिवस की तैयारियों हेतु आयोजित वर्चुअली समीक्षा बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने अधिकारियों को दिए। इस दौरान गणतंत्र दिवस की व्यवस्थाओं में संलग्न विभागीय अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।

संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर में पुलिस लाइन झिंझरी में आयोजित होने वाले जिला मुख्यालय के समारोह में प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा, तत्पश्चात परेड का आयोजन किया जायेगा। बैठक के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु गठित कमेटी के सदस्यों को कार्यक्रमों के आयोजन हेतु छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित करनें, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने हेतु एक प्रारूप तैयार करने के साथ ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्युत विभाग, आबकारी विभाग सहित महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, यातायात विभाग एवं उद्योग विभाग के माध्यम से जागरूकता का संदेश प्रसारित करती झाकियों के आयोजन की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

संयुक्त कलेक्टर ने बताया कि गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन की उपस्थिति में 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में किया जायेगा फाइनल रिहर्सल के दौरान सभी विभागा प्रमुख अधिकारियों को उपस्थित रहनें के निर्देश दिए गए।

बैठक में गणतंत्र दिवस के आयोजन स्थल एवं आयोजन के विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते ने पुलिस लाईन झिंझरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त साफ, सफाई, घ्वजारोहण, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शाल-श्रीफल वितरण, माननीय मुख्यमंत्री जी का भाषण की प्रति, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, बेरिकेडिंग व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, परेड, झांकियां, गुब्बारे, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की विभिन्न विभागों के माध्यम से की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं की आवश्यक तैयारियों को निर्धारित समय पर पूर्ण कराने के निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान गणतंत्र दिवस की संध्या में आयोजित होने वाले भारत पर्व कार्यक्रम के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की जाकर निर्देश दिए गए।

---

#### शिविरों में प्राप्त 88.2 फीसदी आवेदनों का हुआ निराकरण

# जनकल्याण अभियान के तहत जिले में अब तक 454 शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के वार्डों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। अभियान के अंतर्गत 22 जनवरी तक जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 454 शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। इस अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 497 शिविरों का आयोजन किया जाना है।

जिले में आयोजित हो रहे जनकल्याण शिविरों में 22 जनवरी की अवधि तक कुल 41 हजार 560 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 36 हजार 659 लगभग 88.2 फीसदी आवेदनों का निराकरण भी किया जा चुका है। शेष आवेदनों पर कार्यवाही प्रचलित है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर बुधवार 22 जनवरी को जिले की 6 जनपद पंचायतों के 12 ग्राम पंचायतों कुम्हरवारा, सकरीगढ़, संसारपुर भेड़ा, पडरभटा, पौनिया, कछगवां देवरी, गैतरा, बिलहरी, घुडहर, डोकरिया, एवं अबरा में शिविर आयोजित किये जाकर पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करनें की कार्यवाही की गई। शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा स्टाल के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर नागरिकों को लाभान्वित करने हेतु आवेदन लिए जाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों की मौजूदगी रही।

जनकल्याण शिविरों में केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का लाभ पाने से शेष रह गये पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 45 हितग्राही मूलक योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जा रहा है तथा आमजनों से जुड़ी 63 शासकीय सेवाओं से संबंधित आवेदकों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

### 12 पंचायतों में शिविर आज

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासकीय योजना से लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान जिले में 26 जनवरी 2025 आयोजित किया जाना है। अभियान के अन्तर्गत जिले के सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों में जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुसार निर्धारित अलग-अलग तिथियों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सीएम जनकल्याण शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी से आमजन को अवगत कराया जा रहा है और पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अभियान के तहत गुरूवार 23 जनवरी 2025 को जिले की 6 जनपद पंचायतों के अंतर्गत आने वाली 12 ग्राम पंचायतों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत गणेशपुर, बंदरी, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद, बंधी स्टेशन तथा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सैलारपुर और सरसवाही में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्राकर गुरूवार को ही जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत गुलवारा एवं गनियारी सहित जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत रैपुरा, ढुढरी तथा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत देवराखुर्द और गैरतलाई में भी मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों की सुचारू व्यवस्था के लिए सेक्टर अधिकारी, सहायक सेक्टर अधिकारी और सर्वे दल प्रभारी की नियुक्ति भी की गई है।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में इन शिविरों में पहुंचकर लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

---

## किराया जमा नहीं करने पर की जाएगी तालाबंदी की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने बुधवार को राजस्व विभाग की बैठक लेकर संपत्तिकर एवं जलकर वसूली कार्य की समीक्षा की।।बैठक में आयुक्त ने पिछली वसूली संतोषजनक न होने एवं की जा रही वसूली की धीमी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी राजस्व अमले को वार्डवार वसूली एवं डिमांड की जानकारी अनुसार सभी बकाया दारों से निरंतर संपर्क करते हुए कड़ाई से वसूली करने के सख़्त निर्देश दिए। आयुक्त ने समस्त वसूलीकर्ताओं व राजस्व उप निरीक्षकों से उनके वार्डो की लक्ष्यानुसार वसूली हेतु रणनीति बनाकर कार्य करते हुए अपने मूल कर्तव्य का निष्ठा के साथ पालन करने के निर्देश दिए।उन्होंने ने कहा सभी अपनी कमर कस लें,वार्ड वार टीम बनाकर अच्छी परफॉरमेंस देते हुए वसूली में तेजी लायें।वित्तीय वर्ष पर शतप्रतिशत वसूली हेतु राजस्व अधिकारी को सभी की प्रत्येक दिवस की जाने वसूली की जानकारी लिए जाने एवं समय समय पर वसूली कार्य की समीक्षा करते हुए संतुष्टिजनक वसूली के भी निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने निगम स्वामित्व की ऐसी दुकानें जिनको सूचना देने के बाद भी बकाया किराया जमा नहीं किया जा रहा है ,उन पर तालाबंदी/लीज़ निरस्त करने की कार्यवाही किए जाने के भी सख़्त निर्देश दिये है। आयुक्त दुबे ने जलकर की समीक्षा करते हुए ऐसे बड़े बकायादार जिन्होंने लंबे समय से जलकर नहीं दिया और निरंतर पानी का उपयोग कर रहे हैं,एवं कई बार सूचित करने पर भी कर जमा नहीं कर रहे है ऐसी स्थिति में संबंधित का नल विच्छेदन की कार्यवाही करें।

# सर्किट हाउस चौक बना ब्लैक स्पॉट
# रोज हो रहे सड़क हादसे
## बेलगाम वाहनों पर लगाम लगाने में ट्रैफिक पुलिस नाकाम





सतना। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का सर्किट हाउस चौराहा सड़क हादसों की बहुतायत संख्या की वजह से ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा है। यहां पर रोज सड़क हादसे हो रहे हैं जिसकी वजह से लोग घायल हो रहे हैं और अस्पताल पहुंच रहे हैं। पिछले 6 महीने की चर्चा की जाए तो यहां कई छोटे बड़े सड़क हादसे हुए जिसके कारण व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि जिला मुख्यालय में ट्रैफिक पुलिस के तमाम आला अधिकारी होने के बावजूद बेलगाम वाहनों पर लगाम नहीं लग पा रही है।

### अधिकारी नहीं रहते हैं मौजूद

कहने को तो यातायात के कर्मचारी मौके पर मौजूद रहते हैं लेकिन अधिकारियों की मौजूदगी नही रहती है। चौराहे में जिस तरह का ट्रैफिक का दबाव रहता है उस तरह की व्यवस्था भी नहीं की जाती है। जानकार कहते हैं कि सर्किट हाउस चौराहे पर जिस तरह का यातायात का दबाव है उसे देखते हुए यहां पर कम से कम 16 घंटे तक अफसर को सतत निगरानी रखनी चाहिए तभी यातायात सुचारू रूप से चल सकेगा।

### बुधवार को फिर हुआ हादसा

बुधवार को सर्किट हाउस चौराहे पर एक बेलगाम कार की टक्कर लगने से स्कूटर सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज किया गया। बताया जाता है कि चौराहे में ट्रैफिक पुलिस की चाक चौबंद इंतजाम नहीं होने की वजह से वाहन चालक जहां-तहां से निकलते हैं और सड़क हादसों को जन्म देते हैं। बुधवार को भी इसी तरह की तस्वीर सामने आई। बताते हैं कि भीड़ भाड़ वाले इस चौराहे में कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटर चालक को टक्कर मार दी जिसके कारण महिला और पुरुष घायल हो गए।

### स्टैचू के चबूतरे में चढ़ गया था ट्रक

आपको बता दें कि पिछले दिनों रात के वक्त एक बेलगाम ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए चौराहे पर इंदिरा गांधी के स्टैचू के चबूतरे में ट्रक को चढ़ा दिया। जिसकी वजह से चबूतरा और उस पर लगी लोहे की ग्रिल टूट गई। गनीमत तो यह रहेगी ट्रक की चपेट में कोई नहीं आया नहीं तो जनहानि भी हो सकती थी।बताया जाता है कि रात के समय यहां पर पर्याप्त यातायात संकेतक नहीं होने की वजह से इस तरह के हादसे होते हैं। इसी प्रकार दिन के समय व्यवस्था बेहतर नहीं होने की वजह से वाहनों के बीच टक्कर होती है और लोग घायल हो जाते हैं।

## मुर्गी रखने को लेकर चचेरी बहन की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के चांगोटोला थाना क्षेत्र के मोहगांव में मुर्गी रखने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने अपनी 32 वर्षीय चचेरी बहन की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। घटना मंगलवार रात की है। फुलवन बाई ने अपने घर की मुर्गी को रात में टोकनी में ढंक कर रखा था। उनके चचेरे भाई दिलीप पंद्रे ने टोकनी को खोल दिया। जब फुलवन बाई ने इसका कारण पूछा तो दिलीप ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मुर्गी को उनकी तरफ क्यों रखा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और जब फुलवन बाई मुर्गी को फिर से टोकनी में रख रही थीं, तभी दिलीप ने उन पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में फुलवन बाई को पहले लामता अस्पताल और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां बुधवार को उनकी मौत हो गई। चांगोटोला थाना प्रभारी अविनाश राठौर के अनुसार, घटना के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस ने एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की मदद से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। सूचना है कि आरोपी आसपास के जंगल में छिपा हुआ है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

## छात्रों से अपशब्द एवं छात्राओं से अशोभनीय व्यवहार तथा छेडछाड करने वाला शिक्षक हुआ निलंबित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छात्रों से अपशब्द एवं छात्राओं से अशोभनीय व्यवहार तथा छेडछाड किए जाने के आरोप के चलते माध्यमिक शिक्षक को कलेक्टर संस्कृति जैन ने निलंबित कर दिया है। सरपंच, ग्राम पंचायत नरेला, जनपद पंचायत सिवनी एवं ग्रामवासी नरेला द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, प्रस्तुत श्री ओमशंकर डहेरिया, माध्यमिक शिक्षक (उच्च पद प्रभार) शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला, नरेला जनपद पंचायत सिवनी द्वारा अध्ययनरत छात्रों से अपशब्द एवं छात्राओं से अशोभनीय व्यवहार तथा छेडछाड किया जाता है । अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर श्री ओमशंकर डहेरिया, शिक्षक, शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला, नरेला जनपद पंचायत सिवनी के विरूद्ध प्रस्तुत शिकायत प्रथम दृष्टया सत्य पाये जाना मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3- (एक) (दो) (तीन) के अंतर्गत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। अतः श्री ओमशंकर डहेरिया, माध्यमिक शिक्षक (उच्च पद प्रभार) शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला, नरेला जनपद पंचायत सिवनी को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन अवधि में श्री ओमशंकर डहेरिया, माध्यमिक शिक्षक (उच्च पद प्रभार) शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला, नरेला जनपद पंचायत सिवनी का मुख्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान केवलारी नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री ओमशंकर डहेरिया, माध्यमिक शिक्षक (उच्च पद प्रभार) शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला, नरेला जनपद पंचायत सिवनी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## नाबालिग का अपहरण करने वाला पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

थाना डूंडासिवनी पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को वृन्दावन से किया दस्तयाबी अपहरण करने वाला अरोपी गया जेल दिनांक 15/01/2025 को प्रार्थी संदीप सहारे पिता तुकाराम सहारे उम्र 41 साल निवासी ग्राम बम्होड़ी ने मौखिक बताकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी नाबालिग बालिका उम्र 17 साल को कोई अज्ञात व्यक्ति बहलाफुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 25/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी सुनील मेहता के दिशा निर्देशन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सिवनी श्रीमति पुजा पाण्डेय के कुशल मार्ग दर्शन में थाना डूंडासिवनी के अपराध क्र. 25/2025 धारा 137(2) बीएनएस. मे टीम गठित कर अपहृता एवं संदेही की पतासजी कर तकनीकी सहायता व सुचना प्राप्त कर दिनाकं 20.01.25 को वृन्दावन उत्तरप्रदेश जाकर नावलिक बालिका को दस्तायव किया गया अरोपी विशाल पिता ओमप्रकाश पटले उम्र 18 साल ग्राम बम्होड़ी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी- विशाल पटले पिता ओमप्रकाश पटले उम्र 18 साल निवासी ग्राम बम्होड़ी सराहनीय कार्य थाना प्रभारी डूण्डासिवनी निरीक्षक किशोर वामनकर के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक दामिनी हेडाउ, प्र.आर.450 मुकेश गोंडाने प्र.आर. 366 शेखर बघेल, आर. 01 अंशुमन राजपुत, सायबर सेल से आर, अजय बघेल ।

## शराब पीकर देता था गाली, दोनों गिरफ्तार
# बहन ने पड़ोसी के साथ मिलकर भाई की गला दबाकर की हत्या

सतना।

कोलगवां कोतवाली पुलिस ने 19 जनवरी को हुई अंधी हत्या की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी हासिल कर ली है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मृतक की बहन भी शामिल है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीकर गाली देता था जिससे त्रस्त होकर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक राष्ट्रपति भेज दिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह चौहान ने बुधवार को बताया कि 19 जनवरी की रात पुलिस को संतोषी माता मंदिर के पास गणेश उर्फ दीपू पटेल की लाश मिलने की सूचना मिली थी।पुलिस ने बारीकी से तहकीकात की तो पता चला कि गणेश की गला दबाकर हत्या की गई है। इस मामले में पुलिस ने मृतक की बहन वर्षा पटेल और पड़ोस में रहने वाले



नवीन उर्फ पिंटू निवासी जैतवारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पता चला कि मृतक शराब पीकर गाली गलौज करता था जिसकी वजह से उसकी गला दबाकर हत्या कर दी।

### पुलिस को क्या दी थी सूचना

फरियादिया श्रीमती कल्पना सिंह पति भूपेन्द्र सिंह पटेल उम्र 40 वर्ष रामपुर की रहने वाली है और यहां सिद्धार्थ नगर में किराए के मकान में रहती है। उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भाई गणेश सिंह पटेल उर्फ दीपू पिता स्व. राम आदर्श सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम सन्नेही थाना ताला सतना में किराए से रहता है। उसका शव संतोषी माता बंधवा में मिला था। जिसे हम लोग जिला अस्पताल सतना लेकर गए जहां पर डाक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया। मर्ग कायम कर जांच एंव पीएम रिपोर्ट से पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक गणेश प्रताप सिंह की गला घोटकर हत्या की गई है।

### ऐसे हुआ खुलासा

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात सामने आने पर पुलिस ने गवाहो के बयान लिए,सीसीटीव्ही फुटेज एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही नवीन गर्ग एवं वर्षा से पूछताछ की गई जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक गणेश किराए के माकान बाबा बिल्डिंग सिद्धार्थ नगर के पास अक्सर आकर शराब के नशे में गाली गलौच करता था।19 जनवरी को भी शराब में नशे में आकर आरोपियों के साथ गाली गलौच कर रहा था। जिस पर आरोपी नवीन गर्ग मृतक गणेश सिंह को शराब पिलाने के बहाने बंधवा तरफ ले गया और पीछे से वर्षा भी वंही पंहुच गई जंहा सुनसान बंधवा में वर्षा के कहने पर आरोपी नवीन गर्ग द्वारा मृतक गणेश की स्टाल को गले में लपेटकर हत्या कर दी गई। उसके बाद मृतक के शव को पहले वर्षा सिंह के माकान में फिर वहां से वर्षा सिंह के रिश्तेदारो को बुलाकर जिला अस्पताल सतना ले गये।

## बस की टक्कर लगने से पिता व पुत्री की मौत



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खरपा चौराहे के समीप एक भीषण सडक़ हादसे में पिता और पुत्री की मौत हो गई है, और मां गंभीर रूप से घायल हुई है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच जांच कर रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर जाम लगा दिया है, जिससे दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। यह मार्ग ब्यौहारी से सीधी जिले को जोड़ता है। जानकारी के अनुसार गोदावल मेला देख एक पति-पत्नी और पुत्री मोटरसाइकिल से अपने घर खरपा जा रहे थे। तभी खरपा चौराहे के पास पीछे से आ रही गहरवार कंपनी की बस ने बाइक को टक्कर मार दिया। बाइक में सवार शेषमणि वैश्य एवं उनकी दो वर्षीय पुत्री आरती की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। तो वहीं शेषमणि की पत्नी इस घटना में गंभीर घायल हुई है। घटना देख स्थानीय लोग मौके पर दौड़ पड़े और गंभीर घायल महिला को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है,जहां महिला जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही है। इस दर्दनाक हादसे में पिता एवं पुत्री की मौत के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। मौके पर काफी सं या में लोग इकट्ठा होकर ब्यौहारी से सीधी पहुंच मार्ग पर सडक़ जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन कर दिया। घटना के तुरंत बाद बस चालक एवं परिचालक मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस लोगों को समझाने की कोशिश कर रही है। लेकिन लोगों का कहना है कि पहले बस चालक को गिरफ्तार किया जाए उसके बाद मौके से जाम हटाया जाएगा।

## दम्पत्ति ने प्रताड़ना से तंग आकर किया था जहर का सेवन, पुलिस ने की कार्रवाई
# पांच सूदखोरों को भेजा जेल, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर जहर खाकर जान देने पाण्डुपिपरिया के रघुवंशी दम्पति की मौत के मामले में पुलिस ने एक्शन लिया है। तामिया पुलिस ने तत्काल सूदखोरों को राउंड अप किया है और पांच लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। एक आरोपी अभी फरार है। तामिया पुलिस के अनुसार, अपराध क्रमांक अप के 16/25 धारा 108.3(5) BNS, ऋणियो का संरक्षण अधि, 1937 घाग 04 एक्ट गिरफ्तार आरोपी (1) राजेन्द्र उर्फ राजा बंदेवार पिता हीराचन्द बंदेवार उम्र 41 साल निवासी आदर्श कालोनी लामिया थाना तामिया, (2) भगवत पिता जगन सूर्यवंशी उम्र 61 साल निवासी ग्राम इटावा थाना तामिया, (3) राजू गोल्हानी उर्फ राजू साहू पिता तुलसीराम साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम भोडिया पानी रोड के सामने पाण्डुपिपरिया थाना तामिया, (4) संतोष उर्फ कन्नू पिता सियाराम रघुवंशी उम्र 39 साल निवासी आन्नद भूमि के पीछे रामविलास कालोनी हथवास थाना पिपरिया जिल्ला नर्मदापुरम, (5) प्राणकोर सिंह रघुवंशी पिता गनेश सिंह रघुवंशी उम्र 75 साल निवासी ग्राम बम्होरी कला थाना पिपरिया को जेल भेज दिया गया है। वहीं अभी एक आरोपी-कल्लू सरदार (मिगलानी) निवासी परासिया फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस एक्शन से अनाथ हुए बच्चों के मन में इंसाफ की उम्मीद जग गई है और सूदखोरों में भी हड़कंप है।

### 7500 किलोग्राम महुआ लाहन किया नष्ट

**सौंसर।** बुधवार को पांढुरना कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अजीत इक्का के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण , विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु आबकारी विभाग एवम थाना सौसर द्वारा सामूहिक दबिश के साथ कार्यवाही की गई। सहायक जिला आबकारी अधिकारी



जी.एल.मरावी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बड़गा बोड़ी , गाजंडोह , नवथल एवम आलेसुर में दबिश दी गई जहां पर जंगल में बन रहे कच्ची शराब के अड्डों पर दबिश दी गई है। जहां से एक चढ़ी हुई भट्टी सहित चार अलग अलग जगहों से 7500 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 80 लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित शराब बरामद कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) एवम 34 च के तहत 5 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल.मरावी एवं आबकारी उप निरीक्षक अर्चना घोरमारे , जीत सिंह धुर्वे, आकाश मेसराम नरेंद्र कुमार नागेश एवम पुलिस थाना सौसर से उपनिरीक्षक नीता मोहारे एवम सहा. उपनिरीक्षक जयवर्धन सिंह उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक
# वास्तविक से ज्यादा जमीन बेचने पर विक्रेता पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक ली । बैठक में राजस्व विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यों और अभियानों की प्रगति की अनुविभागवार और तहसीलवार विस्तृत समीक्षा की गई और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। राजस्व महाअभियान 3.0 में जिला टॉप 3 में- बैठक में 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान की सराहना



करते हुए कहा कि इसमें लगातार अच्छा कार्य हो रहा है, जिला प्रदेश में टॉप 3 में हैं। इसके लिए उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को बधाई दी। साथ कहा कि कुछ क्षेत्रों में अभी और सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। फॉर्मर रजिस्ट्री के बाद ही किसान को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि मिलेगी। इसीलिए यह सुनिश्चित कराएं कि कोई भी पात्र छूटे न। इसी तरह स्वामित्व योजना के अंतर्गत आर.ओ.आर लिंकिंग, ग्राउंड ट्रूथिंग, नक्शा तरमीम के कार्य में और प्रगति लाने के प्रयास करें। उन्होंने तहसीलदार मोहखेड़, तामिया, हर्रई, चौरई, छिंदवाड़ा, जुन्नारदेव और बिछुआ को ग्राउंड ट्रूथिंग के तहत शेष 17 ग्रामों के भौतिक सत्यापन का कार्य कड़ी मेहनत करते हुए आगामी 3 दिवस के अंदर शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए। आर.सी.एम.एस. पर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि राजस्व अधिकारियों की लापरवाही से नामांतरण, बंटवारे का कोई प्रकरण न्यायालय में पहुंचा तो संबंधित एसडीएम, तहसीलदार की जवाबदारी तय की जाएगी। सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ अमले पर पूरा नियंत्रण रखें और उनके कार्यों की पूरी जानकारी रखें।

कलेक्टर ने वास्तविक जमीन से ज्यादा जमीन बेचने और उसकी रजिस्ट्री कराने का प्रकरण संज्ञान में आने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यक्ति जितनी जमीन बेच रहे हैं, यदि उतना रकबा नहीं निकलता है तो संबंधित विक्रेता के विरुद्ध एफ.आई.आर कराएं। यह सीधा-सीधा आपराधिक कृत्य है। सरकारी जमीन की सुरक्षा करना राजस्व अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसी तरह किसी भी कॉलोनाइजर ने नक्शे में यदि पार्क या रोड बताई है।

## शेयर बाजार में पैसा गंवाने और ठगी के शिकार युवक ने लगाई फांसी

### आठ लाख डूबने का लगा था सदमा

**शहडोल।** साइबर ठगी के बाद अब जिले में शेयर मार्केट के नाम पर भी अपराध होने लगे हैं। ब्यौहारी नगरीय निकाय का कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक सिंह भी इसका शिकार हुआ और वह अपनी जान गवां बैठा। बताया गया कि अभिषेक की मुलाकात वर्ष 2024 में शहडोल जिले के अमलाई निवासी एक युवक से हुई थी। तभी युवक ने अभिषेक को शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्ट कर लाखो कमाने का सपना दिखाया और अभिषेक से शेयर मार्केट में पैसा लगाने के नाम पर धीरे धीरे करके 18 लाख रुपए ऐंठ लिए। इतनी मोटी रकम अमलाई के रहने वाले युवक को मिल जाने के बाद वह अभिषेक को पैसा देने में टाल मटोल करने लगा। काफी समय बाद 10 लाख रुपए तो धीरे धीरे युवक ने अभिषेक को लौटा दिए लेकिन बाकी आठ लाख रुपए नहीं मिलने की वजह से मामला थाने तक पहुँच गया गया था। जिसके बाद आपसी सहमती होने के बाद अभिषेक को युवक ने सात लाख रुपए का चेक बीते वर्ष अक्टूबर- नवंबर में दिया। लेकिन वह चेक जब बैंक में जमा कराया गया तो खाते में रकम नहीं होने की वजह से चेक बाउंस हो गया। इस प्रकार कर्ज के बोझ तले दबने के बाद अभिषेक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के परिजनों को जब इस सारे मामले कि जानकारी लगी तो काफी हो हंगामा भी किया,लेकिन पुलिस ने किसी तरह मामले को समझाइश देकर शांत कराया ।

**इनका कहना है**

शेयर मार्केट में पैसा लगाने के नाम पर दो लोगो द्वारा धोखाधड़ी की गई थी। जिससे आहत युवक ने सुसाइड कर लिया था। इस पर परिजनों ने आरोप लगाया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

**रामजी श्रीवास्तव**
**एसपी, शहडोल**

173 रुपए में शख्स ने खरीदी पुरानी फोटो

# जब आदमी की हुई पहचान तो 43 करोड़ में बिकी तस्वीर!

एजेंसी ▸▸| न्यूयार्क

सोचिए आपको कहीं से कोई पुराना, विंटेज सामान मिले और आपको उसकी अहमियत न मालूम हो।आप उसे सालों साल अपने पास सिर्फ यूं ही रखें रहें मगर एक दिन आपको पता चले कि वो सामान बहुत कीमती है, तो आपका कैसा रिएक्शन होगा?

ऐसा ही कुछ अमेरिका में एक व्यक्ति के साथ 2015 में हुआ था। शख्स ने सालों पहले एक पुरानी फोटो 173 रुपए में खरीदी थी। पर 2015 में जाकर उसे पता चला कि तस्वीर में जो व्यक्ति नजर आ रहा है, वो कोई मामूली इंसान नहीं है, बल्कि अमेरिका का बहुत फेमस व्यक्ति है। उसके बाद जब शख्स ने उस फोटो को नीलाम किया तो उसकी कीमत 43 करोड़ रुपए लगाई गई। हाल ही में ये खबर एक बार फिर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में आ गई है। साल 2010 में रैंडी गुइजारो के साथ एक अजीब घटना घटी। वो पुरानी चीजों और एंटीक्स को जुटाने के शौकीन थे।



### एक्सपर्ट ने की फोटो की पहचान

काफी जांच-पड़ताल के बाद रैंडी एक फोटो एक्सपर्ट के पास पहुंचे जो अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी में काम करता था। जब उन्होंने उसे फोटो दिखाई और उस आदमी ने जो बताया, वो सुनकर रैंडी सन्न रह गए। वो फोटो बिली द किड नाम के एक बेहद प्रसिद्ध अमेरिकी की थी जो 19वीं सदी के अमेरिका में पैदा हुआ था। ये दुनिया में उसकी दूसरी आधिकारिक फोटो थी।

# बेटे की शादी में दिखी बृजमोहन की राजनीतिक चमक उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, सांसद और विधायक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बेटे आदित्य अग्रवाल के विवाह समारोह में उनकी राजनीतिक चमक की झलक देखने को मिली। विवाह समरोह में लगातार दो दिनों से राष्ट्रीय नेताओं का जमावड़ा रहा। मंगलवार को विवाह समारोह के लिए उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के साथ ही केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मंत्री, राष्ट्रीय नेता पहुंचे।

श्री अग्रवाल के बेटे का विवाह मंगलवार को हुआ। इसके एक दिन पहले से ही लगातार उनके निवास और विवाह स्थल पर देशभर के नेताओं का जमावड़ा रहा। विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उप राष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के साथ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, गिरिराज सिंह, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, मप्र के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित मप्र और दूसरे राज्यों के भी कई मंत्री और नेता पहुंचे।



जिसे लोग शहंशाह कहते हैं... गाने पर किया डांस



### मुख्यमंत्री सहित पहुंचे कई मंत्री

*विवाह समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, के साथ ही प्रदेश के ज्यादातर सांसद, विधायक और प्रदेश के नेता भी पहुंचे। इसी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही कई कांग्रेसी नेता भी पहुंचे।*

# पानीपुरी, जलेबी, समोसे और गुलाब जामुन को अंग्रेजी में क्या कहते हैं?

***नई दिल्ली।*** *हम अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में हर दिन समोसे, पानीपुरी और जलेबी समेत कई व्यंजनों का आनंद लेते हैं। यह भोजन कई लोगों के पसंदीदा व्यंजनों में शामिल होते हैं। पानीपुरी तो खाना हर किसी को पसंद होता है। समोसे, कचौड़ी, जलेबी और गुलाब जामुन के बिना पार्टी अधूरी रहती है। बच्चे से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक जलेबी खाना पसंद करते हैं। हर कोई यह व्यंजन खाता है, लेकिन क्या आप इनकी अंग्रेजी जानते हैं?*

### जलेबी



सबसे पहले हम बात करते हैं जलेबी की। जलेबी मैदा और चीनी से बनती है। इसे हर कोई खाना पसंद करते हैं। देश के कई शहरों में सुबह जलेबी मिलती है, तो कई शहरों में शाम को मिलती है। लेबी को अंग्रेजी में **Rouded Sweet** या **Funnel Cake** कहा जाता है।

### समोसा



उत्तर भारत में समोसा खाना लोग काफी पसंद करते हैं। अंग्रेजी या हिंदी लोग समोसा ही लिखते हैं, लेकिन इसे अंग्रेजी में **Rissole** कहा जाता है, तो वहीं कचौड़ी को अंग्रेजी में **Pie** कहा जाता है।

### पानीपुरी या गोलगप्पे

पानीपुरी या गोलगप्पे को देशभर में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। कहीं पर गुपचुप, कहीं फुचका, कहीं गोलगप्पे तो कहीं पानीपुरी और कहीं पर पानी के बताशे कहा जाता है। इसे अंग्रेजी में **Water Balls** कहा जाता है।

### गुलाब जामुन



गुलाब जामुन खाना हर कोई पसंद करता है। इसे अंग्रेजी में **Milk Ball** और **Rose water berry** भी कहा जाता है। लेकिन, क्या आपको पता है पापड़ों को अंग्रेजी में क्या कहते हैं? पापड़ को अंग्रेजी में **Papadam** कहा जाता है, तो वहीं पोहा को **flattened rice** और **beaten rice** भी कहा जाता है।

### रायता

खाना के साथ रायता खाने का बड़ा महत्व है। यह कई तरह से बनाया जाता है। बूंदी, फल और सब्जियों से भी रायता बनता है। रायता को अंग्रेजी में **Mix Curd** कहा जाता है।

# लखमा चार फरवरी तक भेजे गए जेल, कहा- जितने दिन रख लो

**रायपुर।** शराब घोटाले मामले में फंसे पूर्व आबकारी मंत्री एवं कांग्रेस से कोंटा विधायक कवासी लखमा को कोर्ट ने 14 दिनों की रिमांड पर 4 फरवरी तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ईडी ने कवासी लखमा को 15 जनवरी को शराब घोटाला मामले में कमीशन लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद कोर्ट में पेश कर उन्हें 7 दिन के लिए रिमांड पर लिया गया था। रिमांड की अवधि खत्म होने पर ईडी ने मंगलवार को दोबारा कोर्ट में पेश किया। इस पर सुनवाई करने के बाद उन्हें 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**लखमा पर हर महीने 2 करोड़ रुपए कमीशन मिलने का आरोप:** ईडी की जांच में कवासी लखमा पर शराब घोटाला मामले में हर महीने 2 करोड़ रुपए मिलने का आरोप है। इस तरह 36 महीनों में कवासी लखमा को 72 करोड़ रुपए मिले हैं। ये राशि उनके बेटे हरीश कवासी के घर के निर्माण कांग्रेस भवन सुकमा के निर्माण में लगी है। ईडी की जांच में यह भी बताया गया है कि प्रदेश में शराब घोटाले में सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है। ईडी का यह भी आरोप है कि शराब घोटाला में सिंडिकेटों ने 2100 करोड़ से अधिक की अवैध कमाई की है। ईडी की जांच में यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि शराब घोटाले की पूरी जानकारी लखमा को थी और कहीं न कहीं उनके निर्देश पर भी सिंडिकेट काम करता था।

**अब पैसा पहुंचाने वालों पर कसेगा शिकंजा:** ईडी इस घोटाला मामले में अब कवासी लखमा को पैसा पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसेगी। ईडी ने देर रात तक लखमा को रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। छापेमारी के दौरान बैंक डिटेल की गहन जांच के बाद मनी ट्रेल का भी पता चला। इसके अलावा ईडी ने लखमा के वित्तीय लेनदेन की भी जांच की है।

दुनिया के खत्म होने की समय-समय पर खबरें और भविष्यवाणियां सुनने और पढ़ने को मिलती हैं। दुनिया में कई भविष्यवक्ता हैं, जिन्होंने दुनिया के अंत की भविष्यवाणी की है। उन्होंने अपनी भविष्यवाणी में बताया है कि दुनिया का अंत कब होगा। अब इस बीच एक ऐसा रहस्यमयी दस्तावेज सामने आया है, जिसने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी है। दरअसल, अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के एक गोपनीय दस्तावेज से डराने वाला खुलासा हुआ है।



# कब और कैसे होगा दुनिया का अंत? सीआईए के दस्तावेज से खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| वॉशिंगटन

अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने 50 सालों से ज्यादा समय तक एक किताब को गोपनीय रखा था। इस किताब में दुनिया के अंत की एक हैरान करने वाली थ्योरी है। इस किताब का नाम द एडम एंड ईव स्टोरी है, जिसे अमेरिकी वायुसेना के पूर्व कर्मचारी, यूएफओ शोधकर्ता और आत्मघोषित साइकोकि चैन थॉमस ने 1996 में लिखा था। इस किताब को अब सार्वजनिक किया गया है। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर अमेरिका ने इस किताब को अभी तक छिपाकर क्यों रखा था?

### हजारों साल बाद आती है विनाशकारी आपदा

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस किताब को साल 2013 में आंशिक रूप से डीक्लासीफाई किया गया था, लेकिन अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने सीआईए के डेटाबेस में ही छिपाया हुआ था। हाल ही में इसे एका बार फिर सामने लाया गया है। चैन थॉमस ने बताया है कि हर 6,500 साल में एक महाप्रलय आती है, जैसे बाइबिल में वर्णित 'ग्रेट फ्लड' ने धरती पर तबाही मचाई थी। थॉमस ने दावा किया है कि 6,500 साल पहले आई यह आपदा नोआह की बाढ़ थी। उनका दावा है कि इसके कुछ पुरातात्विक और भूवैज्ञानिक प्रमाण हैं।



### किताब के रहस्य पर क्यों उठ रहे सवाल?

सीआईए ने इस किताब को क्यों गोपनीय रखा था? यह साफ नहीं है। हालांकि, विशेषज्ञ मानते हैं कि आशंका थी कि इसके कारण जनता में भय पैदा होगा। मैकडॉनेल डगलस एयरोस्पेस कंपनी से चैन थॉमस जुड़े थे। वहां पर उन्होंने गोपनीय परियोजनाओं पर काम किया था। हालांकि, उनके सीआईए से प्रत्यक्ष संबंध होने को लेकर कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं हैं।

### कैसे होगा महाविनाश?

चैन थॉमस ने किताब में लिखा है कि धरती के चुंबकीय क्षेत्र में अचानक और तेजी से बदलाव होगा। इससे पूरी दुनिया में तबाही मच जाएगी। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका में कैलिफोर्निया के पहाड़ पत्तों की तरह हिलने लगेंगे और प्रशांत महासागर में एक विशालकाय लहर बनकर पूर्व की तरफ बढ़ेगी। कुछ ही घंटों में लॉस एंजिल्स, सैन फ्रांसिस्को, शिकागो, डलास और न्यूयॉर्क जैसे बड़े शहर इतिहास बन जाएंगे।

### थ्योरी पर नासा की राय

नासा और अन्य वैज्ञानिक संस्थानों का कहना है कि पृथ्वी का चुंबकीय क्षेत्र पोल रिवर्सल प्रक्रिया से होकर गुजरता है। ऐसा हर 3,00,000 सालों में होता है। इस प्रक्रिया में चुंबकीय क्षेत्र कमजोर हो सकता है, लेकिन इससे थॉमस द्वारा वर्णित विनाशकारी प्रभाव पैदा नहीं होता है। नासा के वैज्ञानिक मार्टिन म्लिन्जक ने कहा है कि यह असंभव है कि चुंबकीय क्षेत्र में 90-डिग्री का बदलाव हो। अगर ऐसा हर 6,500 साल में होता, तो इसका प्रमाण भूवैज्ञानिक रिकॉर्ड में जरूर रहता।

### कब आई थी नोआह की बाढ़?

थॉमस ने दावा किया है कि नोआह की बाढ़ 6,500 साल पहले आई थी, लेकिन अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि यह बाढ़ 4,000 से 5,000 साल पहले आई थी। अगर बाढ़ 6,500 साल पहले नहीं आई थी, तो थॉमस की अगली आपदा की भविष्यवाणी गलत साबित हो सकती है।

## राशिफल



**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।




**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।



**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।



**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।



**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।



**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।




**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।



**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।



**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।



**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।



**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।



**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

# मजाक-मजाक में अपलोड किया वीडियो और... इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया नाम

**बीरभूम।** बांग्राम गांव की चैताली गराई ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जिसकी शायद ही किसी ने कल्पना की हो। आमतौर पर दोस्तों के साथ बैठकर बातें करते हुए या काम के बाद थकावट मिटाने के लिए हम कभी-कभी उंगलियां चटकाते हैं। लेकिन, क्या आप सोच सकते हैं कि उंगली चटकाने की यह आदत किसी को रिकॉर्ड बुक में जगह दिला सकती है?

**जोक के तौर पर किया वीडियो अपलोड:** चैताली ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनकी यह छोटी-सी आदत रिकॉर्ड बन जाएगी। एक मजाक के तौर पर उन्होंने 15 दिसंबर 2024 को अपने मोबाइल के फ्रंट कैमरे से वीडियो बनाया और 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। वीडियो में चैताली ने अपने बाएं पैर के अंगूठे को एक मिनट में 116 बार चटकाया।

**परिवार और दोस्तों की खुशी का ठिकाना नहीं:** इस अनोखे हुनर को देखकर उनके परिवार और दोस्त बेहद खुश हैं। चैताली को 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' से प्रमाण पत्र, मोमेंटो, मेडल और आईडी कार्ड भी मिला। चैताली कहती हैं, 'यह सब मजाक में शुरू हुआ, लेकिन जब मेरा वीडियो रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया, तो सबको बहुत खुशी हुई।'


**बीरभूम से गुवाहाटी तक का सफर:** चैताली ने अपनी पढ़ाई शांतिनिकेतन के विश्वभारती विश्वविद्यालय से पूरी की है और वर्तमान में गुवाहाटी विश्वविद्यालय में बंगाली विषय पर शोध कर रही हैं। वे इन दिनों बोलपुर में अपनी बहन के घर में रहती हैं। उनके परिवार और दोस्तों के अनुसार, चैताली बिना किसी परेशानी के अपने बाएं पैर के अंगूठे को बार-बार चटकाने में माहिर हैं। चैताली का यह हुनर उनके आस-पास के लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा है। रिकॉर्ड बनाने के बाद से यह चर्चा और भी बढ़ गई है। 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' ने इसे एक अनोखा और अद्वितीय रिकॉर्ड के रूप में मान्यता दी है। चैताली का यह कारनामा न केवल उनके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि उनके क्षेत्र के लिए भी प्रेरणा है।

## कार की डिक्की से मिला 1 करोड़ कैश

**हरिभूमि न्यूज:भिलाई।** पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद से ही शहर में कई पाबंदियां शुरू हो गई हैं। अब यहां से अपने साथ भारी भरकम कैश लेकर जाना चुनाव तक पूरी तरह मना है। इस दौरान अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र में एक कार की डिक्की से 1 करोड़ रुपए का कैश चेकिंग के समय पुलिस को मिला है।अंजोरा पुलिस के मुताबिक दुर्ग नगर निगम में चुनाव की घोषणा हुई। आचार संहिता लागू होने से दुर्ग पुलिस ने सीमा क्षेत्रों में वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी है। चेक पाइंट पर राजनांदगांव से दुर्ग की ओर आ रही सभी गाड़ियों की जांच की जा रही थी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5756



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीडा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

मंगल सेनचा, बैंगलोर

### शब्द पहेली- 5755 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | रा |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | वा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | रा | ल |

## सूडोकू नवताल - 5767

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5766 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |





सर्दी के मौसम में तो अधिकतर लोग गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं। इससे ठंड से बचाव के साथ ही कई तरह के फायदे भी होते हैं। लेकिन इससे कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। इस बारे में जानिए।

# क्या आप भी रोजाना गर्म पानी से नहाते हैं!

हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

सर्दियों में गर्म पानी से नहाना भला किसे अच्छा नहीं लगता! यह तन के साथ-साथ मन को भी सुहाता है। जोड़ों का दर्द हो या बदन दर्द, गर्म पानी से नहाने पर एक बार राहत मिल जाती है। रात को गर्म पानी से नहाने से दिन भर की थकान उतर जाती है और सोने पर नींद भी अच्छी आती है।

**होते हैं कई फायदे:** गर्म पानी से नहाने से मांसपेशियों में तनाव और दर्द कम होता है, ब्लड फ्लो बेहतर होता है, जिससे शरीर के अंगों को अधिक ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। इससे शरीर के टॉक्सिंस को निकालने में भी मदद मिलती है। शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन का स्तर बढ़ता है, मन को शांति मिलती है और तनाव कम होता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। सर्दी-जुकाम और नजला के लक्षण कम होते हैं। इसके अलावा गले में खराश, बहती नाक और खांसी से गर्म पानी में नहाने से आराम मिल सकता है।



**हो सकते हैं कुछ नुकसान:** गर्म पानी से नहाने के कुछ नुकसान भी होते हैं, इन्हें भी आपको जान लेना चाहिए।

**स्किन मॉयश्चर होता है कम:** यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो में डर्मेटोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विक्टोरिया बारबोसा कहती हैं कि ज्यादा गर्म पानी से नहाने से स्किन का नेचुरल ऑयल और इसे मॉयश्चराइज रखने वाला तत्व निकल जाता है। अगर आपको ठंडा पानी नहीं सुहाता तो गुनगुने पानी से नहाइए। लेकिन यह भी रोज नहीं कभी-कभी होना चाहिए। मिशिगन मेडिसिन सेंटर में डर्मेटोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर ब्लेयर जेनकिंस कहती हैं कि साबुन या तेज महक वाले लिक्विड सोप या केमिकल वाला कोई भी मीडियम जब आप गर्म पानी के साथ इस्तेमाल करते हैं तो आपकी त्वचा की बाहरी सतह, जो स्किन बैरियर है उसे क्षति पहुंचती है। यह डेड सेल्स से बनती है, जो सिरामिड्स, फैटी एसिड और कोलेस्ट्रॉल के साथ मिलकर रक्षा कवच तैयार करते हैं, जो मॉयश्चर बरकरार रखने में मददगार होते हैं।

**हो सकते हैं रैशेज:** लंबे समय तक गर्म पानी में रहने से त्वचा सूख सकती है और खुजली, जलन या रैशेज हो सकते हैं। गर्म पानी से ब्लड वैसेल्स फैलती हैं, जो त्वचा की संवेदनशीलता को बढ़ा सकती है। यदि आपको पहले से त्वचा की समस्याएं हैं, तो यह उनके लक्षणों को बढ़ा सकता है।

**बालों को नुकसान:** स्किन की तरह ही गर्म पानी सीबम को वाशआउट करके बालों को ड्राई कर सकता है। वैसे तो सीबम रिलीज करने वाली ग्रंथियां पूरे शरीर की स्किन पर होती हैं लेकिन चेहरे और सिर पर ये ज्यादा होती हैं। एरीजोना स्थित मेयो क्लीनिक में डर्मेटोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर एलिका कहती हैं, 'सर्दियों में बालों के ड्राई और ब्रिटल होने का संभावित कारण यही है।'

**ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव:** ज्यादा गर्म पानी ब्लड वेसेल्स फैलने का सबब बन सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर में अचानक कमी आने से चक्कर आ सकता है। यह हाई ब्लडप्रेशर के मरीजों के लिए तो सकारात्मक कार्य करता है, पर लो ब्लडप्रेशर वालों के लिए ज्यादा हानिकारक सिद्ध हो सकता है।

**प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए हानिकारक:** गर्भवती महिलाओं के लिए हॉट वॉटर बाथ खतरे का कारण बन सकता है। लंबे समय तक गर्म पानी में रहने से शरीर का तापमान बढ़ सकता है, जो पहले ट्राइमेस्टर में फीटस के लिए हानिकारक हो सकता है। *

### बरतें सावधानियां

- गर्म पानी से नहाने के दौरान तापमान और समय का ध्यान रखना जरूरी है। इसका तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए।
- नहाने के बाद त्वचा पर मॉयश्चराइजर लगाएं, ज्यादा देर तक गर्म पानी में न रहें।
- यह ध्यान रखें कि गर्म पानी से नहाने के फायदे और नुकसान व्यक्ति की हेल्थ कंडीशन पर निर्भर करते हैं, इस संदर्भ में डॉक्टर से अवश्य परामर्श कर लें।

फिटनेस

डॉ.माजिद अलीम

वैसे तो अपनी हेल्थ-फिटनेस को लेकर कॉन्शस कुछ लोग डेली घंटे-दो घंटे कई तरह के वर्कआउट करते हैं। लेकिन अगर आप बहुत बिजी रहने की वजह से ऐसा नहीं कर पाते तो वीक में केवल 3-4 घंटे की एक्सरसाइज भी आपको हेल्दी और फिट रख सकती हैं। लेकिन इसके लिए आपको कुछ बेसिक बातें जरूर जान लेनी चाहिए।

# वीकली करें 3-4 घंटे एक्सरसाइज आप रहेंगे हेल्दी-फिट



इन दिनों गली-मुहल्लों में जिम की भरमार और सोशल मीडिया में हेल्थ संबंधित कंटेंट की बाढ़ को देखकर कई लोग बड़ी हताशा में रहते हैं कि वे पर्याप्त कसरत नहीं कर पाते, जैसा बाकी लोग कर रहे हैं। यह हताशा तब और बढ़ जाती है, जब दफ्तर में हमारे बगल में बैठा कोई शख्स हर रोज अपने घंटों पसीना बहाने के किस्से आपको या दूसरे कुलीग्स को सुनाता हो या यू-ट्यूब या फिर एक्स में जब हम सेलिब्रिटीज को जिम से अपनी आकर्षक और टोंड बॉडी के साथ निकलते हुए देखते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की बातें, खबरें और रीलें उन लोगों को मन ही मन कुढ़ने के लिए बाध्य करती हैं, जो दिल में चाह रखने के बावजूद भी हर दिन एक से दो घंटे पसीना नहीं बहाते। लेकिन ऐसे लोगों के लिए एक नहीं कई अच्छी और चिंतामुक्त करने वाली हेल्थ न्यूज आई हैं। इनके बारे में आप भी जानिए।

## क्या कहता है डब्ल्यूएचओ

डब्ल्यूएचओ यानी विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक हम सप्ताह में अगर 150 से 300 मिनट की मध्यम तीव्रता वाली एक्सरसाइज जैसे तेज तेज चलना, साइकिलिंग या फिर 75 से 150 मिनट वाली फास्ट एक्सरसाइज जैसे दौड़ना आदि कर लें तो भी सेहतमंद रह सकते हैं। कई और महत्वपूर्ण शोध अध्ययन भी बताते हैं कि फिट और चुस्त दुरुस्त रहने के लिए हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत पर्याप्त होती है, बशर्ते यह सही तरीके से की गई हो।

## कई स्टडीज भी करते हैं प्रूफ

'द जनरल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन' में छपे एक अध्ययन के मुताबिक हफ्ते में 3 से 4 घंटे की ग्रो एरोबिक और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज से दिल की बीमारियों का 20 से 30 फीसदी खतरा कम हो जाता है। इसी क्रम में साल 2020 में प्रकाशित हुई लॉसेंट स्टडी के मुताबिक भी सप्ताह में अगर 3 घंटे की एक्सरसाइज सही तरीके से कर ली जाए तो जिंदगी में दो से तीन साल का इजाफा हो जाता है।

## कैसा हो वर्कआउट प्लान

अब सवाल उठता है कि हफ्ते में जब 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज करनी हो तो इसकी योजना कैसे बनाएं और इसके तहत कौन-कौन सी एक्सरसाइज की जा सकती हैं, जो ज्यादा से ज्यादा फायदेमंद हों? इस बारे में फिटनेस विशेषज्ञों की एक बात याद रखनी चाहिए कि व्यायाम करना अपने आप में एक कला है। यह महज शारीरिक श्रम या एक्टिविटिज तक ही सीमित नहीं होती है, इसमें बेहतर तकनीक, अनुशासन और संतुलन के ज्ञान का भी शामिल होना जरूरी है। क्योंकि जब सही तकनीक के साथ हफ्ते में 3 से 4 घंटे की कसरत की जाती है, तब उसके इस स्तर के फायदे मिलते हैं। गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज से चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है और ऐसे लोगों के लिए तो यह खतरा और भी ज्यादा होता है, जो हफ्ते में इतने कम समय के लिए एक्सरसाइज करते हैं। ऐसे लोगों को वजन उठाने की सही पोजीशन का भी ख्याल रखना चाहिए वर्ना पीठ या जोड़ों पर इसका खतरनाक असर हो सकता है। हालांकि हर व्यक्ति की शारीरिक संरचना भिन्न होती है, साथ ही हर किसी के फिटनेस का स्तर और उसके लक्षण भी अलग-अलग होते हैं। इसलिए कई बार जो व्यायाम एक व्यक्ति के लिए सही होता है, वही दूसरे के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## ह्रदय को बनाता है स्वस्थ

हफ्ते में महज 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज का आपको सबसे ज्यादा फायदा तब दिखता है, जब आप उसके पहले बिल्कुल ही एक्सरसाइज न करते रहे हों। मसलन, अगर आप पूरे समय बैठे रहते हैं, तो थोड़ी सी कसरत भी आपके लिए दिल संबंधी रोगों के जोखिम को काफी कम कर देती है। सप्ताह में दो बार आपने अगर एक-एक घंटे की साइकिलिंग कर ली या 75 से 150 मिनटों तक तेज गति से वॉक कर लिया, तो ह्रदय संबंधी रोगों से होने वाली मौत का जोखिम 20 फीसदी तक कम हो जाता है। कम कसरत वास्तव में सबसे ज्यादा दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होती है। जो व्यक्ति बिल्कुल ही एक्सरसाइज नहीं करता और ज्यादातर समय बैठा रहता है, उसमें सबसे ज्यादा दिल से संबंधित बीमारी होने का ही खतरा रहता है।

## होते हैं कई अन्य फायदे

3-4 घंटे की साप्ताहिक एक्सरसाइज से भी मस्तिष्क में डोपामाइन और एंडोर्फिन हार्मोन स्त्रावित होते हैं जिससे आपका मूड बेहतर होता है। हर हफ्ते महज 3 घंटे की एक्सरसाइज भी आपके मेटाबॉलिज्म को तीव्र और स्वस्थ रखता है और टाइप-2 डायबिटीज जैसे रोगों से बचाता है। लेकिन हां, जब 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज पूरे हफ्ते में करनी हो तो या तो इसे 45-45 मिनट के हफ्ते में चार सेशन में बांट लें या एक ही दिन लगातार तीन से चार घंटे की साइकिलिंग या तेज-तेज चलना या स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कर लें। लेकिन स्ट्रेचिंग कुछ मिनट हर दिन करनी चाहिए। इस व्यवस्थित तरीके से करने पर हफ्ते में 3 से 4 घंटे की एक्सरसाइज भी आपको स्वस्थ, चुस्त-दुरुस्त और टोंड रखेगी।

## बढ़ने लगता है वर्कआउट टाइम

वीकली 3-4 घंटे वर्कआउट प्लान के पीछे एक अप्रत्यक्ष वास्तविकता यह भी जुड़ी है कि अगर आप सप्ताह में नियमित रूप से 3 से 4 घंटे की कसरत के लिए वक्त निकालते हैं तो धीरे-धीरे बिना प्रयास किए खुद ही आपके ये घंटे बढ़ जाएंगे और इसका आप पर कोई अतिरिक्त तनाव भी नहीं पड़ेगा। इसलिए कम समय के मोटिवेशन से एक्सरसाइज की शुरुआत करने वाले कई लोग बाद में हर दिन आराम से दो से ढाई घंटे तक कसरत करने लगते हैं।

## वर्कआउट इंटेसिटी भी है महत्वपूर्ण

बिल्कुल कसरत न करने की तुलना में सप्ताह में 3-4 घंटे की कसरत बहुत उपयोगी है और अगर आप हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (हिट) जैसी कसरत 30 मिनट के लिए भी करते हैं तो इसका उतना ही फायदा होगा, जो हफ्ते में 3 से 4 घंटे की गई सामान्य गति वाली कसरत से मिलता है। दरअसल, छोटी-छोटी कसरतें कई बार ज्यादा प्रभावी और ज्यादा नतीजापरक होती हैं। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में हर दिन की गई 20 मिनट की हिट एक्सरसाइज हफ्ते भर हर दिन धीरे-धीरे एक घंटे की वॉक करने से बेहतर है। मगर इस बात का ध्यान रखना, हर हाल में बहुत जरूरी है कि कम समय के लिए की गई इस एक्सरसाइज का प्लान बेहद सटीक और वैज्ञानिक हो। मसलन, अगर आपको मांसपेशियां और हड्डियों को मजबूत करना है तो आपको वेट लिफ्टिंग और पुशअप्स करने ही होंगे, सप्ताह में कम से कम दो तीन बार। औसतन एक से सवा घंटे हर दिन। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग यानी वेट लिफ्टिंग और पुशअप्स वास्तव में बुढ़ापे में आपको चुस्त-दुरुस्त रखते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह बहुत कम समय की एक्सरसारइज भी आपको तनाव, चिंता और डिप्रेशन से दूर रखती है। *



### इन बातों का रखें ध्यान

**जब हमें** कम समय की एक्सरसाइज से ज्यादा फायदा लेना हो तो किसी एक्सपर्ट से मिलकर अपने लिए सबसे उपयुक्त कसरतों का पता लगाना चाहिए। साथ ही शुरुआती ट्रेनिंग तो एक्सपर्ट की देखरेख में ही करना चाहिए। जब कम समय में एक्सरसाइज से ज्यादा फायदे लेने हों तो अनुशासन और धैर्य को बनाए रखना बहुत जरूरी है। वास्तव में व्यायाम का असर पलभर में नहीं दिखता, इसके लिए कुछ वक्त लगता है। इसलिए जब एक्सरसाइज करना शुरू करें तो उसे एक अनुशासन के रूप में अपनाएं और लंबे समय तक इस पर टिके रहें। यही नहीं जब कम समय की एक्सरसाइज करना हो तो शारीरिक और मानसिक तालमेल का होना बहुत जरूरी है। इसलिए सिर्फ शारीरिक व्यायाम ही न करें बल्कि कुछ मिनट का समय मानसिक व्यायाम यानी योग जैसी गतिविधियों के लिए भी निकालें।

हेल्थ टिप्स

# लहसुन की चाय का सेवन है फायदेमंद

आमतौर पर स्वास्थ्यवर्धक चाय की बात आती है तो अदरक या लौंग, काली मिर्च वाली चाय का सेवन किया जाता है। इसके फायदे के बारे में लोग जानते भी हैं। लेकिन लहसुन की चाय के बारे में कम ही लोगों को पता है। लहसुन की चाय भी कई तरह की बीमारियों को दूर करने में काफी प्रभावी साबित होती है। लहसुन की चाय पीने के कई फायदे हैं। लहसुन की चाय ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करती है।

राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, नई दिल्ली की डायटीशियन अंजलि बताती हैं कि लहसुन में एंटीबैक्टीरियल और एंटी वायरल गुण होते हैं। लहसुन की चाय डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत ही फायदेमंद होती है। इसके सेवन से शरीर में ब्लड शुगर कम होता है और यह मेटाबॉलिज्म को सुधारने में मदद करता है। लहसुन की चाय एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक ड्रिंक है, जो शरीर के इम्यून सिस्टम में सुधार करता है।



लहसुन की चाय शरीर के ज्यादातर हिस्सों में वसा को घोलने का काम करती है। इसके सेवन से आप अपने वजन को भी कम कर सकते हैं। लहसुन की चाय में चयापचय बढ़ाने वाले गुण पाए जाते हैं, जो वजन घटाने का काम करते हैं। इस गुण के कारण लहसुन की चाय मोटे लोगों के लिए बहुत ही फायदेमंद है। लहसुन की चाय का सेवन करने से शरीर की गंदगी को भी दूर किया जा सकता है। इसके सेवन से रक्त परिसंचरण में सुधार होता है। यह खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करता है। लहसुन की चाय के सेवन से दिल की सेहत को सुधारा जा सकता है। कोलेस्ट्रॉल के स्तर को सही रखने में मददगार होने के कारण इसके सेवन से दिल को रोगों से बचाव किया जा सकता है। लहसुन की चाय सांसों से जुड़ी बीमारियों से बचा सकती है। इसका सेवन सर्दियों में बुखार-खांसी को ठीक करने के लिए भी कर सकते हैं। इससे शरीर में होने वाली सूजन को भी रोका जा सकता है।

डायटीशियन अंजलि कहती हैं कि लहसुन की चाय बनाने का तरीका बेहद आसान है। इसे तैयार करने के लिए बर्तन में सवा कप पानी लें। उसमें कुछ छिले लहसुन और काली मिर्च को कूटकर डाल दें। इसे पांच मिनट उबालने के बाद छानकर पिएं। आप चाहें तो इसमें अदरक और दालचीनी भी डालकर पी सकते हैं। *

प्रस्तुतिः अजेश कुमार

विभिन्न तरह के रोगों के ट्रीटमेंट का जापानी तरीका है रेकी। यह यूनिवर्स की पॉजिटिव लाइफ फोर्स एनर्जी के द्वारा रोगों को ठीक करती है। कैसे करती है यह ट्रीटमेंट और कितनी होती है इफेक्टिव, जानिए एक्सपर्ट से।

# रेकी हीलिंग में यूज होती है यूनिवर्सल लाइफ फोर्स एनर्जी

नेचुरोथेरेपी

निशा सिंगला
रेकी मास्टर-थीटा हीलिंग इंस्ट्रक्टर

रेकी एक एनर्जी हीलिंग मैथड है। यह एक जापानी नेचुरोथेरेपी मैथड है। डॉक्टर मिकाओ ऊसुई ने इस ट्रीटमेंट मैथड को खोजा और विकसित किया था। उनके बताए तरीके के अनुसार ही इसमें यूनिवर्सल लाइफ एनर्जी को चैनल किया जाता है। उसके द्वारा ही हम अपने रोगों को और दूसरे के रोगों को ठीक करने में सहायक हो सकते हैं।

**हीलिंग मैथड:** रेकी हीलिंग में पर्टिकुलर बॉडी पार्ट को टच करके, शरीर के विभिन्न चक्रों के द्वारा या फिर डिस्टेंस पर मौजूद व्यक्ति को भी हील किया जा सकता है क्योंकि एनर्जी डिस्टेंस को ट्रैवल कर सकती है। अन्य हीलिंग मैथड्स से रेकी कई मायने में अलग है क्योंकि इसमें किसी भी प्रकार की मेडिसिन नहीं दी जाती है। इस हीलिंग में केवल यूनिवर्स में मौजूद प्योर और पॉजिटिव लाइफ फोर्स एनर्जी के द्वारा व्यक्ति के फिजिकल, मेंटल, इमोशनल और स्प्रिचुअल लेवल पर जो प्रॉब्लम्स होती हैं, उसे ट्रीट कर सकते हैं।

**हर रोग में कारगर:** फिजिकल हेल्थ से जुड़े इश्यूज में भी यह हीलिंग इफेक्टिव होती है। लेकिन अगर रोग के शुरुआती स्तर पर यह हीलिंग ली जाए तो वो जल्दी ठीक हो जाता





लेकिन थर्ड या फोर्थ स्टेज के रोग, क्रॉनिक डिजीज या जन्मजात रोगों को हील करने में थोड़ा अधिक समय यानी अधिक थेरेपी सेशंस लग सकते हैं। इस हीलिंग मैथड से किसी रोग को ठीक होने में कितना समय लगता है, यह हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है और रोग की कंडीशन पर निर्भर करता है। कुछ रोग चार-पांच सेशंस में ही ठीक हो जाते हैं तो कुछ को हील होने में दो-तीन महीने या उससे अधिक समय तक ट्रीटमेंट लेना पड़ सकता है।

**नहीं होता साइड इफेक्ट:** इस ट्रीटमेंट मैथड की यह भी खासियत है कि अगर किसी रोग के लिए आप कोई मेडिसिन ले रहे हैं, रोग की डायग्नोसिस के अनुसार कोई और ट्रीटमेंट ले रहे हैं तो उसके साथ भी इसे ले सकते हैं। रेकी हीलिंग किसी अन्य ट्रीटमेंट मैथड में इंटरफेयर नहीं करती है और न इसका कोई साइड इफेक्ट होता है। एक्चुअली यह पेशेंट के एनर्जी लेवल को उसके ऑरा को बैलेंस करते हुए रोग का उपचार करती है। यह बात भी ध्यान रखने की है कि रेकी हीलिंग के कोई साइड इफेक्ट्स तो नहीं होते हैं, लेकिन कई बार किसी रोग के ट्रीटमेंट में जब टॉक्सिसिटी रिलीज होती है, एनर्जी चक्र क्लीन होते हैं तो व्यक्ति को कुछ असहज महसूस हो सकता है। लेकिन ऐसा साइड इफेक्ट के कारण नहीं होता है। इसलिए ऐसा महसूस होने पर भी हीलिंग लेते रहना चाहिए। कुछ समय बाद वो असहजता दूर हो जाएगी। इसके ट्रीटमेंट के दौरान किसी विशेष प्रिकॉशन की जरूरत नहीं होती है लेकिन हीलिंग के दौरान पानी अधिक मात्रा में पीना फायदेमंद होता है।

**डेली रूटीन में करें शामिल:** रेकी एक बहुत पॉजिटिव एनर्जी टूल है। इसे कोई भी सीखकर अपनी डेली रूटीन में शामिल कर सकता है। यह सेल्फ ग्रोथ के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे आपका स्ट्रेस लेवल कंट्रोल रहता है। आप फिजिकली, मेंटली और इमोशनली बैलेंस्ड, हेल्दी और एनर्जेटिक रह सकते हैं। *

प्रस्तुतिः विज्ञान भूषण

शवासन, सबसे सरल और बहुत फायदेमंद आसन है। इसे करने में ज्यादा शारीरिक मेहनत नहीं लगती। यह मन और तन दोनो की थकान को दूर करता है। लेकिन इसे करते समय सजग रहना चाहिए। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# सबसे सरल लेकिन बहुत फायदेमंद है शवासन

योगोपचार / दिव्यज्योति 'नंदन'

शवासन को योगासनों में सबसे सरल आसन माना जाता है। हालांकि यह इतना सरल आसन है नहीं, बस देखने में लगता है। हां, यह सरल उन्हीं लोगों के लिए है, जिन्हें अच्छी तरीके से इसे करने का अभ्यास है। बहरहाल, यह सरल माना जाने वाला आसन शरीर और मन के लिए बहुत फायदेमंद है।

**सुधरे मेंटल हेल्थ:** शवासन करने से डीप मेंटल हीलिंग होती है। शरीर में अच्छे न्यूरोकेमिकल्स बनते हैं, जिससे मूड अच्छा रहता है। यह आसन करने से शरीर को गहराई से आराम मिलता है। नियमित शवासन करने से शरीर को न सिर्फ ऊर्जा और ताजगी मिलती है बल्कि यह मन और शरीर को एकाग्र कर देता है। वास्तव में यह शरीर को आराम देने वाला आसन है। क्योंकि यह बहुत तेजी और पूर्णता से तनाव दूर करता है।

**शारीरिक लाभ:** शवासन करने से शरीर का उच्च रक्तचाप सामान्य होता है। अनिद्रा की समस्या दूर होती है। सिरदर्द, थकान और हल्के अवसाद से राहत मिलती है। सर्दियों में जब मन बुझा सा और शरीर थका सा रहता है, संक्रमण के बहुत ज्यादा चांस होते हैं, उस समय नियमित रूप से शवासन करने पर न केवल संक्रमण जैसी स्थितियों से बचाव होता है बल्कि शरीर की बहुत सारी परेशानियों और चिंताओं से राहत मिलती है।

**करने का सही तरीका:** शवासन करने के लिए पहले अपने योगा मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। लेकिन लेटते समय किसी कुशन या तकिया का इस्तेमाल न करें। अगर आपका योगा मैट सख्त सतह पर हो तो और अच्छी बात है। बिल्कुल आराम की मुद्रा में लेटे हुए अपनी आंख बंद कर लें, फिर दोनों पैरों को एक दूसरे से अलग कर लें और इस दौरान आपके पैरों के दोनों अंगूठे अपनी-अपनी साइड की तरफ झुके हुए हों। आपके हाथ भी इस दौरान शरीर के साथ ही तनावरहित मुद्रा में होने चाहिए। हथेलियों को खुला रखें। कुछ मिनटों तक तनावरहित मुद्रा में लेटे रहने के बाद अब धीरे-धीरे शरीर के विभिन्न हिस्सों पर ध्यान दें और ऐसा करते समय अपनी



सांस लेने की गति को बिल्कुल धीमा कर दें। इससे आप धीरे-धीरे मेडिटेशन में उतरने लगेंगे। लेकिन अगर ऐसा करते हुए आलस या उबासी आए तो सांस लेने की रफ्तार को तेज कर दें। शवासन करते समय सोना नहीं चाहिए।

**रिलैक्स को एंज्वाय करें:** शवासन दरअसल एहसास का आसन है, इसलिए जब रिलैक्स की मुद्रा में अपने योगा मैट में लेटे हों और बहुत धीमी गति से सांस ले रहे हों, उस स्थिति को एंज्वाय करते हुए सोचें कि जब आप सांस ले रहे हैं तो वह सांस पूरे शरीर में धीरे-धीरे फैल रही है और आप इसके जरिए कहीं ज्यादा ऊर्जावान होते जा रहे हैं। जब आप सांस छोड़ रहे हैं, उस समय शरीर शांत होता जा रहा है। इस समय मन में कुछ और न लाएं, सिर्फ अपने शरीर पर ही ध्यान रखें। मन की गहराइयों तक शांति का आनंद लें। 10 से 12 मिनट तक इसी रिलैक्स मुद्रा में रहें। अब जब शरीर में ऊर्जा महसूस होने लगे तो एक तरफ को करवट ले लें। इस दौरान भी आंखें बंद रखें और एक मिनट तक इसी स्थिति में रहें, फिर धीरे धीरे उठें और पालथी मारकर सुखासन करें। कुछ गहरी सांसें लें और झटके से उठने की बजाय अपने आस-पास में चल रहे माहौल के साथ आत्मसात हों और इसी क्रम में आंखें खोल दें। कम से कम दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं। *



## खबर संक्षेप




### घरेलू मुकाबलों से तैयार होगा अच्छा माहौल

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित राजपाल डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्लेऑफ एक और दो फरवरी को टोगो के खिलाफ होने वाले मुकाबले का इस्तेमाल भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए करना चाहते है। भारत एक और दो फरवरी को घरेलू सरजमीं पर अफ्रीका के देश टोगो के खिलाफ खेलेगा। विश्व रैंकिंग में 368वें स्थान पर काबिज शशिकुमार मुकुंद भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। मुकुंद लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेलने के बाद भारतीय टीम में वापसी कर रहे हैं।

### क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं डिविलियर्स

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स थोड़ी मौज-मस्ती करने और अपने बच्चों को खुश करने के लिए इस तरह की क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं जहां आईपीएल जैसा दबाव नहीं हो और वह सहज होकर खेल सकें।



डिविलियर्स ने अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताने के लिए नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। दक्षिण अफ्रीका के 40 वर्षीय पूर्व कप्तान अब चैरिटी और प्रसारण से संबंधित कार्यों से जुड़े हुए हैं। वह मौजूदा एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

### एशियाई और ओलंपिक में शामिल हो खोखो

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को पारंपरिक भारतीय खेलों को दुनिया भर में ले जाने की सरकार की इच्छा व्यक्त की और कहा कि खोखो को एशियाई खेलों और 2036 ओलंपिक में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होगी।



भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है और उसने अपनी महत्वाकांक्षी योजना की दिशा में पहला ठोस कदम उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के भविष्य मेजबान आयोग को अपनी इच्छा व्यक्त करते हुए एक 'आशय पत्र' प्रस्तुत किया है।

### रोहित को क्या करना है बताने की जरूरत नहीं

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने बुधवार को कहा कि रोहित शर्मा को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उन्हें क्या करना है और 'जब वह लय हासिल कर लेंगे तो उन्हें बड़ी पारी खेलने में कोई परेशानी नहीं आएगी'।



भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित लगभग एक दशक के अंतराल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी करेंगे। मुंबई की टीम गुरुवार से यहां बीकेसी मैदान पर जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगी तो सभी की निगाहें रोहित और उनके भारत के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर होंगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैनात होंगे 17 हजार सुरक्षाकर्मी

**लाहौर।** पाकिस्तान में 19 फरवरी से कराची, लाहौर और रावलपिंडी में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए कम से कम 17,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार पंजाब सरकार ने भाग लेने वाली टीमों के लिए 24 घंटे सुरक्षा प्रदान करने की तैयारी शुरू कर दी है जिसमें लाहौर और रावलपिंडी में टीम होटल के साथ-साथ मैच स्थलों को भी शामिल किया जाएगा। एक अधिकारी ने कहा, 'पंजाब सरकार मैचों और टीमों के लिए लगभग 12,500 अधिकारी और अन्य सुरक्षाकर्मी तैनात करेगी।'

---

ऑस्ट्रेलियन ओपन : नवारो को 6-1, 6-2 से दी शिकस्त

# स्वियाटेक ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट, कीज से होगा मुकाबला

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न


इगा स्वियाटेक ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में बुधवार को यहां आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो के खिलाफ 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत दर्ज करते हुए साल के शुरुआती ग्रैंड स्लैम में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वियाटेक ने टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। मेलबर्न पार्क में अपना पहला खिताब जीतने के लिए जोर लगा रही पोलैंड की इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ 14 गेम गंवाए है। इससे पहले 15 से कम गेम गंवाकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाने का कारनामा 2013 में मारिया शारापोवा ने किया था। अब तक पांच बार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी इस 23 साल की खिलाड़ी ने कहा, 'मैं टूर्नामेंट में अपने अब तक के प्रदर्शन से काफी खुश हूं। सेमीफाइनल में पहुंचना शानदार है।




पोलैंड की स्वियातेक के सामने सेमीफाइनल में अमेरिका की 29 साल मैडिसन कीज की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज कीज ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर मौजूदा सत्र में लगातार 10वी जीत दर्ज की।

**कीज की लगातार 10वी जीत**

### शेलटन ने अंतिम चार में बनाई जगह



अमेरिका के 22 साल के बेन शेलटन ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल मैच में बुधवार को यहां लोरेंजो सोनेगो को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। वामहस्त खिलाड़ी शेलटन ने इटली के गैरवरीय खिलाड़ी के खिलाफ 6-4, 7-5, 4-6, 7-6 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में उनके सामने शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर की चुनौती होगी। इस 21वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 144 मील प्रति घंटे (232 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से सर्विस कर पहला सेट अपने नाम करने के साथ मौजूदा सत्र के सबसे तेज सर्विस की बराबरी की।

---

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप

# इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की बड़ी जीत



एजेंसी ▶▶| जोहोर

सलामी बल्लेबाज डेविना पेरिन के शानदार अर्धशतक और ट्रुडी जॉनसन के बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने बुधवार को यहां अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अमेरिका को आठ विकेट से रौंदकर पूल बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

वहीं दिन के अन्य मैचों में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के अलावा बांग्लादेश ने भी जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने नेपाल को 83 रन से, बांग्लादेश ने स्कॉटलैंड को 18 रन से हराया जबकि न्यूजीलैंड ने समोआ को 67 रन से मात दी। इंग्लैंड ने पेरिन की 45 गेंद में नौ चौके और तीन छक्के जड़ित 74 रन की पारी की बदौलत 14.2 ओवर में 120 रन बनाकर जीत हासिल की। जॉनसन ने 17 रन देकर दो विकेट झटके और इसके बाद नाबाद 44 रन बनाये। प्रिशा थानावाला (20 रन देकर दो विकेट) ने भी अमेरिका को पांच विकेट पर 119 रन पर रोकने में योगदान दिया। अमेरिका की कप्तान अनिका कोलन ने 42 गेंद में नाबाद 46 रन बनाए।

---

# प्रज्ञानानंदा ने मेंडोंका को हराकर हासिल की बढ़त

एजेंसी ▶▶| विज्क आन ज़ी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर के बाद एकल बढ़त हासिल कर ली।

प्रज्ञानानंदा ने रुय लोपेज के साथ सहज शुरुआत की लेकिन मिडिल गेम में उन्होंने मेंडोंका की गलतियों का फायदा उठाया और 46 चाल में जीत हासिल की। प्रज्ञानानंदा की यह लगातार तीसरी जीत है। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अभी तक भारतीय खिलाड़ियों को ही हराया है। उनका अगला मुकाबला विश्व चैंपियन डी गुकेश से होगा जिन्होंने चौथे दौर की अपनी बाजी एलेक्सी सरना के खिलाफ ड्रॉ खेली। विदित गुजराती के हटने के कारण टूर्नामेंट में जगह बनाने वाले पी हरिकृष्णा ने नीदरलैंड के मैक्स वार्मरडैम को हराया लेकिन अर्जुन एरिगैसी को रूस के व्लादिमीर फेडोसीव से हार का सामना करना पड़ा। चैलेंजर्स वर्ग में आर वैशाली ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव को और दिव्या देशमुख ने तुर्की के एडिज़ गुरेल को पराजित करके अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया।

**IFFDC** इण्डीयन फार्म फोरेस्ट्री डवलपमेंट को-ऑपरेटीव लि.
Preserving Nature . Nurturing Lives
एच.आई.जी. 2/191, अरविन्द विहार, बागमुगालिया, पानी की टंकी के पास, भोपाल (म.प्र.)
दिनांक : 22.01.2025
**निविदा सूचना**
हमारी संस्था आई.एफ.एफ.डी.सी. को जबलपुर (म.प्र.) एवं रायपुर (छ.ग.) संभाग के पंजीकृत बीज उत्पादकों से मात्रा 11000 क्विं. धान बीज क्रय करना है, इस हेतु निविदा फार्म 28.01.2025 को प्रातः 12.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिन दोपहर 03.00 बजे निविदाएं खोली जायेगी। इच्छुक पार्टिया निविदा फार्म कार्यालयीन समय में उपरोक्त पते पर प्राप्त कर सकती है।
परियोजना प्रबंधक
आई.एफ.एफ.डी.सी., भोपाल

**खंड - I**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल जबलपुर मध्यप्रदेश**

वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा म.प्र. भण्डार कय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित - 2022 ) के अंतर्गत निम्नलिखित ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेशिफिकेशन | सत्यांकन निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आयरन बेस्ड वाच टॉवर | ड्राईंग एवं स्पेशिफिकेशन निविदा के साथ संलग्न अनुसार | 50000 | 1000 |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है ।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 21/01/25 बजे 09:00 से दिनांक 27/01/25. केबल ऑनलाईन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई हो केबल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा। समाचार पत्रो में नही ।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल जबलपुर (म.प्र.)
G-22062/24

**कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी मुड़वारा (म.प्र.)**
क्रमांक 3143/ज.प्र.वि. /2024-25 — कटनी, दिनांक:- 13/01/2025
**निविदा आमंत्रण सूचना**
नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो/निर्माताओं से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण, शर्ते आदि वेबासाइट https:/mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रमांक | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2025_UAD _396023_1 | नगर निगम सीमान्तर्गत रफी अहमद किदवई वार्ड क्रमांक 16 में निर्मित 25.00 लाख लीटर क्षमता की पानी टंकी हेतु सम्पवेल, बांउडीवाल, पंप हाउस एवं यूरीनल निर्माण का संपूर्ण कार्य। | 1. 90 दिवस 2. राशि Rs. 29.74 लाख रूपये | 5,000/- Rs. 22305/- | 17/02/2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
कार्यपालक यंत्री
वास्ते - आयुक्त
नगर पालिक निगम, कटनी

**कार्यालय कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर, म. प्र.**
email- artwanp@mp.gov.in
कमांक/निर्माण/ज.का. वि./2024-25/235 — अनूपपुर दिनांक 17/01/2025
**ई - निविदा विज्ञप्ति प्रथम आमंत्रण**
म.प्र. राज्यपाल की ओर से आनलाईन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग से उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग (भवन) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 01 जनवरी 2024 से भवन / विद्युत कार्य एवं 25 मार्च 2022 लोक निर्माण विभाग ( रोड एवं ब्रिज) से प्रभावशील लोक निर्माण विभाग के प्रचलित एस.ओ.आर. पर (निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ) निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्ते निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारिया http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. आनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि - 06.01.2025
2. आनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 27.01.2025
3. आनलाईन निविदा प्रपत्र जमा की अंतिम तिथि - 27.01.2025
4. आनलाईन निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि - 29.01.2025

| क्र. | NIT No. | Online NIT No. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनु. राशि बिना (जी एसटी) (लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 61/ 06.01.2025 | 2025_TAD_ 393483_1 | कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ में एप्रोज रोड निर्माण कार्य । | 15000 | 214.29 | 214290 | 9 माह | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

आनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग
जिला अनूपपुर
G-22060/24
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
**लिमिटेड ई - निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली) आमंत्रण सूचना**
**कार्य का नाम**: जबलपुर मंडल के रीवा-सीधी सिंगरौली नई लाइन खंड में, ललितपुर सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में पश्चिम-मध्य रेलवे के अंतर्गत 2 x 25 केवी, एसी 50 हर्ट्ज ओएचई इंस्टालेशन सिस्टम यानी टीएसएस, एसएसपी, एसपी पर बिजली आपूर्ति इंस्टालेशन यानी टीएसएस, एसएसपी, एसपी का डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण, निर्माण और कमीशनिंग और टीएसएस, एसएसपी, एसपी बिल्डिंग और टीआरडी कार्यालय आदि का विद्युतीकरण। **निविदा सूचना क्र : के आर / सी ओ / ईल / रीवा - सिंगरौली / टी / 04 / 25, दिनांक 23.01.2025. कार्य समापन की अवधि**: 18 (अट्ठारह) महीना। **अनुमानित लागत**: रु.16,54,62,628/- जीएसटी को छोड़कर। **ईएमडी**: रु. 9,77,300/-. **आन लाइन निविदा जमा करनेकी अंतिम तिथि तथा समय**: दि.07.02.2025 को 15:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि**: दि: 07.02.2025 को 15:30 बजे। संशोधन / शुद्धिपत्र यदि हो तो केवल आई आर ई पी एस वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। **निविदा कागजात के लिए पथ**: आई आर ई पी एस के माध्यम से। मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं होगीं।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Tata Intra V30 Model 2022
MP20GB5963
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् मण्डला (म.प्र.)**
क्रमांक /लो.नि.शा./2025/3474 — मण्डला, दिनांक 22.07.2025
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य/ सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_397705_1 Date- 22/01/2025 | विभिन्न प्रकार की विद्युत सामग्री प्रदाय हेतु | 12 माह राशि 4000000.00 | राशि 5000.00 ईएमडी राशि 40000.00 | 19/02/2025 |
| 2 | 2025_UAD_397707_1 Date- 22/01/2025 | वार्ड क्रमांक 14 सुभाष वार्ड में दयावती कछवाहा के मकान से रजनी श्रीवास से राजकुमार शेरवानी के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 02 माह राशि 578446.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 11569.00 | 14/02/2025 |
| 3 | 2025_UAD_397709_1 Date- 22/01/2025 | वार्ड क्रमांक 14 सुभाष वार्ड में चंद्रशेखर सिंधिया के मकान से राजकुमार जैन किराना स्टोर्स तक आर.सी. सी नाली निर्माण कार्य | 02 माह राशि 462952.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 9259.00 | 14/02/2025 |
| 4 | 2025_UAD_397711_1 Date- 22/01/2025 | वार्ड क्रमांक 14 सुभाष वार्ड में श्री टलर्स से नरेश के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 02 माह राशि 501531.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 10031.00 | 14/02/2025 |
| 5 | 2025_UAD_397715_1 Date- 22/01/2025 | वार्ड क्रमांक 21 ज्वाला जी वार्ड में चित्रगुप्त मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 02 माह राशि 834261.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 16685.00 | 14/02/2025 |
| 6 | 2025_UAD_397719_1 Date- 22/01/2025 | वार्ड क्रमांक 16 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में गन्नी भाईजानके मकान से लल्लू के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 02 माह राशि 168339.00 | राशि 2000.00 ईएमडी राशि 3367.00 | 14/02/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मण्डला

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म. प्र. )**
विज्ञापन पत्र क्रमांक/131/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 — **निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )** — सिवनी, दिनांक- 17/01/2025
निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निविदा सूचना क्र./ दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 16.01.2025 | 2025_PHED_ 396549_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी, कुरई, छपारा एवं घनौरा के विभिन्न ग्रामों में 50 नग वर्टिकल बोर होल की सफाई का कार्य। समूह क्रमांक-01 | 13.45 | 26,900.00 | 2,000.00 | 04/02/2025 | 04/02/2025 | 30 दिवस (वर्षा ऋतु छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 16/नि.प्र./ 2024-25 दिनांक 16.01.2025 | 2025_PHED_ 396550_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड लखनादौन, घंसौर, केवलारी एवं बरघाट के विभिन्न ग्रामों में 50 नग वर्टिकल बोर होल की सफाई का कार्य। समूह क्रमांक-02 | 13.45 | 26,900.00 | 2,000.00 | 04/02/2025 | 04/02/2025 | 30 दिवस (वर्षा ऋतु छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)
G-22065/24

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म. प्र. )**
विज्ञापन पत्र क्रमांक/132/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2025 — **निविदा आमंत्रण सूचना ( संक्षिप्त )** — सिवनी, दिनांक- 17/01/2025
निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित हैं। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैं :-

| निविदा सूचना क्र. / दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 16/01/2025 | 2025_PHED _396608_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी-1 के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संधारण/संधारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने का कार्य। | 8.67 | 17,340.00 | 2,000.00 | 05/02/2025 | 05/02/2025 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 17/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 16/01/2025 | 2025_PHED _396609_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड सिवनी-2 के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संधारण/संधारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने का कार्य। | 10.14 | 20,280.00 | 2,000.00 | 05/02/2025 | 05/02/2025 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |
| 17/नि.प्र. /2024-25 दिनांक 16/01/2025 | 2025_PHED _396610_1 | सिवनी जिले के विकासखण्ड छपारा एवं घनौरा के विभिन्न ग्रामों में स्थापित हैण्डपम्पों का मरम्मत, संधारण/संधारण एवं क्लोरीनेशन हेतु आवश्यक मजदूर एवं वाहन सहित उपलब्ध कराने का कार्य। | 14.37 | 28,740.00 | 2,000.00 | 05/02/2025 | 05/02/2025 | 365 दिवस (वर्षाकाल सहित) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत फर्म/ठेकेदार |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सिवनी (म.प्र.)
G-22061/24




### हाई कोर्ट ने सीधी के पुलिस अधीक्षक को दिए निर्देश

# आरएसएस ज्वाइन करने बाध्य करने और मारपीट की शिकायत पर कार्रवाई करें

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने मझौली के कालेज में पदस्थ डा. रामजस चौधरी को आरएसएस ज्वाइन करने के लिए बाध्य करने और मारपीट के मामले में पुलिस अधीक्षक सीधी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार की ओर से अंडरटेकिंग दी गई है कि इस मामले में पुलिस अधीक्षक सीधी को शिकायतों पर विचार करने और जांच करने का निर्देश देंगे। यदि धमकी सहित अन्य आरोप सही पाए जाते हैं तो सात दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने राज्य शासन की अंडरटेकिंग को रिकार्ड पर लेते हुए याचिका का पटाक्षेप कर दिया।याचिकाकर्ता डा. रामजस चौधरी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, मझौली, जिला सीधी में अतिथि प्राध्यापक (वाणिज्य) के पद पर कार्यरत है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने के लिए बाध्य किया जा रहा है। याचिकाकर्ता की विचारधारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की विचारधारा से मेल नहीं खाती है। जब याचिकाकर्ता ने आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई और धमकी दी गई। याचिकाकर्ता के सिर पर हत्या का खतरा मंडरा रहा है। इस संबंध में याचिकाकर्ता ने पुलिस अधीक्षक सीधी और संबंधित पुलिस इंस्पेक्टर को शिकायत की थी, लेकिन इन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई।



याचिकाकर्ता ने कालेज की प्राचार्य गीता भारती, उनके पति एसआर भारती, सहायक अध्यापक राजकिशोर तिवारी, संदीप कुमार शर्मा, विपेंद्र द्विवेदी, डा.सुरेश तिवारी, आरएसएस कार्यकर्ता मनीष सोनी, रीतेश पांडे, शिवम मिश्रा, आर्यन पांडे, अमन गहरवार, निल्य मिश्रा, गंगा सागर चतुर्वेदी, रामकुमार गुप्ता, अभिनव द्विवेदी, अमन जायसवाल, शिवांश सिंह गहरवार, अमित केवट एवं पंकज तिवारी पर आरोप लगाए हैं। दलील दी गई कि इन सभी के एक राय होकर याचिका कर्ता को आरएसएस ज्वाइन करने, उनके आयोजनों में आर्थिक सहयोग करने और शामिल होने लगातार दबाव बनाया। इनकार करने पर उस पर हमला भी किया।

## कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की याचिका पर सुनवाई टली

**जबलपुर।** भोपाल मध्य से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर हाई कोर्ट में बुधवार को सुनवाई टल गई है। न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले पर 27 जनवरी को अगली सुनवाई निर्धारित की है। भाजपा के ध्रुव नारायण सिंह की ओर से दायर इस याचिका पर बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान आरिफ मसूद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने अवगत कराया कि गवाहों की पुनरीक्षित सूची पेश कर दी गई है। उक्त सूची रिकार्ड पर उपलब्ध न होने के चलते कोर्ट ने सुनवाई बढ़ाने का निर्देश दे दिया। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय मिश्रा खड़े हुए थे।

## हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**जबलपुर।** प्रधान सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी की अदालत ने बाईक से कट मारने की बात पर हुए विवाद के दौरान एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोपित स्नेह उर्फ गिल्लू का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही जुर्माना भी लगाया। एक अन्य आरोपित के नाबालिग होने के कारण उसका मामला किशोर न्यायालय में चल रहा है। अभियोजन के अनुसार गोरखपुर थानांतर्गत रामपुर छापर में इंटीरियर डिजाईन करने वाले युवक दीपक यादव की बाईक से रामपुर छापर में रहने वाले स्नेह तोमर उर्फ गिल्लू को कट (टक्कर) लग गया था। इसी बात को लेकर 20 नवम्बर, 2022 की रात करीब 11 बजे दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के बढ़ने पर आरोपित स्नेह उर्फ गिल्लू और उसके एक नाबालिग साथी ने दीपक पर चाकू से वार किए। गंभीर अवस्था में दीपक को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस द्वारा दर्ज मामले पर विचारण के बाद अदालत ने आरोपित को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। शासन की ओर से प्रभारी लोक अभियोजक अनिल तिवारी ने पैरवी की।



# सर्दी के मौसम में गर्मी का अहसास

### एकदम से बदला मौसम का मिजाज

जबलपुर।

**मौसम शुष्क होते ही तेज धूप ने ठंड की अकड़ निकाल दी। दिन का तापमान तीन पायदान ऊपर चढ़ गया तो रात का एक पायदान ऊपर रहा। सर्दी के मौसम में गर्मी का अहसास बुधवार को लोगों ने महसूस किया। दिन में धूप तीखी लग रही थी। शाम ढलने के बाद कुछ ठंडक आई। फिलहाल, दो तीन दिन मौसम ऐसे ही रहने के आसार हैं।**

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले समय में ठण्ड लौटेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक राजस्थान और गुजरात के ऊपर बने चक्रवात की वजह से मौसम के हालात बदल गए हैं। चक्रवात के कमजोर पड़ने पर मौसम में बदलाव हो सकेगा। हालांकि उत्तरी हवाओं की रफ्तार तेज होने की वजह से तापमान में उछाल का उतना असर समझ में नहीं आ रहा है। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 28.03 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 89 प्रतिशत और सायंकाल 40 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.53 बजे और सूर्यास्त शाम 5.52 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं।

गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। प्रदेश में सबसे ठण्डा जिला पचमढ़ी रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

# 20 लाख लाना तभी आना बहू को घर से निकाला

**जबलपुर। माढ़ोताल थाना अतंर्गत करमेता में एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। बताया गया है कि नवविवाहिता के ससुराल वालें उससे मायके में 20 लाख रुपए और कार लाने की मांग करते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया और उसके पिता के साथ मारपीट भी की।**



माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार करमेता निवासी 20 वर्षीय श्रीमति सोनाली शांडिल्य ने माढ़ोताल में एक लिखित शिकायत की, कि उसकी शादी 11 मार्च 2024 को शुभम शांडिल्य से हुयी थी। शादी में उसके माता पिता ने गृहस्थी का सामान, गहने तथा 3 लाख रूपये नगद ससुराल वालों को दिये थे शादी के बाद से पति शुभम और ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया था। उसकी शादी के बाद से ससुराल वाले घर में सास, ससुर, देवर, जेठ जेठानी एवं मामी सास का लड़का करन सिंगारे उसे परेशान करने लगे। पति माता पिता से बात करने तथा मायके जाने से मना करते थे। ससुर हेमंत शांडिल्य उसके माता पिता और उसे गालियां देते है और देवर करन सिंगारे उसके ऊपर दिन भर नजर रखता था। ससुराल वाले मायके से कम दहेज मिलने का कहते हुए मायके से 20 लाख और फॉरच्युनर कार की मांग करते उसे प्रताड़ित करते। यह बाते उसने अपने मायके में बताई तो गत 7 अगस्त 2024 को उसके माता पिता उसकी ससुराल आये तो पूरे ससुराल वालों ने उसके माता पिता के साथ गाली गलौज किये और जेठ सुनील शांडिल्य ने उसके पिता के साथ मारपीट कर माता पिता और सोनाली को घर से बाहर निकाल दिया। फिर उसके माता पिता 29 नवंबर 2024 धनतेरस के दिन उसे लेकर ससुराल छोड़ने आये तो ससुराल वालों ने और पति ने धक्का देकर बाहर निकाल दिया और मायके से रूपये और कार लेकर आने का कहते हुए देवर अनिल ने गेट में ताला लगा दिया और धमकी दी कि शादी में मिला सामान वापस नहीं करेंगे।

# दुल्हन के चढ़ावे की पेटी में रखे लाखों के जेवर ले भागे चोर

**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत आगा लॉन में चल रहे एक विवाह समारोह के दौरान दुल्हन के लिए चढ़ावे की पेटी अज्ञात चोर मारुति वेन से चोरी कर ले गए। पेटी में करीब 3 लाख रुपए के जेवर रखे थे। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गली नंबर 4 आगा चौक निवासी 23 वर्षीय वेन चालक रितेश साहू के बड़े भाई की शादी गत 21 जनवरी को आगा लॉन में थी। उसके पिताजी ने दुल्हन को चढ़ाने के लिए जो जेवर बनवाये थे वह पेटी में रखे थे और पेटी वैन क्रमांक एमपी 20 बीए 2861 में रखी थी जो आगा लॉन के दूसरे गेट पर खड़ी थी। उसके पिता जब बाजार से वापस आए तो देखा कि वेन का गेट खुला था, वेन के अंदर जेवर वाली पेटी गायब थी। पेटी में सोने का हार, मंगलसूत्र, हाथ के कंगन, बेंदी तथा चांदी की पायल, करधन, और एक साड़ी रखी थी। पुलिस वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# रेल कोच रेस्टोरेंट में मिली कई खामियां

## निरीक्षण में लगाया 10 हजार का जुर्माना

जबलपुर।

रेल कोच रेस्टोरेंट में एक नहीं कई तरह की खामियां नजर आई। कोच रेस्टोरेंट कर्मचारियों के पास न तो कोई वैधानिक परिचय पत्र था और न ही हेल्थ कार्ड था और मौके पर उनसे अग्निशमन यंत्र भी नहीं चलाते बना। ये तमाम खामियां उस वक्त उजागर हुई, जब वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता ने जबलपुर रेल कोच रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कमियाँ पाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप अनुबंधकर्ता पर 10 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाई गई और आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए।



आगजनी की घटना को देखते हुए जबलपुर रेल मंडल में अधिकारी सतर्क हो गए हैं। जबलपुर मंडल के वाणिज्य विभाग के दल ने मुख्य स्टेशन के माल गोदाम चौक की ओर स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट की औचक जांच की। यहां रेस्टोरेंट के कर्मचारी निर्धारित गणवेश में नहीं मिले। रेल कोच रेस्टोरेंट में अग्निदुर्घटना से निपटने की आपात व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। वहां रखी अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की अंतिम तिथि को जांच। गड़बड़ी पर 10 हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया गया है। श्री गुप्ता ने रेस्टोरेंट कर्मचारियों से अग्निशमन यंत्र चलाकर दिखाने को कहा, जिसमें वे विफल रहे। अग्नि दुर्घटना की स्थिति में आपदा से बचाव के उपायों को लेकर कर्मचारियों से कुछ सवाल किए, जिनका वे संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सके। रेस्टोरेंट में कार्यरत किसी भी कर्मचारी के पास वैध पहचान पत्र या मेडिकल कार्ड नहीं था, जो मानक परिचालन प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। खाना बनाने वाले शेफ बिना दस्ताने पहने काम करते पाए गए, जो खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। पैकेज्ड पेयजल के डिब्बे टेकअवे काउंटर के सामने रखे गए थे, जिससे रेस्टोरेंट की उपस्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। श्री गुप्ता ने अनुबंधकर्ता को इन कमियों के शीघ्र सुधार हेतु निर्देशित किया है और भविष्य में ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए कड़ी निगरानी रखने का आदेश दिया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240